Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



खेल

**राजस्थान के कोच बन सकते हैं राहुल द्रविड़, श्रीलंकाई दिग्गज को कर सकते है रिप्लेस**



देश

**विपक्षी गठबंधन के सर्वे ने चौंकाया -महाराष्ट्र में 165 सीटें जीत सकता है एमवीए**

शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 11 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 242 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

# एलआईसी को 10461 करोड़ रुपये का मुनाफा, साल भर में 75% चढ़ गए हैं बीमा कंपनी के शेयर

- 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान व्यक्तिगत सेगमेंट में कुल 35,65,519 पॉलिसियां बेची गईं, जबकि 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान 32,16,301 पॉलिसियां बेची गईं, जो 10.86 % की वृद्धि दर्शाती है
- एलआईसी के पास 14.1 लाख से ज़्यादा एजेंट हैं, जो दुनिया भर की बीमा कंपनियों में सबसे बड़ी एजेंसी फोर्स में से एक है




एजेंसी | मुंबई

एलआईसी को जून 2024 तिमाही में 10461 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले बीमा कंपनी का मुनाफा 10% बढ़ा है। कंपनी के शेयर एक साल में 75% चढ़ गए हैं। सरकारी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलाईसी) को तगड़ा मुनाफा हुआ है। एलआईसी को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 10461 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले एलआईसी का प्रॉफिट 10 पर्सेंट बढ़ा है। बीमा कंपनी को पिछले साल की पहली तिमाही में 9544 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। एलआईसी के शेयर गुरुवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 1125.70 रुपये पर बंद हुए हैं।

### 210910 करोड़ रुपये रही बीमा कंपनी की टोटल इनकम

एलआईसी की टोटल इनकम जून 2024 तिमाही में 2,10,910 करोड़ रुपये रही है। एक साल पहले की समान अवधि में एलआईसी की टोटल इनकम 1,88,749 करोड़ रुपये थी। अप्रैल-जून 2024 तिमाही के दौरान बीमा कंपनी एलआईसी का फर्स्ट ईयर प्रीमियम बढ़कर 7470 करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 6811 करोड़ रुपये था। बीमा कंपनी ने जून 2024 तिमाही में रिन्यूवल प्रीमियम्स से 56429 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 53,638 करोड़ रुपये थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एलआईसी की इनवेस्टमेंट्स से नेट इनकम बढ़कर 96183 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 90,309 करोड़ रुपये थी।

### एक साल में 75% उछल गए एलाईसी के शेयर

लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलाईसी) के शेयरों में पिछले एक साल में 75 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर पिछले साल 8 अगस्त को 643.70 रुपये पर थे। बीमा कंपनी के शेयर 8 अगस्त 2024 को 1125.70 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 9 महीने में बीमा कंपनी एलाईसी के शेयरों में 85 पर्सेंट की तेजी आई है। इस साल अब तक एलआईसी के शेयरों में 31 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयर इस साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2024 को 858.35 रुपये पर थे, जो कि अब 1125.70 रुपये पर आ गए हैं। बीमा कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1221.50 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 597.65 रुपये है।

### एलआईसी की पहली तिमाही में बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 64.02% : सीईओ सिद्धार्थ मोहंती



एलआईसी के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक, सिद्धार्थ महान्ति ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान कंपनी की मजबूत प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस तिमाही में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 64.02% हो गई है, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 61.42% और 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष की 58.87% से अधिक है। मोहंती ने कहा कि 'एलआईसी ने अपने उत्पाद मिश्रण, चैनल मिश्रण और मार्जिन सुधार में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे बाजार में अपनी हिस्सेदारी हासिल करने के लक्ष्य की ओर हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। व्यक्तिगत सेगमेंट में नॉन-पार उत्पादों की हिस्सेदारी में भी तेजी आई है। इस तिमाही में एपीई आधार पर नॉन-पार हिस्सेदारी 23.94% हो गई है, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 10.22% थी। ' एलआईसी ने अपने व्यय अनुपात में भी सुधार किया है, जो इस तिमाही में 98 बीपीएस घटकर 11.87% हो गया है। मोहंती ने कहा, 'हमारा मार्जिन स्थिर है, और हम बीमा पैठ बढ़ाने के अपने लक्ष्य की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। इसके लिए हम नियामक प्राधिकरणों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। 'उन्होंने डिजिटल परिवर्तन की प्रक्रिया का भी उल्लेख किया, जिसके माध्यम से एलआईसी अपने ग्राहकों और भागीदारों को एक सहज अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर है। मोहंती ने एलआईसी के ग्राहकों, शेयरधारकों, वितरण भागीदारों और कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके निरंतर समर्थन से कंपनी भविष्य में भी बेहतर संधारणीय मूल्य बनाने में सक्षम होगी।

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 64,450 | ₹83,100 |

## आज का इतिहास

- 1961 : दादर नगर हवेली का भारत में विलय हुआ और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। गोवा की तरह यह इलाका भी कई साल पुर्तगाली उपनिवेश में रहा था।
- 1778 : दुनिया में जिमनास्टिक्स की नींव रखने वाले जर्मन शिक्षक फ्रेडरिक लुडविग का जन्म हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### पति -पत्नी समेत बच्चों का काटा गला, 3 की मौत

**बेगूसराय (नि.सं.)।** बेगूसराय के बछवाड़ा में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां रसीदपुर पंचायत के वार्ड संख्या 12 में शनिवार की सुबह एक ही परिवार के 3 लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी गई। वहीं बेटे की हालत गंभीर है। जिन लोगों की हत्या हुई उनमें संजीवन सिंह उनकी पत्नी संजीता देवी और 10 साल की बेटी सपना कुमारी हैं। मिली जानकारी के अनुसार, बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रसीदपुर पंचायत के वार्ड संख्या 12 में शनिवार की सुबह पति-पत्नी, पुत्र व पुत्री की धारदार हथियार से गला रेत देने का मामला सामने आया है।

### टीवी सोमनाथन कैबिनेट सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली (ए.)।** नयी दिल्ली, सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस)के वरिष्ठ अधिकारी टीवी सोमनाथन को कैबिनेट सचिव नियुक्त किये जाने का निर्णय किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के शनिवार को जारी सर्कुलर के अनुसार, श्री सोमनाथन इस माह के अंत में अपना नया कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### सिपाही भर्ती परीक्षा से एक दिन पहले होटलों में छापामारी

**हाजीपुर (नि.सं.)।** सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर हाजीपुर में शनिवार को रेलवे स्टेशन के नजदीक लगभग आधा दर्जन होटलों में छापामारी की गई। प्रशिक्षु डीएसपी के नेतृत्व में महिला थाना और नगर थाना की पुलिस ने यह कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने करीब डेढ़ दर्जन युवक-युवती और महिलाओं को हिरासत में लिया। पुलिस उन्हें थाने लेकर चली गई है। वहीं, पुलिस ने होटल से कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किए हैं। हालांकि, इस संबंध में अब तक पुलिस की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमति शाह ने चीनी उद्योग संगोष्ठी समारोह में हुए शामिल, कहा

# चीनी मिलें बनें आधुनिक, दो साल में बढ़ाएं 25 फीसदी उत्पादन : अमित शाह

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गन्ना मिलों को नसीहत देते हुए कहा है कि जहां जरूरत हो तो सरकार से सहायता लें, पर स्वयं को आधुनिक बनाएं और दो साल में 25 फीसदी उत्पादन बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त करें



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गन्ना मिलों को आधुनिक बनकर उत्पादन बढ़ाने की नसीहत दी है। केंद्रीय मंत्री ने चीनी मिलों से कहा, जहां जरूरत हो सरकार की सहायता लें, पर खुद को आधुनिक बनाएं और दो साल में 25 फीसदी उत्पादन बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त करें। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने ये बातें शनिवार को चीनी उद्योग संगोष्ठी व राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही हैं। उन्होंने कहा, बीते 10 सालों में देश के हर क्षेत्र में प्रगति हुई है। शुगर इंडस्ट्री में भी बहुत प्रगति हुई है। गन्ने का एरिया, जो 2013-14 में 50 लाख हेक्टेयर था, वह बढ़कर आज 60 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने में हमें सफलता मिली है।

शाह ने कहा कि हमें चीनी मिलों को व्यावहारिक बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार, मल्टीडायमेंशनल बायोफ्यूल प्रोडक्शन प्लांट लगाने के लिए हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि नेफेड सभी किसानों का 100 प्रतिशत मक्का और दलहन एमएसपी पर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि ही हमारा लक्ष्य है। श्री शाह ने कहा कि मक्का और बांस से बनने वाले इथेनॉल के लिए सरकार ने 71.86 रूपए प्रति लीटर की उच्चतम दर रखी है।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, दो साल में देश की सभी सहकारी चीनी मिलें इथेनॉल उत्पादन करने वाली हो जाएंगी। इस लक्ष्य के साथ नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (एनएफसीएसएफ) को आगे बढ़ना चाहिए। आज देश में बायोफ्यूल के रूप में इथेनॉल बहुत महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। यह एनर्जी सिक्योरिटी, एनवॉयरनमेंट सस्टेनेबिलिटी, इकनॉमिक ग्रोथ और रूरल एम्पॉवरमेंट को बढ़ावा दे रहा है। वर्ष 2030 तक 20 फीसदी इथेनॉल ब्लेंडिंग करने का जो लक्ष्य पीएम मोदी ने रखा है, उस लक्ष्य को हम 2025-26 में ही हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि लगभग 5000 करोड़ लीटर पेट्रोल की बिक्री में से इथेनॉल की ज़रूरत 1 हज़ार करोड़ लीटर हो जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, पीएम मोदी ने जी-20 की मीटिंग में ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस बनाया और इसका हेडक्वार्टर गुरुग्राम में बनाकर भारत को ग्लोबल बायोफ्यूल की कैपिटल बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा, वर्ष 2013-14 में शुगर इंडस्ट्री से मात्र 38 करोड़ लीटर इथेनॉल की प्राप्ति होती थी, जो आज बढ़कर लगभग 370 करोड़ लीटर हो गई है। इसका सीधा फायदा किसानों के पास जाता है।

### किसानों के बैंक खाते में पहुंचे चीनी उत्पादन का मुनाफा

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, चीनी उत्पादन का सारा मुनाफा किसान के बैंक अकाउंट में पहुंचे, यह हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा, 10 साल के रोडमैप के तहत देशभर में गन्ना बुवाई के क्षेत्र की मैपिंग कर कोऑपरेटिव चीनी मिल की संख्या बढ़ानी चाहिए। जब बायोफ्यूल अलायंस के जरिए दुनियाभर में जागरूकता पैदा होगी तब इसका सबसे बड़ा फायदा हमारे गन्ना किसानों और चीनी मिलों को होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सहकारिता के माध्यम से आर्थिक विकास के साथ-साथ ग्रामीण सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दिया है।

### प्रतिभागी चीनी मिलों को दक्षता पुरस्कार

केंद्रीय मंत्री शाह ने एनएफसीएसएफ द्वारा गठित 'दक्षता पुरस्कार' प्रतिभागी चीनी मिलों को देकर सम्मानित भी किया। एनएफसीएसएफ द्वारा गठित 'दक्षता पुरस्कार' सहकारी चीनी मिलों के कामकाज का मूल्यांकन करने का एक जरिया है। विशेषज्ञ समिति ने प्रतिभागी मिलों का मूल्यांकन कर वर्ष 2022-23 के लिए कुल 21 पुरस्कारों को अंतिम रूप दिया है।

भागलपुर, गया और पटना में नई परियोजनाओं को मिली मंजूरी

# बिहार में कपड़ा उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

निज संवाददाता | पटना

बिहार में उद्योग के विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने राज्य में कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस बात की जानकारी राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने दी है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने 14 जून 2024 को पत्र के माध्यम से बिहार में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार से परियोजनाएं मांग की थीं। जिसके बाद केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय ने भागलपुर जिले में रेशम उद्योग के विकास के लिए परियोजना, टेकारी-बेलागंज (गया) और मीराचक (भागलपुर) में लघु क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत परियोजना को स्वीकृति दी गई है। साथ ही राज्य हस्तकरघा एक्सपो, पटना और राज्य हस्तकरघा एक्सपो, गया के आयोजन को मंजूरी दी है।

### रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के इस फैसले से राज्य में निवेश बढ़ेगा, जिससे कपड़ा उद्योग को मजबूती मिलेगी। साथ ही राज्य में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इससे पहले केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा को पत्र लिखकर इन परियोजनाओं की मंजूरी की जानकारी दी थी। गिरिराज सिंह ने इस पत्र के माध्यम से इन परियोजनाओं की स्वीकृति की जानकारी देने के साथ -साथ 17-18 जुलाई 2024 को पटना के ताज होटल में आयोजित इन्वेस्टर मीट के सफल आयोजन के लिए भी बधाई दी और कहा कि आपके नेतृत्व में बिहार में कपड़ा उद्योग नई ऊंचाइयों को छूएगा। बता दें कि इस सम्मेलन में टेक्सटाईल इंडस्ट्री से जुड़ी देश की कई नामी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।



### बांग्लादेश की टेक्सटाइल कंपनियों पर बिहार की नजर

बांग्लादेश में फिलहाल जो हालात हैं, उसे केंद्र में रखकर यह चर्चा है कि कई कंपनियां अपनी फैक्ट्री को भारत में शिफ्ट कर सकती हैं। ऐसे में बिहार इसे एक अवसर के रूप में देख रहा। इस संबंध में बड़े संगठनों के माध्यम से अनौपचारिक बातचीत शुरू की गई है। बांग्लादेश के मैन्यूफैक्चरिंग हब से बिहार की सड़क मार्ग से दूरी एक हजार किमी से भी कम है। हाल ही में जब बिहार में टेक्सटाइल इंवेस्टर्स मीट का आयोजन हुआ था तब यहां अपरेल कांउसिल आफ इंडिया की बोर्ड मीटिंग हुई थी। इस वजह से अपरेल कांउसिल आफ इंडिया बिहार में टेक्सटाइल क्षेत्र में दी जा रही सुविधाओं से पूरी तरह से परिचित है। इस संबंध में मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार के स्तर पर अपरेल कांउसिल आफ इंडिया को कहा गया है कि टेक्सटाइल क्षेत्र की कोई कंपनी बांग्लादेश से अपना पूरा सिस्टम भारत में स्थानांतरित करना चाहती है तो बिहार को इस लीड्स के बारे में तुरंत बताया जाए। बिहार में ऐसी कंपनियों के लिए रेड कार्पेट स्वागत है। इसी तरह का संदेश कनफेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के आला पदाधिकारियों को भी दिया गया है। यह बताया जा रहा कि बांग्लादेश के कारोबारी बिहार में मिल रही सुविधाओं से पूरी तरह से अवगत हैं। बिहार के संबंधित अधिकारी पिछले साल बिहार में निवेश की संभावना पर बांग्लादेश के उद्यमियों के साथ बात करने वहां जा चुके हैं।

विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी में नीतीश कुमार

# 20 सूत्रीय कमेटी का किया गठन, सहयोगी दलों के नेताओं को भी मिली जगह

निज संवाददाता | पटना

सीएम नीतीश कुमार विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। एनडीए नेताओं को बीस सूत्रीय कमेटी में सेट किया गया है। जदयू, बीजेपी के अलावा चिराग पासवान के नेताओं को भी कमेटी में जगह दी गई है। नीतीश सरकार ने बिहार के सभी 38 जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन यानी 20 सूत्रीय समिति का गठन किया गया है। इसको लेकर कैबिनेट सचिवालय ने अधिसूचना जारी की है।कैबिनेट सचिवालय ने जिलावार अधिसूचना जारी की है।

दरअसल, इससे पहले जनवरी के अंत में एनडीए सरकार के गठन के साथ ही महागठबंधन सरकार में बनी कमेटियां भंग कर दी गई थी। इसके बाद हर जिले में सत्ताधारी दलों से जुड़े राजनैतिक कार्यकर्ताओं को सेट किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक सभी जिलों में प्रभारी मंत्री



कमेटी के अध्यक्ष बनाए गए हैं। सीएम नीतीश कुमार ने बीस सूत्री कमेटी में एनडीए के नेताओं और कार्यकर्ताओं को एडजस्ट किया है। भाजपा, जदयू समेत अन्य सहयोगी दल हम और लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्षों को बतौर उपाध्यक्ष की कुर्सी दी गई है। हर जिला समिति में एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत कुल 25 सदस्य मनोनीत किए गए हैं। जिले के कमेटी में सांसद, विधायक, विधान पार्षद, जिला परिषद के अध्यक्ष, नगर निगम के महापौर को सचिव तो जिलाधिकारी को कमेटी सचिव बनाया गया है।

# भारत गौरव ट्रेन यात्रा : धार्मिक स्थलों की भव्य यात्रा किराए में 33 प्रतिशत छूट और विशेष सुविधाएं

नई दिल्ली | एजेंसी

भारतीय रेलवे की कैटरिंग और टूरिज्म शाखा, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी)पटना के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 'भारत गौरव ट्रेन' की शुरुआत की जा रही है, जो विशेष रूप से धार्मिक तीर्थ यात्रियों के लिए है। यह ट्रेन 24 अगस्त 2024 को बेतिया स्टेशन से प्रारंभ होगी और नौ सितंबर को वापस लौटेगी। यह यात्रा देश के पांच प्रमुख ज्योतिर्लिंगों और तीन अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के लिए आयोजित की गई है।

भारत गौरव ट्रेन, बेतिया, सुगौली, रक्सौल, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर जंक्शन, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, दिलदार नगर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से होते हुए तीर्थ यात्रियों को ट्रेन में सवार होने की सुविधा देगी। इसके बाद यह ट्रेन श्रद्धालुओं को उज्जैन में श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारका में श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और श्री द्वारिकाधीश मंदिर, सोमनाथ में श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, शिर्डी में साई बाबा के दर्शन और नासिक में श्री त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग और शनि शिंगणापुर मंदिर के दर्शन कराएगी। यह यात्रा तीन सितंबर 2024 को समाप्त होगी।

आईआरसीटीसी द्वारा दी जा रही लगभग 33% किराए की रियायत के कारण, यह यात्रा तीर्थ यात्रियों के लिए और भी आकर्षक हो गई है। मुख्य पर्यवेक्षक, संजीव कुमार ने जानकारी दी कि इस ट्रेन में कुल 780 यात्रियों की क्षमता है, जिसमें 660 सीटें स्लीपर क्लास में और 120 सीटें एसी क्लास में हैं। अभी तक लगभग 300 यात्रियों ने अपनी बुकिंग कर ली है।




### बुकिंग और शुल्क

भारत गौरव ट्रेन में दो श्रेणियों में यात्रा की व्यवस्था की गई है। स्लीपर क्लास की यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति शुल्क 20,899 रुपये है, जबकि तीन एसी क्लास के लिए शुल्क 35,795 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। यात्रियों को श्रेणी के अनुसार वातानुकूलित और गैर-वातानुकूलित होटलों में रात्रि विश्राम की सुविधा मिलेगी।

# बिहार में 18380 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग



निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने केंद्र से 18 हजार 380 नए आंगनबाड़ी सेंटर बनाए जाने की मांग की है। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के समक्ष यह मांग रखी है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। जिसमें सभी राज्यों के समाज कल्याण मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए।

इस दौरान मंत्री मदन सहनी ने 18,380 नए आंगनबाड़ी केंद्र, पोषाहार की राशि बढ़ाने, 10 जिलों में वन स्टॉप सेंटर का भवन निर्माण और संचालन सहित कई मांगें रखी। बिहार में फिलहाल 1 लाख 15 हजार आंगनबाड़ी केंद्र है। इन सेंटर पर 42 लाख बच्चे रजिस्टर्ड हैं।

मदन सहनी ने बताया है कि केंद्रीय मंत्री ने बिहार सरकार की मांग को गंभीरता से लेते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। जल्द ही केंद्रीय मंत्रालय के साथ मीटिंग होगी। जिसमें बिहार सरकार समाज कल्याण विभाग के मंत्री और अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने आगे कहा कि बिहार के 10 जिलों में वन स्टॉप सेंटर की सुविधा नहीं है।

भूस्खलन की वजह से अब तक 400 से ज्यादा लोगों की हुई थी मौत

# भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का पीएम ने किया हवाई सर्वेक्षण

- पीड़ितों से भी करेंगे मुलाकात
- पीएम मोदी ने पुंचिरिमट्टम, मुंडक्कई और चूरलमाला का किया दौरा

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह केरल पहुंचे। प्रधानमंत्री वायनाड में भूस्खलन प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं। वो पीड़ितों से



मुलाकात भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी राहत शिविर में जाएंगे, जहां वर्तमान में पीडित रह रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पीएम अस्पताल का भी दौरा करेंगे। केरल पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। पीएम मोदी के साथ सीएम पिनाराई विजयन भी मौजूद थे। उन्होंने पुंचिरिमट्टम, मुंडक्कई और चूरलमाला के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। 30 जुलाई को वायनाड के चूरलमाला और मुंडक्कई में तेज बारिश के बाद भूस्खलन हुआ था। इस आपदा में 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

# ईथनोल से जुड़ी प्रधानमंत्री जी-वन योजना में संशोधन को मंजूरी

एजेंसी | नयी दिल्ली

जैव ईंधन के क्षेत्र में नवीनतम विकास के साथ तालमेल रखने और अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रधानमंत्री जी - वन योजना को संशोधित करने और इसकी अवधि को अब पांच वर्ष और बढ़ाने को मंजूरी दी गयी है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की हुयी बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि संशोधित प्रधान मंत्री जी-वन योजना को मंजूरी दी गयी है। संशोधित योजना योजना के कार्यान्वयन



की समयसीमा को पाँच (5) वर्ष यानी 2028-29 तक बढ़ाती है और इसके दायरे में लिग्नोसेल्यूलोसिक फीडस्टॉक यानी कृषि और वानिकी अवशेष, औद्योगिक अपशिष्ट, संश्लेषण (सिन) गैस, शैवाल आदि से उत्पादित उन्नत जैव ईंधन शामिल हैं। "बोल्ट ऑन" प्लांट और "ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट" भी अब अपने अनुभव का लाभ उठाने और अपनी व्यवहार्यता में सुधार करने के लिए पात्र होंगे।

उन्होंने कहा कि कई तकनीकों और कई फीडस्टॉक्स को बढ़ावा देने के लिए, अब इस क्षेत्र में नई तकनीकों और नवाचारों के साथ परियोजना प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उनके कृषि अवशेषों के लिए लाभकारी आय प्रदान करना, पर्यावरण प्रदूषण को दूर करना, स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करना और भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में योगदान देना है। यह उन्नत जैव ईंधन प्रौद्योगिकियों के विकास का भी समर्थन करता है और मेक इन इंडिया मिशन को बढ़ावा देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 अगस्त को होगा फुटबॉल का फाइनल मैच

**गया।** बोधगया के कालचक्र मैदान में बोधिसत्व फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित सी प्रसाद मेवा लाल मेमोरियल अंडर 19 फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच 15 अगस्त को खेला जाएगा। इसकी जानकारी बोधिसत्व के फाउंडर व टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष आर.के.सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि दोनों सेमीफाइनल मैच पूरे हो गए है। फाइनल में राज एफसी टिकारी और एफसी मंझौली के बीच खिताबी मुकाबला होगा।

### ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 74.62 लाख का जुर्माना

**गया।** अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था सहित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पुलिस ने 949 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वहीं वाहन जांच में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों से 74 लाख 62 हजार पांच सौ रुपए जुर्माना वसूला गया है। अभियान के दौरान हत्याकांड में 24, दहेज हत्या में नौ, डकैती कांड में दो, लूट कांड में 12, गृहभेदन कांड में 08, चोरी/वाहन चोरी कांड में 32, एससी/एसटी कांड में 24, हत्या के प्रयास में 68 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

### मां का दूध शिशुओं के लिए अतिआवश्यक

**गया।** शहर के गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. बाउरी, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ शगुफ्ता अंसारी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने संयुक्त रूप से किया। प्रमुख वक्ता के रूप में पहुंची स्त्री रोग विशेषज्ञ सह आइवीएफ विशेषज्ञ डॉ. वर्षा श्रीवास्तव का स्वागत पौधा देकर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ बाउरी ने मां के दूध को शिशु के सर्वांगीण विकास के लिए अतिआवश्यक बताया। उन्होंने छात्राओं को मां द्वारा शिशु को नियमित रूप से स्तनपान कराए जाने के फायदे से अवगत कराया। कहा कि शिशु को जन्म से छह महीने तक सिर्फ मां का दूध ही दिया जाना चाहिए।

### ट्रक से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** गिरियक थाना अंतर्गत आदमपुर गांव के शिव मंदिर के समीप गुरुवार की रात ट्रक से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक सतौआ गांव निवासी साबिर अंसारी का 28 वर्षीय पुत्र रिजवान अंसारी है। घटना के बाद ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गया। परिवार ने बताया कि रात में युवक गिरियक बाजार से गांव लौट रहा था। उसी दौरान पीछे से ट्रक, बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से जख्मी को इलाज के लिए विम्स ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया। ट्रक जब्त कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### बाइक से गिरकर महिला हुई जख्मी, पटना रेफर

**रहुई।** खिरौना मोड़ के एक निजी होटल के समीप बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग 78 पर बाइक से गिरकर एक महिला जख्मी हो गई। जख्मी महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से भी बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। जख्मी महिला देकपुरा गांव निवासी रानी कुमारी है।

### आर्म्स एक्ट में 4 गिरफ्तार

**रहुई।** स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से अलग-अलग मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मोहिद्दीपुर गांव का संजय रविदास आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहा था। फरीदा गांव का शंभू पासवान मारपीट के मामले में पिछले 15 वर्षों से फरार चल रहा था। जबकि देकपुरा गांव के गुड्डू कुमार और मई गांव के कमलेश पंडित को शराब के नशे की हालत में गिरफ्तार कर जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद गुरुवार को न्यायालय के सुपूर्द कर दिया गया ।

### अलग-अलग गांवों से पांच नशेड़ी की हुई गिरफ्तारी

**सिलाव।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव के पांच लोगों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मो. इरफान खान ने बताया कि उन्हें गुप्त सुचना मिली थी कि मितमां रेलवे गुमटी के पास कुछ लोग नशे की हालत में हो हल्ला कर रहे हैं। पुलिस ने वहां पहुंचकर मितमां के मिथलेश कुमार,पथलाटीला के बाढ़न बिंद और दिनेश बिंद, सिलाव अम्बेडकर नगर के रामबाबू रविदास एवं पाकी गांव के हजारी राम को नशे की हालत में गिरफ्तार कर थाने लाया। जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। सभी पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया गया।

### अवैध भट्ठा संचालक पर केस दर्ज

**सिलाव।** खान निरीक्षक आकांक्षा गुप्ता ने सिलाव थाना में अवैध भट्ठा संचालक पर केस दर्ज कराया। प्राथमिकी में गंधुपुर गांव स्थित बीबीएन भट्ठा संचालक पांकी निवासी कृष्ण मुरारी शर्मा को आरोपित किया गया है। संचालक बिना समेकित स्वामित्व जमा किए भट्ठा का संचालन कर रहे थे। मिट्टी खनन और पर्यावरणीय स्वीकृति भी राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद से नहीं लिया। थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### जन आंदोलनों की ज्वार में बह जाएगी मोदी सरकार

**बिहारशरीफ।** संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रिय श्रमिक संगठनों के देशव्यापी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शहर के हास्पिटल मोड़ पर विरोध मार्च और सभा की गई। इस अवसर पर भाकपा माले केंद्रिय कमिटी के सदस्य व पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि आज कारपोरेट - भारत छोड़ो, भारत सरकार डब्ल्यूटीओ से बाहर आओ का नारा पूरे देश में गूंज रहा है। किसानों को एमएसपी देना होगा । उन्होंने कहा कि कर्ज मुक्ति, खाद्य सुरक्षा के मुद्दे पर आन्दोलन और तेज होगा । लम्बे संघर्षों से हासिल श्रम कानूनों को रद्द कर चार श्रम कोड लागू करना केन्द्र की मोदी सरकार को महंगा पड़ेगा। जन आन्दोलनों के ज्वार में मोदी सरकार बह जाएगी। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव पाल बिहारी लाल ने किया। कार्यक्रम में जिला सचिव सुरेन्द्र राम, अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष मुनीलाल यादव, हिलसा अध्यक्ष दिनेश यादव, किसान सभा के जिला सचिव रवीन्द्र सिंह, सीपीएम के जिला सचिव जनार्दन प्रसाद, एसएफआई की राज्याध्यक्ष कान्ति कुमारी, किसान नेता बखोरी प्रसाद , रामप्रीत केवट , सुनील कुमार, अवधेश प्रसाद सिंह, ठेला फुटपाथ वेंडर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष किशोर साव, मुन्ना कुमार आदि शामिल थे। इस कार्यक्रम के बाद संदीप सौरभ इमादपुर जाकर हास्पिटल मोड़पर ताड़ के पेड़ से दब कर दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दुर्घटना में मृत नौजवानों सुजाउल और शहबाज के परिजनों से भी मिलकर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर कांग्रेस नेता फवाद अंसारी मौजूद थे।

### प्रदेश प्रवक्ता को किया सम्मानित

**बिहारशरीफ।** समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल ने युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता युवा ओम प्रकाश को सम्मानित किया है। सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश ने पार्टी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व जिले में सदस्यता अभियान को बड़ी सफलता मिली है। 1200 नए सदस्य शामिल हुए हैं। नालंदा में पार्टी की जड़ें और मजबूत हुई हैं। ओम प्रकाश ने कहा कि यह अकेले का नहीं हैल, बल्कि उन सभी का सम्मान है जिन्होंने इस अभियान में साथ दिया।

# नालंदा में वज्रपात से किसान की मौत

## बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे छिपे थे





निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मामला बेन थाना क्षेत्र के लालवन विगहा खंधा का है। मृतक की पहचान लालवन विगहा गांव निवासी राजकिशोर प्रसाद के बेटे राजबल्लव कुमार (35) के रूप में की गई है।दरअसल राजबल्लव बेन बाजार से खाद लेकर घर लौट रहे थे। इसी बीच तेज बारिश आ गई। वह पीपल के पेड़ के नीचे जाकर छुप गए, जहां बारिश के बीच हुए वज्रपात की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही मौत हो गई। राजबल्लव कुमार खेती करते थे। इस मामले में बेन थाना अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि वज्रपात की चपेट में आने से किसान की मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया । यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। जल्द ही प्रावधान के अनुसार आपदा कोष के तहत मृतक के आश्रितों को सरकारी सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी।

**क्या बोली पुलिसः** वहीं इस मामले में बेन थाना अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि वज्रपात की चपेट में आने से किसान की मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। जल्द ही प्रावधान के अनुसार आपदा के तहत मृतक के आश्रितों को सरकारी सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी।

# शहर में आज और कल बिजली रहेगी बाधित

निज संवाददाता। गया

गया शहर के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में 10 और 11 अगस्त को सुबह 10 बजे से लेकर 1 बजे तक और 2 बजे लेकर 5 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। बिजली विभाग की ओर से जानकारी दी गई है। बताया गया है कि करीब 6 घण्टे तक बिजली की सप्लाई पितृपक्ष मेला क्षेत्र के इलाकों में बाधित रहेगी। मेंटेनेंस और पेड़ों की छंटाई होगी। नई सड़क, रामसागर, नवागढ़ी, नादरागंज, बंगाली आश्रम दक्षिण दरवाजा, चांदचौरा, विष्णुपद मन्दिर और उसके आसपास के इलाके में बिजली गुल रहेगी। ये सभी इलाके पितृपक्ष मेला क्षेत्र के तहत आते हैं। मेला क्षेत्र में घनी आबादी निवास करती है। पुराना गया मूल रूप से इन्हीं इलाकों से जाना जाता है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होंगे।



**बिजली के खंभे भी लगाए जाएंगेः** बिजली विभाग के इंजीनियर प्रेम कुमार मणि ने बताया कि 17 सितंबर से राजकीय पितृपक्ष मेला शुरू होने जा रहा है। इस दौरान बीजली को लेकर तीर्थ यात्रियों और स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए तैयारी की जा रही है। बिजली बाधित रहने के दौरान एचटी लाइन, ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस और पेड़ों की ट्रिमिंग की जाएगी। इसके अलावा पितृपक्ष मेला क्षेत्र में बिजली के पोल भी गाड़े जाने हैं। 11 हजार केवी के कंडक्टर भी लगाए जाने है। कवर्ड वायर लगाने की भी योजना है। कवर्ड वायर का वजन सामान्य से ज्यादा होता है। यही वजह है कि पोल गाड़े जाएंगे ताकि कवर्ड वायर झूले नहीं।

# 11 को सिपाही भर्ती परीक्षा, 25 केन्द्रों पर 18390 परीक्षार्थी होंगे शामिल



निज संवाददाता। बिहारशरीफ

सिपाही भर्ती परीक्षा रविवार को होगी। जिला मुख्यालय में 25 केंद्र बनाए गए है,जहां 18390 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को शहर के टाउन हॉल में परीक्षा को लेकर संयुक्त ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग में एडीएम मंजीत कुमार ने सभी पदाधिकारियों को केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा परीक्षा के संचालन को लेकर निर्गत निर्देशों का अक्षरशः: अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर पूर्वाह्न 9 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया।परीक्षा एकल पाली में 12 बजे मध्याह्न से 2 बजे अपराह्न तक आयोजित की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में परीक्षा हॉल व कक्ष में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं है। साथ ही किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गजट के साथ परीक्षार्थियों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

**5 वरीय दंडाधिकारी और 12 गश्ती दल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्तः** प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र ऑब्जर्वर एवं दो-दो स्टेटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त वातावरण में आयोजन को लेकर 12 गश्ती दल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। साथ ही 5 वरीय पदाधिकारी उड़नदस्ता दल दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

# डाक विभाग की पहल से घर-घर पहुंचेगा राष्ट्रीय गौरव ऑनलाइन खरीदारी के लिए पोर्टल पर कर सकते हैं विजिट

निज संवाददाता। नालंदा

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी "हर घर तिरंगा" अभियान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने एक अभिनव पहल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत, देश के हर नागरिक को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का सुगम अवसर प्रदान किया जा रहा है। नालंदा के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की हमारा लक्ष्य है कि देश का हर घर तिरंगे से सजे। इसी उद्देश्य से हमने तिरंगे को मात्र 25 रुपए की किफायती कीमत पर उपलब्ध कराया है। उन्होंने आगे बताया कि लोग अपने नजदीकी डाकघर से या फिर घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से भी झंडे की खरीदारी कर सकते हैं। ऑनलाइन खरीदारी के लिए।www. epostofffice.gov.in पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। यह सुविधा उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है जो समय की कमी या अन्य कारणों से डाकघर तक नहीं पहुंच सकते। राष्ट्रीय ध्वज का आकार 20 इंच x 30 इंच निर्धारित किया गया है, जो कि एक आम घर के लिए उपयुक्त है। महत्वपूर्ण बात यह है कि तिरंगे पर कोई अतिरिक्त कर (जीएसटी) नहीं लगाया गया है, जिससे यह हर वर्ग के लोगों की पहुंच में है।



**डिलीवरी पूरी तरह निःशुल्कः** डाक विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि झंडे की डिलीवरी पूरी तरह निःशुल्क हो। श्री कुमार ने इस संबंध में कहा, "हमारा मानना है कि राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक को घर-घर तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। इसलिए हमने किसी भी ऑर्डर पर डिलीवरी शुल्क नहीं रखा है।"इस अभियान की सफलता में डाक विभाग के कर्मचारियों की भूमिका अहम है। डाकपाल श्री राजीव रंजन कुमार ने बताया, "हम सभी इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक यह संदेश पहुंचे और वे इस अभियान में भाग लें।" "हर घर तिरंगा" अभियान न केवल देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का भी प्रतीक है। डाक विभाग की यह पहल निश्चित रूप से इस अभियान को एक नई दिशा और गति प्रदान करेगी, जिससे देश के कोने-कोने में तिरंगे की गौरवशाली उपस्थिति सुनिश्चित होगी।

# बिहार STF ने 7 कुख्यात अपराधियों को पकड़ा, गया में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा

## ऑटोमेटिक पिस्टल, कट्टा...बंदूक और 256 जिंदा कारतूस बरामद

निज संवाददाता। पटना

बिहार STF ने बड़ी कार्रवाई की है। गया, सारण और गोपालगंज से कुख्यात इनामी हथियार तस्कर समेत 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ऑटोमेटिक पिस्टल, देसी कट्टा, बंदूक, 256 जिंदा कारतूस और हथियार बनाने का सामान बरामद हुआ है।

**इनामी कुख्यात अपराधी जमुई से गिरफ्तारः** एसटीएफ के अधिकारी ने बताया कि गोपालगंज के कुख्यात अपराधी संजय सिंह उर्फ बंटी सिंह को जमुई से गिरफ्तार किया है। जिस पर 50 हजार रुपए का इनाम था। गोपालगंज जिला के अलग-अलग थानों में हत्या, लूट, अपहरण, डकैती और आर्म्स एक्ट के 15 मामले दर्ज हैं। पुलिस कस्टडी से एक बार भाग भी चुका है।



**सारण से मुन्ना मियां गिरोह के 3 सदस्य की गिरफ्तारीः** इसके अलावा सारण मुफस्सिल थाना क्षेत्र से मो. खालिद, सुजित कुमार मिश्रा और बहादुर बहेलिया की गिरफ्तार हुई है। तीनों अपराधियों के पास से 2 देसी कट्टा, 2 पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस, मैगजीन, 3 मोबाइल और एक किलिंग रॉड बरामद हुआ है। सभी कुख्यात अपराधी मुन्ना मियां गिरोह के सदस्य हैं। ये गैंग सीवान और सारण में एक्टिव है।

**गया में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासाः** साथ ही गया में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। STF ने हथियार तस्कर मो. अरमान, मो. गोल्डन और विपिन कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया है। इनके पास हथियारों का जखीरा मिला है। ऑटोमेटिक पिस्टल, देसी कट्टा, देसी बंदूक, 256 जिंदा कारतूस समेत हथियार बनाने का सामान बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद सभी अपराधियों को जेल भेज दिया गया है।

# हिन्दू राष्ट्र के नाम पर निकली पदयात्रा पहुंची गया, 9 जुलाई से हरिद्वार से शुरू हुई है यात्रा

निज संवाददाता। गया

झारखंड के चतरा और हजारीबाग होते हुए छतीसगढ़ को जाएगी पदयात्रा।

देश में हिन्दू राष्ट्र का अलख जगाने के लिए हरिद्वार से निकली पदयात्रा मोक्ष नगरी गया जी पहुंची है। यहां से पदयात्रा झारखंड के चतरा और हजारीबाग होते हुए छतीसगढ़ को जाएगी। इस यात्रा का शुभारंभ 9 जुलाई को हरिद्वार हरकी पैड़ी से हुई थी। बताया गया है कि यह पदयात्रा अब तक पांच राज्यों का भ्रमण करते हुए बिहार के गया पहुंची है। कुल 11 राज्यों की पदयात्रा की जाएगी। अभी 6 राज्य की यात्रा अभी बाकी है।

**पदयात्रा का भारी समर्थनः** पदयात्रा का नेतृत्व कर रही गायिका कवि सिंह का कहना है कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र घोषित हो। इसके लिए यह पदयात्रा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम की प्रेरणा से वह ऐसा कर रही हैं। श्री राम ने ही ऐसा करने का भाव मन मे पैदा किया है और मैं उसे पूरा कर रही हूं। क्योंकि हर भारतीय चाहते हैं कि भारत एक हिन्दूराष्ट्र घोषित हो। यह तभी सम्भव होगा जब भारत का हर एक नागरिक जागरूक हो। उन्हें जागरूक करने के लिए ही यह पदयात्री निकाली गई है। इस पदयात्रा का भारी समर्थन मिल रहा है। हर राज्य के नागरिक चाहते हैं कि उनका यह देश हिन्दू राष्ट्र घोषित हो। पदयात्रा का गया में हिन्दू सन्गठन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। हिन्दू युवा शक्ति संघ के पदाधिकारी छोटू बारीक ने कहा कि हिन्दू राष्ट्र की भावना से यह एक सुंदर पहल है। यह पदयात्रा जन जागरूकता के उद्देश्य से निकाली गई है। सनातनियों को इस पदयात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।



# भ्रष्टाचार का आरोपी चालक सिपाही सेवा से हुआ बर्खास्त

निज संवाददाता। गया

रामपुर थाना में पदस्थापित भ्रष्टाचार का आरोपी चालक/ सिपाही 119 सोनू कुमार शर्मा को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। विभागीय कार्रवाई में आरोप सही पाए जाने पर एसएसपी आशीष भारती ने यह कार्रवाई की है। चालक/ सिपाही पर पैसा लेकर गिट्टी लदे वाहन को छोड़ने का आरोप लगा था। एसएसपी ने बताया कि चालक/ सिपाही पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू की गई थी। जांच के क्रम में चालक/सिपाही 119 सोनू कुमार शर्मा द्वारा रामपुर थाना में पोस्टिंग के दौरान गिट्टी गाड़ी छोड़ने के बदले रिश्वत लेने का आरोप सही पाया गया। इस घटना का ऑडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें सोनू कुमार शर्मा की आवाज की पुष्टि हुई है। बताया कि जांच प्राधिकार द्वारा समर्पित किए गए जांच प्रतिवेदन के आधार पर चालक/सिपाही 119 सोनू कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त करने तथा गया जिला के सभी पंजियों से इनका नाम विलोपित करने का आदेश दिया गया है। गया पुलिस भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।




# 2 अकाउंट से 30 लाख से ज्यादा पैसे गायब बोधगया PNB ब्रांच में हैं दोनों के अकाउंट

निज संवाददाता। गया

बोधगया में PNB ब्रांच के दो अलग-अलग अकाउंट होल्डर के खाते से करीब 30 लाख रुपए साइबर ठगों ने निकाल लिए। ठगे गए दो खाता धारकों में से एक पर्यटकों का गाइड है। वहीं दूसरा व्यक्ति भी बोधगया का रहने वाला है। गाइड का काम करने वाले के खाते से ठगों ने 540 बार ट्रांजैक्शन कर 28 लाख से अधिक रुपए निकाले हैं। इस ठगी के शिकार गाइड कौशल कुमार दंग है। उसका कहना है कि न तो कोई मैसेज आया और न ही कोई ओटीपी फिर भी बैंक से सारे रुपए निकाल लिए गए। रुपए पैसे न तो बैंक में और न ही घर मे सुरक्षित है। कौशल का कहना है कि अचरज की बात यह कि बैंक वाले ब्रांच ऑफिस से लेकर रीजनल ऑफिस और साइबर थाने और फिर लोकल थाने में चक्कर कटवा रहे हैं, लेकिन कार्रवाई क्या हो रही है। इसकी जानकारी नहीं दे रहे हैं। सिर्फ आवेदन पर आवेदन लिया जा रहा है। दूसरे खाताधारी विनय मिश्रा ने बताया कि 2 अगस्त को इंडिया श्रीलंका मैच देखना था। उस दिन मैंने टीवी रिचार्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल किया। कॉल के दौरान मुझे बताया कि रिचार्ज हो जाएगा पर 5 रुपए एक्स्ट्रा चार्ज लगेगा। मैंने ऑनलाइन रिचार्ज किया। उसके बाद मेरा सेविंग अकाउंट बोधगया ब्रांच PNB बैंक से 2 लाख रुपए से ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर लिए गए।



◆ मैनेजर बोले- मल्टीपल ट्रांजैक्शन हुआ है

**मैं आत्महत्या कर लूंगाः** कौशल कुमार ने बताया कि 4 अगस्त को मेरे सिम (एयरटेल) से अचानक नेटवर्क चला जाता है। 4 अगस्त को रविवार होने के कारण मेरा सिम कार्ड चालू नहीं हो पाया। 5 अगस्त को मैंने एयरटेल स्टोर से सिम कार्ड शाम 4 बजे चालू करवाया। सिम कार्ड चालू होने के बाद किसी भी प्रकार का किसी भी बैंक से कोई भी मैसेज नहीं आया है। इस बीच पैसे की जरूरत पड़ी तो ATM से पैसा निकालने गया। वहां जीरो बैलेंस शो किया। उसके बाद PNB बैंक बोधगया ब्रांच में गए। काफी प्रयास के बाद बैंक वालों ने बताया कि साइबर ठगों ने सेविंग एकाउंट से 540 बार में ट्रांजैक्शन कर 28 लाख निकाल लिए। यह सुनकर होश उड़ गए। उस बचत खाते में ज़मीन से जुड़ा पैसा, अर्निंग और साथ में कुछ दूसरे लोगों का भी पैसा जमा था। पीड़ित गाइड ने बताया कि जब ठगों के द्वारा कई बार ट्रांजैक्शन किया जा रहा था तब बैंक की तरफ से मुझे एक भी कॉल नहीं आया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## न्यूज बाइट्स

### फाइलेरिया मुक्त बनाने को लेकर एक कदम

**तिलौथू (रोहतास) (नि.सं.)।** सर्वजन दवा सेवन चक्र 2024 का शुभारंभ आकाशी प्रखंड के सभी पंचायतों में किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सरैया पंचायत के पासवान टोला में किया गया। इस अवसर पर बच्चों और महिलाओं को दवा खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में पंचायत मुखिया, उपमुखिया, और चिकित्सा पदाधिकारी ने भी दवा खाकर इस अभियान का समर्थन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने महिलाओं को फाइलेरिया उन्मूलन के महत्व के बारे में जागरूक किया और इस कार्यक्रम में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 अगस्त से 27 अगस्त तक चलने वाले MDA (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाना है। इसके तहत विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के लिए अलग-अलग दवाओं का सेवन आवश्यक है: 2 से 5 वर्ष के बच्चों को 1 गोली DEC,6 से 14 वर्ष के युवाओं को 2 गोली DEC,15 वर्ष से ऊपर के लोगों को 3 गोली DEC के साथ 1 गोली एल्बेंडाजोल और आईवरमेक्टिन की गोलियां ऊंचाई के अनुसार दी जाएंगी। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसका कोई इलाज नहीं है, इसलिए हर लाभार्थी को हर साल MDA की दवा खाना आवश्यक है। इसके अलावा, 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवा नहीं दी जानी चाहिए।कार्यक्रम के दौरान पीरामल फाउंडेशन नीति आयोग के प्रोग्राम लीडर अरविंद कुमार, पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव, MOIC, BHM, BCM, ANM देवी, और ग्रामीण भी उपस्थित थे। इस मौके पर सभी को अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने और आशा कार्यकर्ताओं का सहयोग कर सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रेरित किया गया।भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल भारत को फाइलेरिया मुक्त करना है, बल्कि बिहार को भी फाइलेरिया उन्मूलन में अग्रणी बनाना है। रोहतास जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

### फैलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिक्रमगंज में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार के द्वारा फैलारिया उन्मूलन का उद्घाटन किया गया साथी उनके द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी आशाओं को अपने-अपने क्षेत्र में दवा खिलानी है माइको प्लान के अनुसार सभी आशा और आंगनबाड़ी अपने-अपने क्षेत्र में दवा को खिलाना सुनिश्चित करेंगे ना की दवा का वितरण करेंगे कुछ सावधानियां बरतनी के बारे में भी हो इनके द्वारा बताया गया जिसमें यह बताया गया कि जो व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हैं 2 वर्ष से छोटे बच्चे हैं और गर्भवती माताएं हैं उनको यह दावा नहीं खिलानी है और 2 वर्ष से ऊपर के जितने भी लोग हैं सभी को अल्बेंडाजोल डीसी एवं Ivervectim की गोली खानी है जिससे कि फैलारिया मुक्त हमारा प्रखंड बन सके।मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक अनीश नारायण पीरामल फाउंडेशन के कुश कुमार और और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### दवा खा कर सभी से इस दवा खाने की अपील

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नोखा में इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नोखा मे फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत, हाथी पाव फाईलेरिया से बचाव हेतु MDA कार्यक्रम का उद्घ्यान नोखा के द्वारा स्वयं दवा खाकर किया गया, इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य फाईलेरिया एवं हाथी पाव से सुरक्षित करना है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय प्रताप ने बताया की फाईलेरिया ऐसी लाईलाज बीमारी है जिसका बचाव ही एक मात्र उपाए है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आशा कार्य करता घर घर जाकर 24 अगस्त 2024 तक दवा खिलायेंगी, जिसमे सभी को सहयोग करने की अपील की गई एवं सभी से अनुरोध किया की आशा कार्यकर्ता के सामने ही दवा का सेवन करें। दवा को खाना खाने के बाद ही सेवन किया जाना है, दो वर्ष से उपर सभी लोगो को इस दवा का सेवन किया जाना है जिसमे गर्भवती महिला एवं अत्यधिक बीमार लोगो को दवा छोड़ कर, दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित है। 25,26, एवं 27 अगस्त को बूथ लगाकर प्रमुख जगहो पर स्कूल, आगनवाड़ी केंद्र, इत्यादि जगहो पर छूट हुए लोगो को दवा खिलाया जायेगा, मौके पर प्रबंधक मुकेश कुमार, BCM रिजवान आलम, पिरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीडर अर्जुन गोस्वामी, WHO के जय गोपाल राय उपस्थित रहे।

### नए राशन कार्ड के आवेदन हो रहे रद्द

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत सासाराम शहरी स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र तथा अकोढ़ीगोला ग्रामीण स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के छात्रों ने सामुदायिक चिकित्सा विभाग के माध्यम से गर्भावस्था एवं स्तनपान करने वाली महिलाओं को इसके लाभों के बारे में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शिशुओं की देखभाल, उनके टीकाकरण एवं स्तनपान के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य किया गया। इस आयोजन में माताओं के बीच केवल स्तनपान के अभ्यास पर जोर देने, शिक्षित करने और इसके लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया। संगोष्ठी में मां के दूध और आहार के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी गई। और समुदाय के अच्छे स्वास्थ्य की आशा में इसके बारे में जागरूकता बढ़ाई गई। नारायण मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से डॉक्टर अमूल्या स्वाति, प्रशिशु रिशु शैंडिल्या, राजीव रंजन, देवांशु यादव, श्रेया उपाध्याय, श्रेया राज, प्रिया सिंह, आकाश, रौनक खंडेलवाल, मैत्री, विभूति, अर्चना कुमारी ने विशेष रूप से भूमिका निभाई।

### चोरी के बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**शिवसागर (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना की पुलिस ने बीते शुक्रवार संध्या को गुप्त सूचना पर बहेड़ी गांव में एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उक्त जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली कि एक चोरी की मोटर के साथ एक व्यक्ति बहेड़ी की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही सत्यापन के लिए पुलिस बल के साथ भेजा गया। बहेड़ी गांव के पास वाहन जांच शुरू की गयी। इसी दौरान एक हीरो हौंडा मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति आया। पुलिस जब उसे रुकने को कहा तो मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति मोटर साइकिल को छोड़कर भागने लगा। जिसे पुलिस बल ने खदेड़ कर पकड़ लिया। जब उसका नाम पूछा गया तो उसने अपना नाम विधि विवादित किशोर सोनू कुमार उम्र 16 वर्ष पिता भोला पासवान ग्राम भदोखरा थाना दरीगांव जिला रोहतास बताया। जब मोटर साइकिल की कागजात मांगा गया तो उसने चोरी की गयी मोटरसाइकिल बताया मोटरसाइकिल का नंबर BR 17 C 5997 है। इस नंबर की जांच की गयी तो फर्जी नंबर पाया गया। बरामद मोटरसाइकिल के इंजन नंबर तथा चेचिस नंबर इस रजिस्ट्रेशन नंबर से मेल नहीं खाता था। मोटरसाइकिल सहित पकड़ाये व्यक्ति को थाना लाया गया। साथ ही कानूनी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार निरुद्ध किया गया,

### फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सूचना प्रौद्योगिकी संकाय के तत्वावधान में आयोजित 'पायथन प्रोग्रामिंग का उपयोग करके मशीन लर्निंग' पर एक सप्ताह का 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 'आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह एफडीपी एआईसीटीई एकेडमी ऑफ ट्रेनिंग एंड लर्निंग (एटीएएल) द्वारा प्रायोजित और गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित किया गया। इस समस्त कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अजय कुमार और सह समन्वयक डॉ कन्हैया लाल अम्बष्ठा थे। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से विशेषज्ञों ने अपना व्यक्त्व प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम का मुख्य बिन्दु आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षाविदों को मशीन लर्निंग और पायथन प्रोग्रामिंग का उपयोग, शोध तथा नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में कुल दस सत्र थे, जिसके लिए देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम के समापन के अवसर पर डीन एफआईटी डॉ अरुणव डे, डीन एफएमएस डॉ विवेक शर्मा, सुश्री मोनिका सिंह, सुश्री संगीता कुमारी उपस्थित थे।

रेलवे के विकास की दिशा में बड़ा कदम, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

# भागलपुर में गंगा नदी पर बनेगा नया रेल पुल

**विशेष संवाददाता | हाजीपुर**

भारतीय रेल के विकास में एक नया अध्याय जोड़ते हुए, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने लगभग 24,657 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 8 बड़ी रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें बिहार के भागलपुर में गंगा नदी पर एक नए रेल पुल का निर्माण भी शामिल है।



**भागलपुर में गंगा पर बनेगा नया मेगा ब्रिज:**

रेल मंत्री ने जानकारी दी कि 2,549 करोड़ रुपये की लागत से बिहार के भागलपुर के पास गंगा नदी पर 26 किलोमीटर लंबी बिक्रमशिला-कटरिया नई रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति मिली है। इस परियोजना के तहत गंगा नदी पर 2.44 किलोमीटर लंबी डबल लाइन वाले पुल का भी निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में बक्सर से राजमहल तक लगभग 450 किलोमीटर की लंबाई में गंगा नदी पर केवल तीन पुल हैं, जो अपनी पूरी क्षमता पर कार्य कर रहे हैं। यह नया पुल उत्तरी बिहार, पश्चिम बंगाल और नॉर्थ ईस्ट को दक्षिण बिहार, झारखंड और ओडिशा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे इस क्षेत्र की गतिशीलता में बड़ा सुधार होगा।

**परियोजना की विशेषताएं:**

बिक्रमशिला-कटरिया नई लाइन परियोजना में बिक्रमशिला स्टेशन भागलपुर-साहिबगंज रेलखंड पर और कटरिया स्टेशन कटिहार-बरौनी रेलखंड पर स्थित होगा। इस परियोजना के तहत गंगा नदी पर बनने वाला पुल वाई आकार का होगा, जो उत्तर में कटरिया और नवगछिया तथा दक्षिण में बिक्रमशिला और शिवनारायणपुर स्टेशनों को जोड़ेगा। इस पुल के निर्माण से बिहार के कोसी और सीमांचल क्षेत्र को अंग क्षेत्र से सीधा जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस परियोजना को 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, और इसके तहत 22 लाख मैन-डे का सृजन होगा, जिससे इस क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

**पर्यावरण संरक्षण में योगदान:**

इस परियोजना के पूरा होने पर 95 करोड़ किलो कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 3.8 करोड़ वृक्षों के बराबर होगी। यह पहल पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**प्रधानमंत्री के नए भारत के विजन के अनुरूप:**

बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के 14 जिलों को कवर करने वाली इन 8 परियोजनाओं से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में 900 किलोमीटर की वृद्धि होगी। ये नई रेल लाइनें सीधी कनेक्टिविटी और बेहतर गतिशीलता प्रदान करेंगी, जिससे भारतीय रेल की दक्षता और सेवा की विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नए भारत' के विजन का हिस्सा हैं, जो आत्मनिर्भरता और व्यापक विकास के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देंगी। ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी का हिस्सा हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करेगा।

## पुमरे के महाप्रबंधक ने किया 'सोनपुर कनेक्ट' ऐप किया लॉन्च

**विशेष संवाददाता | हाजीपुर**

महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पाटलिपुत्र-सेमापुर (वाया हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी) रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, समपार फाटक, ओएचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान छत्रसाल सिंह कटिहार स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने रनिंग रूम का जायजा लिया और रेलकर्मियों से मिलकर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद थानाबिहपुर स्टेशन पर पहुंचे, जहां उन्होंने रेलकर्मियों के उपयोग के लिए सोनपुर मंडल द्वारा विकसित मल्टी यूटिलिटी सुपर ऐप 'सोनपुर कनेक्ट' का उद्घाटन किया। इस ऐप के माध्यम से सोनपुर मंडल के रेलकर्मी सभी आवश्यक जानकारी एकीकृत रूप से एक ही प्लेटफार्म पर तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। निरीक्षण



के क्रम में महाप्रबंधक बरौनी जंक्शन पहुंचे, जहां उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक सोनपुर और संबंधित अधिकारियों के साथ बरौनी स्टेशन के यार्ड प्लान पर विचार-विमर्श किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने संयुक्त क्रू लॉबी, बरौनी का भी निरीक्षण किया, संरक्षा संबंधी रजिस्टर की बारीकी से जांच की, और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी निरीक्षण के क्रम में छत्रसाल सिंह ने दानापुर मंडल के राजेंद्रपूल स्टेशन का भी दौरा किया और वहां चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान दानापुर मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## जनता दरबार मे तीन में एक मामला का हुआ निष्पादन

**संझौली (रोहतास) (नि.सं.)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को सीओ किशोर पासवान व थानाध्यक्ष मुकेश कुमार नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जहां थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए फरियादियों के जमीन संबंधी एक मामलों का निष्पादन किया गया।

जिसमें तीन आवेदन प्राप्त हुए। सरकार के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को जमीन संबंधी मामलों का निष्पादन के लिए सभी थाने में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जहां जमीन संबंधी समस्याओं का समाधान सीओ और थानाध्यक्ष द्वारा प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी द्वारा किया जाता है।

सीओ किशोर पासवान ने बताया कि थाना में आयोजित जनता दरबार में तीन आवेदन प्राप्त हुए। जबकि एक मामलों का निष्पादन किया गया। बाकी बचे फरियादियों को अगले शनिवार को आयोजित जनता दरबार में आने के लिए कहा गया।

इस दौरान अंचल कर्मी हरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, एसआई अमित कुमार, एएसआई सुबाष सिंह सहित कई फरियादी मौजूद थे।

## 15 घंटे से बिजली गुल, पानी के लिए मचा हाहाकार

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

प्रखंड क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से शुक्रवार की शाम से हाहाकार मच गया है। शुक्रवार शाम सात बजे से लेकर शनिवार को पूरे दिन तक बिजली के दर्शन न होने से जनजीवन बेपटरी हो गई। भीषण गर्मी और उमस में जहां लोग बिलबिला उठें। वहीं पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई। कई घरों में पीने के पानी के लिए लोगों को हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा। घरों में लगे इन्वर्टर के जवाब देने से लोग छतों पर टहलते दिखे। मोबाइल चार्ज करने के लिए लोग तरस गए। बिजली आपूर्ति का बुरा हाल हो गया है। दो दिनों से सुबह शाम की कटौती से रजौली वासियों को शनिवार को बिजली की भारी किल्लत से जूझना पड़ा। शुक्रवार की शाम सात बजे के आसपास बिजली गुल हो गई।इसके बाद पूरी रात बिजली के दर्शन नहीं हुए। शनिवार को दिन में 10 बजे के बाद में कुछ हिस्सों में सप्लाई दी गई, वह भी कुछ देर के लिए।इसके बाद शाम 4:30 बजे बिजली कटी तो देर शाम तक दर्शन नहीं हुआ। 15 घंटे तक बिजली कटने से रजौली मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मच गया। भीषण गर्मी और उमस से बेहाल लोग जहां रात भर सो नहीं सके, वहीं दुकानदारी भी बुरी तरह प्रभावित हुई। रात में इन्वर्टर बंद होने से लोग छतों पर टहलते रहे और बाद में मौसम ठंडा हुए तो एक से दो घंटे सो सके। नींद पूरी न होने से सुबह ड्यूटी जाने में भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में भी कामकाज काफी हद तक बाधित रहा। जिन कार्यालयों में जनरेटर लगे थे वहां तो काम हो सके। लेकिन अन्य स्थानों पर कामकाज ठप रहा। शनिवार तक लगातार बिजली न रहने से पीने के पानी संग दिनचर्या की जरूरत के लिए लोगों के हैंडपंपो पर लाइन लगानी पड़ी है। बिजली विभाग के जेई भुवनेश्वर ने कहा की शुक्रवार की शाम में तेज वर्षा के कारण रजौली क्षेत्र के कई जगह इंसुलेटर जल गया एवं टूट गया है।

## डीआईओ ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर किया एमडीए अभियान की शुरुआत

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर शनिवार से रोहतास जिले में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की शुरुआत की गई। सासाराम प्रखंड के मुरादाबाद स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से इस अभियान की शुरुआत जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आरकेपी साहू ने दवा खाकर किया। उसके बाद आशा कर्मियों ने वहां मौजूद छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को दवा खिलाया। दवा खाकर सभी लाभार्थी पूरी तरह स्वस्थ दिखे और अनलोगों ने भी अन्य लोगो को दवा खाने की अपील की। मौके पर मौजूद अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा की फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। उन्होंने बताया की यह बीमारी कुलेक्स नामक मच्छर के काटने से फैलता है। इस मच्छर के काटने से हाथीपांव, के साथ-साथ हाइड्रोसील में वृद्धि भी देखी जाती है। एसीएमओ ने बताया कि हाइड्रोसील



का ऑपरेशन करके ठीक किया जा सकता है लेकिन हाथीपांव का कोई इलाज नहीं है। उसके लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान खिलाई जाने वाली दवा ही लाभकारी है। 10 अगस्त से शुरू यह अभियान अगले 14 दिनों तक चलेगा। इस दौरान आशा कर्मी 2 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को घर-घर जाकर दवा सेवन करवायेंगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में लोगों को तीन तरह की दवा सेवन करवाया जाएगा जो फाइलेरिया बीमारी को रोकने में काफी लाभदायक साबित होगा। वहीं अभियान के दौरान जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर आरकेपी साहू ने दवा सेवन कर एमडीए राउंड का उद्घाटन करते हुए लोगों को सकारात्मक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह दवा पूरी तरह से सुरक्षित है, और इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इस दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है। डॉ आरकेपी साहू ने बताया कि लगातार 5 साल तक अभियान के दौरान साल में एक बार दवा सेवन करने से फाईलेरिया होने का खतरा पूरी तरह से खत्म हो जाता है इसलिए सभी लोग इस अभियान के दौरान दवा का सेवन करें और अपने घर के सभी सदस्यों को दवा का सेवन करवाएं।इधर उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद डीपीएम अजय कुमार ने वहां मौजूद सभी आशा कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी लोग पूरी तरह से सजग होकर दवा का सेवन करवाए , उन्होंने कहा कि सभी आशा कर्मी अपने सामने लोगों को दवा सेवन करवाएंगे। मौके पर वीडीसीओ जय प्रकाश गौतम, मानसी भारती, गौरव कुमार, रौशन कुमार, गोपाल सिंह, सन्नी कुमार, पिरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीडर हेमंत कुमार, पीसीआई इंडिया के आशीष रावत, सासाराम पीएचसी के एमओआईसी डॉ आशित रंजन, बीएचएम प्रवीण कुमार, बीसीएम ममता कुमारी, लेखा प्रबंधक दीपक कुमार, यूनिसेफ एसएमसी मोहम्मद अब्दुल खालिद, बीएमसी दिवाकर पाठक, उमा शंकर एचडब्ल्यूसी मुरादाबाद की एएनएम जया प्रभा, निर्मला कुमार, आशा कर्मी कुसुम गुप्ता, सावित्री कुमारी शकुंतला देवी, नीता कुंवर, आशा फैसिलिटेटर सावित्री कुमारी सहित अन्य लोग मैजूद थे।

## लोक शिकायत से जुड़े 26 मामले का डीएम ने की सुनवाई

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

लोक शिकायत निवारण अंतर्गत द्वितीय अपील की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कुल 26 मामलों की सुनवाई की। इनमें से आठ मामलों का निष्पादन किया गया। शेष मामलों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलों के अंचलाधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारियों को ससमय और त्वरित कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिए हैं। जिन मामलों की सुनवाई की गई उनमें - अतिक्रमण हटाने, भूमि बंदोबस्ती, सरकारी जमीन पर भवन निर्माण, गली और नाली बनाने, होल डे मिल्क बूथ के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने, दाखिल खारिज, सरकारी



भूमि में आवागमन हेतु रास्ता नहीं मिलने, लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत कार्य नहीं होने आदि विषय शामिल थें।हालांकि कई फरयादियो का आरोप है कि द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के तहत डीएम द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों को करवाई के लिए दिए गए निर्देश का महीनो बाद भी सबंधित विभाग के अधिकारी करवाई सुनिश्चित नही कर रहे है।एक फरियादी का आरोप है कि द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के तहत दिनांक 13.04.024 जिसका अनन्य संख्या 532110113072044476/2A में दिए गए निर्णय का जिला पंचायती राज पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी द्वारा अनुपालन कर आज तक कोई करवाई नही किया गया।जबकि इस मामले में दो बार मेल से आवेदन भेज न्याय की गुहार लगाया गया है।आरोप लगाया की लोक शिकायत निवारण से आम नागरिकों को कोई फायदा नही हो रहा है और न ही एक दूसरे के अधीनस्थ अधिकारी निर्देश का अनुपालन कर रहे है।मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, संबंधित अंचल कार्यालय के अंचलाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी और आवेदनकर्ता उपस्थित थे।

## कच्चा मकान में दबे बालक को बचाया

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)।** नोखा थाना क्षेत्र के सत्तर बीघा गांव में एक कच्चा मकान बारिश के दौरान गिर गया। जहां पर की बारिश दौरान कच्चा मकान गिरने से एक बालक उसमें दब गया। ग्रामीणों की मदद से उसे निकाला गया।

**कोर्ट नोटिस**

मैं कमला देवी पति- रविंद्र सिंह सा-बुधौल हिसुआ नवादा बिहार घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र संजीव रंजन कुमार आर्मी 14854349-H के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि भूल से 01-01-1966 की जगह 01-01-1963 और नाम Kamla Devi की जगह Kamala Devi हो गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

ई—निविदा नोटिस सं० — 20 ऑफ 2024—25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू ।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ—साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई—निविदा) आमंत्रित की जाती है। (i) निविदा सं०—04—डीडीयू—व०मं०इंजी०—।।।—24—25, कार्य का नाम एवं लोकेशन : वरीय मंडल इंजीनियर ।।।/डी०डी०यू के अधिकार क्षेत्र के तहत जपला में टावर वैगन शेड और ओ०एच०ई० डिपो का उन्नयन। (ii) कार्य का अनुमानित लागत : ₹86,20,675.66, (iii) धरोहर राशि : ₹1,72,400/—, (iv) ई—निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 04.09.2024 को 12:00 बजे तक। (v) बेवसाईट पर ई—निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.

**नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/00882/डीडीयू/अभि./टी/24—25/32

हाजीपुर में जल्द खुलेगा बुजुर्गों के लिए आश्रय स्थल, 50 बेड की सुविधा के साथ, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार हैं प्रयासरत

# हाजीपुर में जल्द खुलेगा बुजुर्गों के लिए आश्रय स्थल, 50 बेड की सुविधा के साथ

**विशेष संवाददाता | हाजीपुर**

हाजीपुर नगर परिषद एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बहुत जल्द बेसहारा और जरूरतमंद बुजुर्गों के लिए एक आश्रय स्थल की शुरुआत करने जा रही है। यह आश्रय स्थल मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल योजना के तहत स्थापित किया जा रहा है, जो 'सात निश्चय-02' कार्यक्रम का हिस्सा है। इस योजना का उद्देश्य हाजीपुर के बुजुर्गों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है।

### सुशील कुमार: एक कुशल प्रशासक और बुजुर्गों के लिए मसीहा



हाजीपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने इस योजना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी प्रशासकीय कुशलता और बुजुर्गों के प्रति समर्पण ने इस आश्रय स्थल की स्थापना को संभव बनाया है। सुशील कुमार ने इस आश्रय स्थल की हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रखा है, जिससे बुजुर्गों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। उनके नेतृत्व में, हाजीपुर नगर परिषद ने इस योजना को प्राथमिकता देते हुए युद्धस्तर पर काम किया है, जिससे जल्द ही यह आश्रय स्थल कार्य करना शुरू कर देगा।

### जढ़ुआ में भवन चिह्नित, 50 बेड की सुविधा

आश्रय स्थल के लिए जढ़ुआ क्षेत्र में एक भवन पहले ही चिह्नित किया जा चुका है। यहां 50 बेड की सुविधा के साथ बुजुर्गों के लिए आश्रय की व्यवस्था की जाएगी। हाजीपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि सभी आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी होते ही इस आश्रय स्थल का संचालन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आश्रय स्थल में बुजुर्गों के लिए कपड़े, प्रसाधन, गुणवत्तापूर्ण भोजन, और चाय-नाश्ते की पूर्ण व्यवस्था की जाएगी, जिससे उनकी सभी आवश्यकताएं पूरी हो सकेंगी।

### मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल योजना का उद्देश्य

मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल योजना का उद्देश्य हाजीपुर सहित राज्य के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले निराश्रित, उपेक्षित और बेसहारा बुजुर्गों को सुरक्षित आश्रय देना है। इस योजना के तहत, बुजुर्गों को केवल आश्रय ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं, मनोरंजन, योग, और अन्य सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी का भी अवसर मिलेगा। सुशील कुमार ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य इन बुजुर्गों को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण चरण में भी आत्मनिर्भर और सम्मानित महसूस कर सकें।

### आश्रय स्थल में सुविधाएं: स्वास्थ्य, भोजन और मनोरंजन

आश्रय स्थल में निवास करने वाले बुजुर्गों के लिए हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस आश्रय स्थल में रहने वालों के लिए दिन में तीन बार गर्म और ताजे भोजन की व्यवस्था होगी, जिसमें 1700 कैलोरी और 50 ग्राम प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का ध्यान रखा जाएगा। इसके



अलावा, सुबह और शाम चाय-नाश्ते का भी प्रबंध रहेगा। नए निवासियों के लिए 24 घंटे के भीतर कपड़े और प्रसाधन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। आश्रय स्थल 24 घंटे और सालभर संचालित रहेगा, जिससे बुजुर्गों को किसी भी समय कोई परेशानी न हो।

### आर्थिक सहायता और संचालन की व्यवस्था

आश्रय स्थल के सफल संचालन के लिए नगर निकायों को सरकार द्वारा 50 बेड की यूनिट के लिए पांच वर्षों के लिए 42.97 लाख रुपये और प्रति वर्ष 63.38 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रारंभिक तौर पर, कुल एक करोड़ 06 लाख 35 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 53 लाख 17 हजार 500 रुपये की राशि नगर परिषद को पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी है। इन धनराशियों का सही और सटीक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सुशील कुमार ने पहले से ही कार्य योजना तैयार कर ली है।

### 'दीदी की रसोई' से भोजन की आपूर्ति

हाजीपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि आश्रय स्थल में भोजन की आपूर्ति 'दीदी की रसोई' के माध्यम से की जाएगी। इस योजना के तहत, बुजुर्गों को गुणवत्ता और विविधता युक्त भोजन प्रदान किया जाएगा, जिससे उनकी सेहत और पोषण की सभी आवश्यकताएं पूरी हो सकें।

# एसपी की बैठक: अपराध रोकथाम, त्वरित न्याय, और विधि-व्यवस्था पर कड़े निर्देश

निज संवाददाता | नवादा

पुलिस अधीक्षक, द्वारा नवादा जिला में अपराध की वर्तमान परिस्थिति, अपराध के रोकथाम, अपराधिक कांडों के उद्भेदन एवं शांतिपूर्ण विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए किये जा रहे प्रयासों के संबंध में पुलिस कार्यालय, नवादा के सभाकक्ष में अपराध समीक्षा बैठक की गयी। इसमें निम्न बिन्दुओं पर निर्देश देतें हुए एसपी ने सभी थानाध्यक्ष को थाना पर आने वाले फरियादियों का समस्या का त्वरित निष्पदान करने हेतु निर्देशित किया गया। 'मिशन 75' दिन के अंतर्गत सभी कांडों का निष्पादन 75 दिनों के अंदर करने हेतु सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/अंचल पुलिस निरीक्षक थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया। सभी थानाध्यक्षों को फर्द बयान प्राप्त होने के 24 घंटे के अंदर FIR दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया।

FIR दर्ज होने के 30 मिनट के अंदर अनुसंधानकर्ता को घटनास्थल का निरीक्षण एवं अनुसंधान प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। FIR दर्ज होने के 7 दिनों के अंदर पर्यवेक्षी पदाधिकारी को पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया है। सभी अंचल पुलिस निरीक्षक को नव नियुक्त होने वाले पुलिस अवर निरीक्षकों का 02 दिनों के अंदर चरित्र सत्यापन कर चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। माह जुलाई में हिसुआ थाना एवं नगर थाना द्वारा क्रमशः 63 एवं 45 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जो कि काफी सराहनीय है। कम गिरफ्तारी वाले थाना जैसे




बुन्देलखंड, सीतामढ़ी जैसे थाने को सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी टी.ओ.पी. प्रभारी, नवादा को अपने अपने AOR में अपराध नियंत्रण/विधि व्यवस्था संधारण/वाहन चेकिंग/प्रभावी गश्ती इत्यादि पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। सभी अचंल पुलिस निरीक्षक, नवादा को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में मोटर साईकिल चोर/वाहन चोर/अन्य चोर के खिलाफ योजना बनाकर छापेमारी करने हेतु निर्देशित किया गया सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थानाक्षेत्र के साईबर क्रिमनल की सूची बनाने एवं उनके खिलाफ छापेमारी अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी वरीय पदाधिकारी को 15 अगस्त की तैयारी को देखते हुए सभी कार्यालय/संस्थान/ईकाई की सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया। हर साल की भांति इस साल भी 15 अगस्त पर जिला स्तर पर अच्छे उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदा०/कर्मियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा। इस संबंध में सभी वरीय पदाधिकारी से अच्छे उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदा./कर्मियों की सूची मांग की गयी है।

जेल से जमानत पर छूटे पेशेवर अपराधियों की सूची बनाकर सभी का नियमित सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया है। सभी लंबित जमानतीय/अजमानतीय वारंट/कुर्की/इश्तेहार को 01 सप्ताह के अंदर निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया। मद्यनिषेध के क्षेत्र में सिरदला, अकबरपुर एवं काशीचक थाना का प्रदर्शन का सराहनीय रहा है। सिरदला थाना द्वारा मद्यनिषेध के क्षेत्र में 1800 लीटर महुआ शराव एवं 15 वाहन बरामद किया गया। अकबरपुर थाना द्वारा 1048 लीटर महुआ शराच एवं 04 मोटरसाईकल जप्त किया गया। वहीं काशीचक थाना द्वारा 362.90 लीटर विदेशी शराब एवं 54 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। अपराध नियंत्रण एवं शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था बनाये रखने के हेतु कुछ अन्य निर्देश दिये गये सभी थानाध्यक्ष को अगामी चेहल्लुम पर्व/कृष्ण जनमाष्टमी के पूर्व तैयारी को देखते हुए संभावित जूलसों के रूट का सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया।

चेहल्लुम पर्व/कृष्ण जनमाष्टमी को प्रभावित करने वाले सभी असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध BNSS की थारा 126 के अंतर्गत कार्रवाई करने एवं BNSS की बारा 135 के अंतर्गत अधिकतम राशि का बंध पत्र भरवाने हेतु निर्देशित किया गया।

यातायात की समस्या को देखते हुये नवादा जिला के व्यस्त चौक चौराहों यथा प्रजातंत्र चौक, इंदिरा चौक, सद्भावना चौक, लाल चौक, इत्यादि पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को सूचारू रूप से यातायात का संचालन के लिए निर्देशित किया गया। यातायात नियमों का प्रचार एवं प्रसार करने हेतु भी निर्देशित किया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। डायल 112 के उपयोगिता एवं इसकी कार्यशैली को सोशल मीडिया के माध्यम से संपुर्ण जिला स्तर पर प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। नये आपराधिक कानून संबंधी निर्देश- नये आपराधिक कानून के अंतर्गत दर्ज हो रही 07 साल से कम सजा वाले कंडों पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं उनके सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

### एसपी की अपराध समीक्षा बैठक के मुख्य बिंदु:

**फरियादियों की समस्याओं का समाधान:** सभी थानाध्यक्षों को फरियादियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश।

**मिशन 75:** सभी कांडों का निष्पादन 75 दिनों के अंदर करने की योजना।

**FIR प्रक्रिया:** फर्द बयान के 24 घंटे के भीतर FIR दर्ज करने, 30 मिनट के भीतर घटनास्थल निरीक्षण और 7 दिनों के अंदर पर्यवेक्षण की व्यवस्था।

**चरित्र सत्यापन:** नव नियुक्त पुलिस अवर निरीक्षकों का 2 दिनों के भीतर चरित्र सत्यापन।

**अभियुक्तों की गिरफ्तारी:** जुलाई में हिसुआ और नगर थाना द्वारा क्रमशः 63 और 45 अभियुक्तों की गिरफ्तारी।

**अपराध नियंत्रण:** क्षेत्रीय अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था और प्रभावी गश्ती पर ध्यान देने के निर्देश।

**साइबर अपराध:** साइबर अपराधियों की सूची तैयार करने और छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश।

**15 अगस्त की तैयारी:** कार्यालयों की सफाई और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों की सूची का निर्धारण।

**मद्यनिषेध:** सिरदला, अकबरपुर और काशीचक थानों द्वारा शराब की बड़ी मात्रा की बरामदगी।

**पर्वों की तैयारी:** चेहल्लुम और कृष्ण जन्माष्टमी के लिए असामाजिक तत्वों की पहचान और कार्रवाई।

**यातायात व्यवस्था:** व्यस्त चौक-चौराहों पर यातायात संचालन और यातायात नियमों का प्रचार।

**डायल 112:** डायल 112 की उपयोगिता का सोशल मीडिया पर प्रचार।

**नये आपराधिक कानून:** 7 साल से कम सजा वाले मामलों पर चर्चा और सुधार के निर्देश।

## अतिक्रमणकारियों एवं अवैध वसूली के प्रति सख्त दिखे एसडीओ



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

रजौली मुख्यालय स्थित बजरंगबली चौक पर शनिवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने अतिक्रमणकारियों एवं स्थानीय फुटपाथी दुकानदारों को माइक की मदद से जागरूक किया। इस दौरान सीओ मो. गुफरान मजहरी एवं नगर पंचायत पर्यवेक्षक चुनचुन कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान एसडीओ ने बजरंगबली चौक एवं अन्य स्थानों पर रहे लोहे की गुमटियों के विरुद्ध सख्त दिखाई। साथ ही दुकानदारों से अवैध वसूली करने वाले लोगों के विरुद्ध वीडियो प्रमाण देने की बात कही। इस दौरान एसडीओ ने अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध सख्ती दिखाते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बजरंगबली चौक के अलावे अन्य जगहों पर लोहे की गुमटी स्थापित कर अतिक्रमण कर भाड़ा पर लगा दिया गया है एवं दुकानदारों से मनमानी राशि वसूली जाती है। एसडीओ ने अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए जल्द से जल्द अतिक्रमण को हटाने की बात कही है। साथ ही बताया कि बीते शुक्रवार को अवैध वसूली में जुड़े एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है एवं उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई किये जाने की बात कही। साथ ही कहा कि जिला परिषद नवादा द्वारा संचालित दैनिक चुंगी में ठेला चालकों, फुटपाथ विक्रेताओं, फूल विक्रेताओं व झुग्गी-झोपड़ियों से प्रतिदिन 7 रुपये एवं सब्जी विक्रेताओं व गुमटी वालों को प्रतिदिन 13 रुपये की देय राशि सुनिश्चित है।यदि सरकारी दर के अलावे कोई भी व्यक्ति रंगदारी करके वसूली करता है, तो उसका वीडियो फुटेज अथवा लिखित आवेदन दें। ताकि उन लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सके। बताते चलें कि जिला परिषद द्वारा बाजार में दैनिक चुंगी वसूली का कार्य किसी परिचारी के नाम पर कुछ स्थानीय लोगों द्वारा किया जा रहा था। वहीं पुलिसिया कार्रवाई के बाद रजौली के फुटपाथी दुकानदारों में खुशी व्याप्त है। मुख्यालय स्थित बायपास स्थित ओभरब्रिज के समीप स्थित रजौली स्टैंड के समीप चुंगी वसूलने में अनियमितता से वाहन चालक एवं मालिक के साथ-साथ व्यवसायी वर्ग के लोग परेशान है। बताया जाता है कि बस स्टैंड में बिना चुंगी दर का चार्ट लगाए वाहनों से वसूली जारी है। जबकि व्यवसायिक संघ द्वारा बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं पर्यटन मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार से अवैध रूप से वसूले जाने वाले चुंगी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही गलत तरीके से छपा हुआ रसीद आदि के प्रमाण भी दिए गए। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि वाहन चालकों द्वारा शिकायत मिलने के बाद पुलिस बलों को जांच एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया गया, किन्तु पुलिस बलों के पहुंचते ही चुंगी वसूलने में जुटे लोग भाग खड़े हुए। थानाध्यक्ष ने बताया कि किसी के द्वारा लिखित आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है। वहीं व्यवसायिक संघ रजौली के अध्यक्ष सन्दीप कुमार ने बताया किम अवैध चुंगी मामले में मंत्री, सांसद एवं स्थानीय प्रशासन को सूचित किया गया है। किंतु ठेकेदार के लोगों द्वार अबतक अवैध चुंगी वसूलना जारी है। इससे आमलोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

## जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों ने सभी बच्चों के साथ भोजन का लिया आनंद

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड के उग्रवाद प्रभावित धमनी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय धमनी के प्रांगण में शनिवार को तिथि भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक विधालय के प्रधानाध्यापक शशिकांत सिन्हा के द्वारा किया गया। प्रधानाध्यापक सिन्हा के द्वारा बताया गया कि पीएम पोषण योजना के निदेशक के आदेशानुसार तिथि भोज आयोजित की जा रही है। इससे विधालय के प्रति समुदाय की



सहभागिता बढ़ती है। साथ ही इस तरह के आयोजन से विधालय में उत्साह का माहौल बढ़ता है और बच्चों को विधालय में नियमितता पर बल मिलता है। मौके पर रजौली एमडीएम बीआरपी शंकर कुमार, समाजसेवी बाल्मीकि प्रसाद, धमनी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष विनय कुमार, सरपंच दिलीप कुमार, बीआरपी रविकांत कुमार, प्रीत राज एवं विद्यालय में नामांकित कुल 594 में 439 छात्रों के साथ पुरी-सब्जी व खीर का आनंद लिया। इस अवसर पर विधालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं अरमान, कुमारी सरोज व रेशमी कुमारी के साथ विधालय शिक्षा समिति की सचिव अनिता देवी, शिक्षा सेवक सिद्धेश्वर कुमार सहित विधालय में कार्यरत सभी पांचों रसोईया उपस्थित थे।

### पूर्व जिप उपाध्यक्ष के पति के निधन पर शोक की लहर

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** जिला के वारिसलीगंज प्रखण्ड के कोचगांव निवासी व नवादा जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान जिप सदस्य गीता देवी के पति श्रवण सिंह के आकस्मिक निधन की सूचना के बाद कौआकोल प्रखण्ड में भी शोक की लहर दौड़ गई। जदयू के प्रखण्ड अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, रजनीश कुमार आदि ने समाजसेवी श्रवण सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि उनके निधन से जिला की राजनीति को अपूर्णीय क्षति पहुंची है।

## प्रगति प्रोजेक्ट का मासिक बैठक आयोजित

» बैठक में कौआकोल, रोह एवं पकरीबरावां में सभी सम्बंधित मोबलाइजर एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर ने हिस्सा लिया।



निज संवाददाता | नवादा (कौआकोल)।

प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर में शनिवार को एडुकेट गर्ल्स यूएस द्वारा वित्त पोषित एवं ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले प्रगति प्रोजेक्ट का मासिक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में कौआकोल, रोह एवं पकरीबरावां में सभी सम्बंधित मोबलाइजर एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर ने हिस्सा लिया। बैठक में अब तक के हुए कार्यो की समीक्षा की गई तथा आगामी वार्षिक कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा किया गया। मौके पर बैठक में प्रगति परियोजना के प्रोग्राम मैनेजर शशिभूषण कुमार, डाटा संकलक विवेक सागर, मास्टर ट्रेनर धीरेंद्र कुमार, ग्राम निर्माण मण्डल के परियोजना प्रभारी डॉ. भारत भूषण शर्मा, कार्यालय प्रभारी सुचिता तिर्की, धीरेंद्र कुमार मन्नू आदि मौजूद थे।

## बीएसएनल का नेटवर्क नहीं रहने से लोगों को हो रही परेशानी

निज संवाददाता | नवादा (कौआकोल)।

जिला के अतिपिछड़े इलाके में शुमार कौआकोल प्रखण्ड में अभी भी कई मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव प्रखण्ड की जनता को काफी सता रहा है। कुछ इसी तरह का वाक्या इन दिनों भारत संचार निगम लिमिटेड की सुविधाओं का बना हुआ है। जहां एक ओर भारत सरकार का डिजिटल इंडिया बनाने का सपना है,वहीं प्रखण्ड में बीएसएनएल का नेटवर्क इस सपने को पूरा करने में सबसे बडी बाधा बनी हुई है। क्योंकि प्रखण्ड में बीएसएनएल की सही से नेटवर्क नहीं मिलने के कारण कई विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे है। बीएसएनल की नेटवर्क सेवा हमेशा बंद ही रहती है। जिसके कारण कई विभागीय सरकारी कार्यालयों का बीएसएनल सीम लगे सरकारी मोबाइल यूं ही बेकार और शोभा की वस्तु बनी पड़ी रहती है। जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी तो कौआकोल थाना क्षेत्र के लोगों को उठानी पड़ रही है। कौआकोल थाना नक्सल प्रभावित एवं अतिसंवेदनशील थाना है। बावजूद यहां का सरकारी मोबाइल नम्बर 9431822281 हमेशा बन्द बताता है। जिससे आवश्यक पड़ने पर यहां के जरूरतमंद नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बीएसएनल की सीम का सरकारी नम्बर हमेशा बन्द रहने के कारण लोगों का पुलिस अधिकारियों से सीधा संपर्क नहीं हो पाता है। कमोवेश यही हालात कभी कभी अंचल कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, सीडीपीओ कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों के सरकारी नम्बर पर देखने को मिलती है। उपभोक्ताओं सहित प्रखण्ड के नागरिकों ने सम्बंधित अधिकारियों से बीएसएनल के नेटवर्क में सुधार लाने की मांग किया है।

### पर्यावरण प्रेमियों द्वारा किया जा रहा पौधरोपण

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड क्षेत्र में निजी से से लेकर विभिन्न संगठनों, विद्यालयों एवं लोगों द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है। बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के आवाह्न पर पूरे प्रखण्ड क्षेत्र में पौधरोपण का कार्य जोरों से किया जा रहा है। बजरंगदल के प्रखण्ड संयोजक पिन्टू वर्मा ने अपने द्वितीय पुत्र नयन राज के छठे जन्मदिवस पर आवासीय परिसर में पौधरोपण किया।उन्होंने बताया कि लोग अपने प्रियजनों का जन्मदिवस केक काटकर एवं पूजा-पाठ करके मनाते हैं।इस बार उन्होंने देवाधिदेव महादेव के अतिप्रिय श्रावण मास में पौधरोपण कर अपने बेटे का जन्मदिवस मनाया है।साथ ही कहा कि पर्यावरण संतुलन हेतु पौधरोपण अतिआवश्यक है।

## फुटपाथी दुकानदारों को डरा-धमकाकर अवैध चुंगी वसूलने वाला एक युवक गिरफ्तार, दो फरार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)।

रजौली थाना क्षेत्र के बजरंगबली चौक, पुरानी बस स्टैंड समेत मुख्यालय स्थित सभी फुटपाथी दुकानदारों से कुछ लोगों द्वारा दैनिक चुंगी के नाम से अवैध पैसे की वसूली लम्बे समय से की जा रही थी। पुलिस ने मौके से एक युवक को गिरफ्तार किया, जबकि दो लोग फरार हो गए। रजौली मुख्यालय में दुकानदारों के संगठित नहीं होने के कारण अवैध वसूली का विरोध नहीं किया जा रहा था। बीते वर्ष रजौली व्यवसायिक संघ बनाया गया एवं संघ के अध्यक्ष सन्दीप कुमार द्वारा इसका विरोध किया जाने लगे।संघ के अध्यक्ष ने डीडीसी नवादा एवं एसडीओ रजौली के अलावे सांसद एवं जिला प्रभारी मंत्री के पास भी लिखित शिकायत की गई। इन सभी प्रयासों के बाद दैनिक



चुंगी के नाम पर दुकानदारों को डरा धमकाकर अवैध पैसे वसूलने वालों के विरुद्ध एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक शंकर ठाकुर बीते कई वर्षों से सिरदला के नवादा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर भी कार्यरत है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते शुक्रवार को वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा एक वीडियो फुटेज भेजा गया, जिसमें स्थानीय दुकानदारों से दो व्यक्ति द्वारा डरा-धमकाकर अवैध चुंगी की वसूली करते हुए पाया गया। इस संबंध में वीडियो फुटेज का सत्यापन करते हुए एक व्यक्ति को अवैध चुंगी वसूली करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया एवं दो व्यक्ति भागने में सफल रहे। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रजौली के माल टोला निवासी रामेश्वर ठाकुर के पुत्र शंकर ठाकुर के रूप में हुई है। वहीं भागनेवालों में कृष्णदेव सिंह के पुत्र हरेराम सिंह एवं नागेंद्र सिंह के पुत्र नीलेश कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से अवैध वसूली के 10600 रुपये भी बरामद किया गया है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार एवं फरार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार व्यक्ति को शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं भागने वाले लोगों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस छापेमारी कर रही है।

## सीएसपी संचालक ने महिला से अंगूठा लगवा कर की दस हजार रुपये की अवैध निकासी, संचालक गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

रजौली थाना क्षेत्र में दर्जनों सीएसपी संचालक द्वारा खाताधारकों से ठगी करने का मामला अक्सर सामने आ रहा है।खाताधारकों से ठगी के बाद वे पहले तो आसानी से मानते नहीं है। वहीं पुलिस के हस्तक्षेप के बाद सीएसपी संचालक खाताधारक के हाथ-पैर जोड़कर ठगी के पैसे लौटाया जाता है। ताजा मामला धमनी गांव में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सीएसपी बैंक संचालक जितेंद राजवंशी द्वारा एक महिला से बीते दिनों ठगी कर उनके खाते से 10 हजार रुपये निकाल लिया गया। बताया जाता है कि 13 जुलाई को फरका बुजुर्ग पंचायत की गंगटा गांव निवासी कमलेश यादव की पत्नी शोभा देवी दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सीएसपी धमनी से पैसा निकालने के लिए जब बैंक पहुंची, तब संचालक द्वारा उनसे फिंगर लगवा लिया गया। उसके बाद



सीएसपी संचालक द्वारा बोला गया कि आपका खाता बंद है, अभी पैसा नहीं निकलेगा। साथ ही महिला को 10 दिन बाद आने को कहा गया। सीएसपी संचालक की बात सुनकर महिला अपने घर वापस आ गई। वहीं 7 अगस्त को अपना पैसा निकालने के लिए महिला फिर सीएसपी पहुंची।तब काउंटर में बैठा सीएसपी संचालक जितेंद्र राजवंशी ने बोला कि आपके अकाउंट में पैसे नहीं है। इसके बाद महिला एवं महिला के बेटे नीतीश कुमार द्वारा बैंक में हो-हल्ला करने लगा। उसके बाद महिला के बेटे ने 112 की पुलिस टीम को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही 112 की टीम धमनी के सीएसपी बैंक पहुंचकर संचालक जितेंद्र राजवंशी एवं खाताधारक महिला व उसके बेटे को थाने लेकर आयी। थाने में पूछताछ के बाद पुलिस के दबिश के कारण संचालक ने बताया कि मुझसे गलती से इस महिला का 10 हजार निकल गया था, जो मैं देने के लिए तैयार हूं। ओडी में बैठे पदाधिकारी ने महिला से बोला कि यदि आप प्राथमिककी दर्ज करेंगे, तो आवेदन लिख कर दें। किन्तु संचालक द्वारा महिला को पैसे दिए जाने के बाद महिला ने उसे कड़ी चेतावनी देकर माफ कर दिया। थाने में दोनों को सुलह होने के बाद छोड़ दिया गया। वहीं बुद्धिजीवियो की मानें तो आजकल सीएसपी वाले भोली-भाली ग्रामीणों से ठगी किया जा रहा है। कई मामले तो आपसी सुलह से सुलझ जाते हैं, तो कई मामले बैंक मैनेजर के केबिन और थाने तक पहुंचते हैं। अब बैंक मैनेजरों को ठगी में संलिप्त सीएसपी संचालकों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि आगे से कोई भी खाताधारक बेवजह परेशान न हो सके।

### कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षण के नाम पर हो रहा खानापूर्ति

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** राज्य सरकार द्वारा भले ही बेरोजगार छात्रों को विभिन्न सेवाओं एवं शिक्षा में लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से खोले गए कौशल विकास केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाए जाने की व्यवस्था की गई है। परंतु कौशल विकास केंद्र में इन दिनों प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है। यूं कहे तो प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ छात्र हाजिरी बनाकर अपना समय काट रहे हैं। मामला प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित कौशल विकास केंद्र से है जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ बच्चों की हाजिरी बनाकर काम चलाया जा रहा है।

## सोखोदेवरा आश्रम में युवाओं को दिया जा रहा नर्सरी प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण

निज संवाददाता | नवादा (कौआकोल)

कौआकोल प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित प्रशिक्षण भवन में शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा के बैनर तले पांच दिवसीय नर्सरी प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक व विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. धनन्जय कुमार, अंगद कुमार, फॉर्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, अनिल कुमार एवं कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. शशांक शेखर सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. धनन्जय कुमार ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी के 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत ग्रामीण युवक व युवतियों को नर्सरी प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नर्सरी प्रबंधन के प्रशिक्षण से ग्रामीण युवा स्वरोजगार अपनाकर कृषि के अतिरिक्त आय सृजन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के कौआकोल, सिरदला, पकरीबरावां, वारिसलीगंज, नरहट एवं अकबरपुर प्रखंड के 50 प्रतिभागी शामिल हो

## संक्षिप्त समाचार

### जीईएमए की बैठक में शामिल हुए सीएमडी अजय सिंह

**आरा।** ग्रेन एथनॉल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन (जीईएमए) की बैठक शुक्रवार को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में हुई। इसकी अध्यक्षता जीईएमए के प्रेसिडेंट सीके जैन ने की। बैठक में भारत के करीब 80 एथनॉल प्लांट के प्रॉमर्स व सीईओ मौजूद रहे। बिहार एथनॉल एसोसिएशन के तरफ से भारत प्लस एथनॉल प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी अजय सिंह इस बैठक में शामिल हुए। मौजूदा समय में आ रही ग्रेन की समस्या को देखते हुए आयोजित बैठक में भारत प्लस एथनॉल बिहार के सीएमडी अजय सिंह ने सभी मुद्दों को सभी के सामने रखा। बताया गया कि आज पेट्रोल में 15 प्रतिशत एथनॉल की ब्लिंडिंग की जा रही है। लेकिन आज एथनॉल प्लांट को मक्का के दर में काफी बढ़ोतरी से दिक्कत आ रही है। बैठक में मुख्य मुद्दा था सरकार से मांग किया जाए कि एफसीआई के द्वारा पूर्व में निर्धारित दर पर चावल मुहैया कराया जाए। आज एफसीआई द्वारा ओपन मार्केट में 28 रुपया चावल की नीलामी का टेंडर निकाला गया है। एफसीआई के पास अभी सरप्लस चावल हो गया। आज बाजार से मक्का 25-26 रुपया तक मिल रहा है। सरकार से मांग किया गया कि मक्का और चावल की आपूर्ति पूर्व निर्धारित दर पर की जाए, अगर सरकार आपूर्ति नहीं करती है तो एथनॉल के रेट को बढ़ाया जाए और विदेश से सभी प्लांट को डायरेक्ट मक्का ख़रीद की अनुमति दी जाए। यह भी तय हुआ कि बहुत जल्द एसोसिएशन का डेलीगेट इसको लेकर प्राइम मिनिस्टर से मिलने का समय लिया जाएगा।

### बोर्ड की बैठक में भवन बनाने का लिया निर्णय

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में सेन्ट्रल मैनेजमेंट बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में एमबीए, एमसीए और एमएड पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए उसका अपना भवन बनाने का निर्णय लिया गया। बोर्ड के सदस्य डॉक्टर धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि एमबीए और एमसीए दोनों पाठ्यक्रम को एआईसीटीई से मान्यता मिल गया है। एआईसीटीई के मानक के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के नए परिसर में भवन बनाना जरूरी है। नए भवन में लैब एवं लाइब्रेरी को भी बेहतर किया जाएगा। बैठक में आर्किटेक्ट ने भवन बनाने से जुड़ी कई बातों को जानकारी दी। बजट के अनुरूप भवन बनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एमबीए और एमसीए विभाग के डायरेक्टर से प्राक्कलन मांगा गया है। एनसीटीई के मानक को ध्यान में रखते हुए भी एमएड का भवन बनाने पर निर्णय हुआ।

### पौधरोपण कर बच्चों को दिलाई शपथ

**बक्सर।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर मध्य विद्यालय नावाडेरा के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा गोपाल डेरा पार्क में नीम का पौधरोपण किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा वाद विवाद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने 11 सूत्री शपथ ली और संकल्प लिया कि हम पौधे लगाएंगे आसपास के वृक्षों का सुरक्षा भी करेंगे। पर्यावरण संतुलित करने के लिए पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान आकर्षित किया गया।

### विद्युत विभाग ने लगाया 12.24 लाख का जुर्माना

**ब्रह्मपुर।** विद्युत चोरी को लेकर विभाग ने ग्रहथा गांव में छापेमारी अभियान चलाया। गांव में कुल 10 विद्युत उपभोक्ताओं पर विद्युत चोरी के आरोप में थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सहायक विद्युत अभियंता अर्जुन वर्मा की अध्यक्षता में जांच अभियान का नेतृत्व कनीय विद्युत अभियंता अमित कुमार राय ने किया। जहां चिह्नित उपभोक्ताओं पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच टीम में सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता के अतिरिक्त मानव बलों में राकेश कुमार, रंजन रजक और राम अयोध्या महतो शामिल रहे। एईई अर्जुन वर्मा ने बताया कि सबसे पहले टीम स्थानीय गांव के कृष्ण माधव सिंह पिता स्व ठाकुर बच्चन सिंह के घर पहुंची जहां विद्युत की चोरी के आरोप में उपभोक्ता पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए 2,51,887 रुपए का जुर्माना लगाया। वहीं बीरेंद्र कुमार सिंह पिता परमानंद सिंह पर 88196, आलोक सिंह पिता अलगू सिंह पर 37,042 रुपए, पंकज कुमार सिंह पिता स्व. जवाहर लाल सिंह पर 2,79,791 रुपए, कमल सिंह पिता अक्षय लाल सिंह पर 44,836 रुपये, रामेश्वर सिंह पिता राम बच्चन सिंह पर 1,26,945 रुपये, बिरेंद्र सिंह पिता बिहारी सिंह पर 1,47,540 रुपये, गुलाब यादव पिता दुधारी यादव पर 34,902 रूपये, शशि भूषण सिंह पिता स्व. भोला सिंह पर 1,42,884 रुपये और भगवान सिंह पिता सुखारी सिंह पर 70,222 रुपये का जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### बनास नदी में डूबने से किसान की मौत, मवेशी को नहलाने के दौरान फिसल गया पैर

**आरा।** भोजपुर में शुक्रवार को बनास नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव वार्ड नंबर चार निवासी स्व.कालका यादव के 45 वर्षीय बेटे वीर बहादुर सिंह है। जो पेशे से किसान थे। जो भैंस को नहलाने के लिए बनास नदी में गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया।



घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव की है। मृतक के भतीजे जय कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह भैंस को नहलाने के लिए बनास नदी के किनारे गए थे। उनका पैर फिसल गया और बनास नदी में गिरकर डूब गए। मौजूद लोगों ने जब शोर किया तो परिजन पहुंचे और उन्हें नदी से बाहर निकाला। परिजन अस्पताल ले जा रहे थे, रास्ते में मौत हो गई। सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंचे और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक के परिवार में पत्नी उर्मिला देवी और 2 बेटे सत्यम राम, टूनटून कुमार और एक बेटी चंदा कुमारी है। घटना के बाद मृतक की पत्नी उर्मिला देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दुरुस्त करा लें भूमि के कागजात वंशावली-बंटवारा

**कोईलवर।** स्थानीय कोईलवर प्रखंड के नगर पंचायत सहित सभी 17 पंचायतों के भूमि सर्वे का कार्य औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। इसके लिए कोईलवर प्रखंड क्षेत्र के बिरमपुर पंचायत सरकार भवन को मुख्यालय बनाया गया है। जहां विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी सोनू कुमार दास के नेतृत्व में 17 सदस्यीय सर्वे टीम ठहरी हुई है। जिनमें दो कानूनगो कुमार केतु, अभिनंदन कुमार व अमीनों में मनीष कुमार, गौतम कुमार, संजीव कुमार, अरविंद कुमार रजक, पुण्यदेव कुमार, इम्तियाज आलम, बिनोद कुमार, रणजीत कुमार गुप्ता, मनीष कुमार, नेहा कुमारी, खुशी कुमारी, कुमारी प्रतिमा यादव, अमित कुमार, साहब आलम शामिल हैं। भूमि सर्वे यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह भूमि संबंधित वैध जानकारी प्रदान करती है। जिसकी भू-उपयोग, भू-विकास, भू-प्रबंध, भू- विवाद के प्रश्नों में सहायता होता है। भूमि के किसी हिस्से का स्थान, क्षेत्रफल, सीमा मापने की और मानचित्र तैयार करने की प्रक्रिया भू-सर्वेक्षण के अंतर्गत होती है। यह हर 60 वर्ष के अंतराल पर किया जाता है। इसी क्रम में कोईलवर प्रखंड के नगर पंचायत सहित सभी 17 पंचायतों के भूमि सर्वे का कार्य औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। सभी गाँव के लोगों को अपनी सर्वे के कार्यों के लिए बिरमपुर पंचायत सरकार भवन में लगाये गए शिविर में आना होगा। सर्वे के तहत होने वाले कार्यों में सबसे पहले अधिसूचना जारी किया जाएगा विशेष सहायक बंदोबस्त सर्वेक्षण पदाधिकारी ने बताया कि सर्वे के तहत होने वाले कार्यों में सबसे पहले अधिसूचना जारी किया जाएगा। उसके बाद ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। पुनः सभी लोग अपनी जमीन के स्वामित्व का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे। इसके तहत खतियान, मालगुजारी रशीद, दस्तावेज और वंशावली प्रस्तुत करेंगे। उसके बाद उनके जमीन को उनके नाम पर अद्यतन कर दिया जाएगा। जिसके बाद उस जमीन का नया खतियान खेसरा संख्या खाता हो जाएगा। इस विशेष सर्वे के कार्य को करने के लिए 14 अमीनों को लगाया गया है। दिनांक 8 अगस्त से सर्वे काम शुरू हुआ है। अगले एक साल तक चलेगा।

# लूट के विरोध पर मुंह में मारी गोली, चेहरा डैमेज

## कार्यालय से घर लौट रहे थे डाटा ऑपरेटर, रास्ते में बाइक सवार दो अपराधियों ने घेरा

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर में शुक्रवार की रात अपराधियों ने मनरेगा कार्यालय के डाटा ऑपरेटर को मुंह में गोली मार दी। उनका चेहरा डैमेज हो गया है। दांत भी टूट गया। बाइक सवार दो अपराधियों ने लूट की नीयत से उन्हें रोका। विरोध करने पर फायरिंग कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। डाटा ऑपरेटर को पीरो रेफरल अस्पताल से शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां इलाज चल रहा है। घायल की पहचान चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव निवासी रामाकांत महतो के 31 वर्षीय बेटे शशिकांत कुमार उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है। जो कार्यालय से घर लौट रहे थे। घटना पीरो थाना क्षेत्र के जितौरा और हसवाडीह गांव के बीच स्थित धोबी



घटवा के पास की है।

**घायल ने परिजनों को फोन कर बुलायाः** घायल शशिकांत जगदीशपुर प्रखंड मनरेगा कार्यालय में प्राइवेट डाटा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि घर लौटने के क्रम में अपराधियों घेर लिया था। बैग, मोबाइल और बाइक छिनने लगे। जब मैंने विरोध किया तो उनलोगों ने गोली मार दी। मैं गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मैंने फोन कर घटना की सूचना अपने परिजनों को दी। परिजनों तुरंत मौके पर पहुंचे और मुझे अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, दूसरी तरफ जख्मी डाटा ऑपरेटर शशिकांत कुमार के पिता रमाकांत महतो ने कहा कि बैग, मोबाइल और बाइक कहां है, नहीं मालूम।

**मरीज की स्थिति स्टेबल हैः** घटना की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। इलाज कर रहे सर्जन डॉ. विकास सिंह ने कहा कि ऑपरेटर को चेहरे पर गोली लगी है। उनका दांत टूट गया है। चेहरा पूरी तरह से डैमेज हो गया है। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है। मरीज की स्थिति स्टेबल है।

## हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार, छापेमारी के दौरान एक फरार

### मेड इन इटली पिस्टल लेकर कार में बैठे थे तीन अपराधी



**निज संवाददाता। आरा**

आरा के टाउन थाना की पुलिस ने कार सवार दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक फरार हो गया। जानकारी पीसी कर एएसपी परिचय कुमार दी है। उदवंतनगर के गजराजगंज निवासी रंजीत पासवान और सरोज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। रिश्ते में दोनों सगे भाई बताए जाते है। पकड़े गए बदमाशों के पास से मेड इन इटली लिखा पिस्टल, दो मैग्जीन और 10 कारतूस बरामद हुआ है। कार और दो मोबाइल को जब्त किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तरत केस दर्ज किया है। तीन को आरोपित किया गया है। सभी का आपराधिक इतिहास पता लगाया जा रहा है।

**तीन संदिग्धों की सूचना मिली थीः** एएसपी ने कहा कि गुरुवार को सूचना मिली थी कि गौसगंज चौराहे के पास कार में तीन संदिग्ध हथियार लेकर बैठे हैं। जो किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना के आधार पर टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी की तो कार सवार बदमाश भागने लगे। सदर एएसपी ने बताया कि पूछताछ कर मंसूबों के बारे में पता लगाया जा रहा है। जब्त मेड इन इटली लिखा पिस्टल कंट्रीमेड है या विदेशी, इसकी जांच कराई जाएगी।

## कोईलवर में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण करने का लिया संकल्प



**निज संवाददाता। कोईलवर**

विभिन्न विद्यालयों में शुक्रवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यालयों में चेतना सत्र में छात्र- छात्राओं को जीवन में पेड़-पौधों की महत्ता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक के प्रधानाध्यापक डॉ. दया शंकर प्रसाद ने कहा कि जीवन में जितना जल की जरुरत है। उससे भी कहीं अधिक पेड़-पौधों की जरुरत है। पेड़-पौधों से हमें शुद्ध हवा मिलती है। विभिन्न प्रकार के कार्यों में इनका उपयोग होता है। मतलब जल-जीवन-हरियाली होना जरुरी है। इस अवसर पर विद्यालय में ईको क्लब एवं यूथ क्लब के विद्यार्थियों के द्वारा पौधारोपण का भी कार्य किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा हेतु संकल्प भी लिया गया। चेतना सत्र में विद्यार्थियों के द्वारा संकल्प लिया गया कि प्रत्येक वर्ष एक पौधरोपण करेंगे आसपास के लोगों को भी प्रेरित करेंगे। पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करेंगे। अपने घर, विद्यालय के आसपास गंदगी नहीं फेंकेंगे। आवश्यकतानुस ार ही बिजली का उपयोग करें। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका रोहित कुमार राहुल, इंद्रजीत कुमार, सुनील कुमार, शाहबाज आलम, रजिया रहमान, इमरान अहमद, सुमन कुमार, उषा कुमारी, ईको क्लब/ यूथ क्लब के ज्योत्सना प्रसाद, रिवर कुमारी, नमिता कुमारी, पवन कुमार, रविराज, सपना कुमारी, सुधांशु शेखर थे।

# UP-बिहार का टूटा संपर्क, पानी के तेज बहाव में दौड़ाया पिकअप, बक्सर में उफान पर गंगा

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर में गंगा नदी उफान पर है। इस कारण यहां का दियारा और यूपी के बलिया को जोड़ने वाली व्यासी पथ पर पानी चढ़ गया है। इससे संपर्क टूट चुका है। हालांकि, कुछ लोग जान जोखिम में डालकर इस पार से उस पार जाने का प्रयास कर रहे है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है। सड़क के ऊपर से पानी बह रहा है। दोनों तरफ लोगों की भीड़ लगी हुई है। एक पिकअप वाहन चालक अपने वाहन को लोगों के मना करने के बाद भी पानी भरे रास्ते के सहारे उसे पार करने का प्रयास कर रहे है। लेकिन, उसकी वाहन फंस जाता है।

**जिला प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील कीः** जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि इस तरह की हरकत ना करें, जिससे जान माल को नुकसान नहीं हो। बता दें कि

### जान जोखिम में डाल लोग नदी कर रहे पार



बलिया से बक्सर को जोड़ने वाली गंगा नदी पर बयासी पुल का निर्माण किया गया था। जिससे बिहार के बक्सर से बलिया की दूरी कम हो जाए। वहीं, व्यापर का काफी बड़ा फायदा है। दियारांचल के 65 फीसदी लोग यूपी स्थित बेयासी गंगा घाट से बलिया मार्केटिंग करते हैं। वहीं, किसान दुध व छेना लेकर सुबह शाम गंगा नदी पार कर बलिया शहर में बेचने जाते है। लेकिन, समस्या यह है कि गंगा का जलस्तर में वृद्धि के साथ ही बक्सर से यूपी का संपर्क टूटा गया है। जिससे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है।

**50 किलोमीटर अधिक की दूरी करनी होगी तयः** अब दियारा के लोगों को बलिया जाने के लिए बक्सर मुख्यालय में स्थित वीर कुंवर सिंह सेतु के रास्ते होते हुए बलिया जाना होगा। जिससे 50 किलोमीटर की एक्स्ट्रा दूरी तय करनी होगी। हालांकि, अभी लोग जान जोखिम में डाल इस रास्ते का प्रयोग कर रहे है। केंद्रीय जल आयोग से मिले ताजा अपडेट से लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली है। जेई प्रशांत चौरसिया ने बताया कि गंगा नदी का जलस्तर शुक्रवार को चेतवानी बिंदु को पार करते ही 59.49 मीटर पर स्थिर हो गया है। शनिवार की सुबह से नदी का जलस्तर दो सेंटी मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कम होने लगा है। शनिवार को जलस्तर घटते हुए 59.47 मीटर पर जा पहुंचा है। बाढ़ की आशंका अभी भी बने होने की बात भी कही गई।

# प्रिंसिपल ने 7 साल की बच्ची से किया गंदा काम, आरा में ट्यूशन पढ़ने गई थी, POCSO एक्ट के तहत केस दर्ज

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर में एक स्कूल के प्रिंसिपल पर 7 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र का है। घटना सोमवार की है। आरोपी की पहचान बड़हरा थाना क्षेत्र के निवासी मो.अमरूल हक के रूप में हुई है, जो निजी स्कूल चलाता है। स्कूल में ही वो शाम में बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाता है। बच्ची ट्यूशन पढ़ने के लिए आरोपी के पास पहुंची थी, इसी दौरान उसने बच्ची के साथ दरिंदगी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित बच्ची ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों की ओर से स्थानीय थाने में प्रिंसिपल




के खिलाफ नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई गई। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही आरा सदर अस्पताल में बच्ची का मेडिकल जांच भी कराया गया।

**ट्यूशन के लिए गई बच्ची को कमरे ले जाकर किया गंदा कामः** पीड़ित बच्ची की मां की ओर से स्थानीय थाने में दर्ज प्राथमिक में कहा गया है कि आरोपी स्कूल खत्म होने के बाद शाम में 3 से 4 बजे तक घर में ही बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता है। सोमवार को उसने बच्ची को 2 बजे ही ट्यूशन के लिए घर बुलाया। इसके बाद आरोपी उसे कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने बिना ट्यूशन पढ़ाए ही बच्ची को घर भेज दिया। मंगलवार को जब वह ट्यूशन पढ़ने गई तो उसने नहीं पढ़ाया। बुधवार को जब उसकी मां ने उससे कहा कि ट्यूशन का समय हो चुका है, तो तुम पढ़ने जाओ। तब जाकर उसने अपनी मां को पूरे घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां ने फोन कर आरोपी को उसकी पत्नी के साथ घर बुलाया, लेकिन उसने आने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित बच्ची की मां की ओर से स्थानीय थाने में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया।

**पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिक दर्जः** इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पीड़ित बच्ची की मां की ओर से दुष्कर्म की शिकायत मिलने पर बड़हरा थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिक दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## आरा-रांची एक्सप्रेस से कटकर किसान की मौत

**निज संवाददाता। आरा**



आरा-सासाराम रेलखंड पर सहेजनी रेलवे स्टेशन के समीप शुक्रवार को आरा-रांची एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवा किसान की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के हसन बाजार ओपी अंतर्गत सहेजनी गांव निवासी स्व. विपिन राम के 25 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार सिंह है। जो पेशे से किसान थे। मृतक के भाई सनोज कुमार ने बताया कि वे थोड़ा कम सुनते थे। खेत में काम करने के लिए गए थे। रेलवे ट्रैक पार कर वापस घर आ रहे थे। इसी दौरान आरा-रांची एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना दीः** स्थानीय ग्रामीण ने सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे। फिर पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक अपने तीन भाई व बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां लक्ष्मीणा कुंवर, दो भाई सनोज, उपेंद्र और एक बहन फूलकुमारी है। इस घटना के बाद मृतक की मां लक्ष्मीणा कुंवर और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## वज्रपात से दो की मौत, खेत से लौटने के दौरान गिरा ठनका

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर में आकाशीय बिजली से दो लोगों की मौत हुई है। घटना राजपुर थाना क्षेत्र के मंगराव और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बघेलवा गांव की है। मरने वाले में एक महिला और एक पुरुष है। मृतकों की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के मंगराव गांव की निवासी भूखन राय को पत्नी शारदा देवी (45) और बघेलावा गांव में रामप्रीत चौहान (50) के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनो के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

**खेत से लौट रहे थे दोनोंः** मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम जिले के चौसा और राजपुर प्रखंड की तरफ गरज के साथ झमाझम बारिश हो रही थी। जिसके कारण खेत की तरफ गए लोग अब



घर की तरफ लौटने लगे।इसी दौरान शारदा देवी अपने घर लौट रही रही थी, तभी उसके ऊपर ठनका गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बघेलावा गांव में रामप्रीत चौहान अपने खेत में खाद डाल कर घर लौट रहा था। इसी बीच तेज कड़क के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसके चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। राजपुर के थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया पीड़ित परिवार के सदस्य उक्त महिला के इलाज के लिए सीएचसी आए थे। जिसकी मौत हो गई।

## चौसा थर्मल पॉवर कंपनी में मजदूर की संदिग्ध मौत, बंद कमरे में मिला शव, यूनियन ने परिवार के लिए मांगा मुआवजा

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर जिले के थर्मल पॉवर प्लांट के निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर की बंद कमरे में मौत की सूचना पर पूरे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। मजदूरों की सूचना पर मजदूर नेता के साथ कंपनी के लोग पहुंचे जिसकी सूचना पुलिस को भी दिया गया। शव को दरवाजा तोड़ बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मजदूर की मौत की आशंका हार्ट अटैक से होने की जताई जा रही है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं दूसरी तरह पीड़ित परिवार के लिए मजदूरों ने मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार मृतक सारण जिले स्थित नवादा गांव का



रहने वाला मजदूर प्रवीन कुमार 30 वर्ष पिता राजेंद्र कुमार है। वह थर्मल पावर के निर्माण कार्य में लगी पॉवर मेक कंपनी में कार्यरत था। काम करने के बाद वह अखौरीपुर स्थित लेबर कालोनी में सोने चला गया। सुबह जब मजदूरों द्वारा उसे जगाया जाने लगा तो उठा नही। जब लोगों ने खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर पड़ा था। बताया गया कि दो साल पहले उसकी शादी हुई थी। एक छोटा सा बच्चा है। वहीं मजदूर नेता अर्जुन यादव द्वारा बताया गया कि पीड़ित परिवार के लिए मजदूरों द्वारा मुआवजे की मांग पर किए जा रहे हंगामा पर सभी को समझा बुझाकर शांत कराया गया। इसके साथ ही कंपनी और मजदूर परिवार के बीच समझौता पत्र तैयार कर फिलहाल दाह संस्कार के लिए एक लाख रुपए दिया गया है। इसके बाद एक लाख 70 हजार रुपए आगे देने की बात कही गई है। वहीं इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि पुलिस शव का पोस्टमार्टम भेजने के बाद जांच कर रही है। मौत कैसे हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएसआर फंड से कराए गए निर्माण उजड़ रहे, लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

**भागलपुर।** शहर में सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) फंड से होने वाले काम उजड़ रहे हैं। इसका लाभ लोगों को सीधे नहीं मिल पा रहा है। बस स्टैंड में स्वागत से पहले ही वाटर बूथ के नलके चोरों ने पार कर दिए हैं। अब 15 अगस्त को डीएम से खराब पड़े वाटर बूथ का उद्घाटन कराने की तैयारी है। रेशम भवन में लगाए गये नवग्रह वाटिका भी उजड़ने लगी है। जहां कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड का प्रयोग हो रहा है, वहां देखभाल नहीं हो पा रही है। जहां सीआरएस फंड का उपयोग किया जाना चाहिए वहां बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। जिले व आसपास सीएसआर फंड से कई काम कराए गये हैं। जिसमें केंद्रीय कारा के स्कूल का जीर्णोद्धार, बांका के एक सरकारी स्कूल में बेंच व डेस्क का वितरण, शिवशक्ति मंदिर और बूढ़ानाथ मंदिर में वाटरबूथ, शहर में ट्रैफिक पोस्ट के लिए फ्रेबिकेकेटड बूथ, रोड डिवाइडर के लिए ट्राली दी गयी हैं। साथ ही डिक्सन मोड़ बस स्टैंड और जीरोमाइल बस स्टैंड में यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। प्रशासन से कई बार लोगों ने मांग भी की जो पूरी नहीं हुई। बैंक अधिकारियों का कहना है कि जहां के लिए प्रशासन व विभागीय लोग मांग करते हैं वहां सीएसआर फंड से सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं।

### अस्पताल में 74 गर्भवतियों की एनसी जांच की गई

**मुंगेर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के तहत शुक्रवार को सदर अस्पताल के प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल में एएनसी जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित एनसी जांच शिविर का क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य डॉ. वंदना कुमारी ने अवलोकन किया। जहां उन्होंने गर्भवतियों के सभी प्रकार के जांच की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों व स्वास्थ्यकर्मियों को सुरक्षित मातृत्व आश्वासन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर अस्पताल प्रबंधक मो. तौसिफ हसनैन मौजूद थे। जांच शिविर में कुल 74 गर्भवतियों की स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें एचआरपी अर्थात् हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की कुल 4 गर्भवती मिली। सदर अस्पताल के परिवार नियोजन परामर्शी योगेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को एएनसी जांच शिविर में डॉ. अर्चना कुमारी द्वारा गर्भवतियों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

### हेल्थ एवं वैलनेस केंद्र में दवाओं में जिला अव्वल

**मुंगेर।** जिले कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ करने को लेकर पदाधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मुंगेर जिले में संचालित विभिन्न हेल्थ एवं वैलनेस केंद्रों पर औसतन 120 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं, जो की संपूर्ण बिहार में सबसे ज्यादा है। सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि पूर्व में मई माह 2024 में संपन्न हुए बैठक में भी औसतन 77 प्रकार की दवाएं हेल्थ एवं वैलनेस केंद्र पर उपलब्ध थी। जो की संपूर्ण बिहार में सबसे ज्यादा थी। समीक्षा का यह नतीजा है कि मुंगेर राज्य में हेल्थ एवं वैलनेस केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता में अव्वल रहा है।

### बेगूसराय से लाकर बेचते थे स्मैक, 5 तस्कर को किया गिरफ्तार

**मुंगेर।** कार्रवाई . मुंगेर और बेगूसराय पुलिस ने लाल दरवाजा में की संयुक्त छापेमारी, एक कमरे में लोगों के नशापान की पूरी व्यवस्था कर रखी थी कोतवाली थाना पुलिस ने गुप्त सुचना पर कार्रवाई करते हुए लाल दरवाजा से 5 ग्राम स्मैक के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार किया। एक नाबालिग के विरुद्ध जुवनाइल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र के लाल दरवाजा निवासी अमलेश कुमार, राजीव कुमार उर्फ बैरागी, गोलू कुमार और कासिम बाजार थाना क्षेत्र के मोकबीरा चांय टोला निवासी आनंद कुमार हैं। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी को सूचना मिली कि लाल दरवाजा में एक कमरे में कुछ लोग एक जगहों पर एकत्रित हुए हैं। वहां पर लोग स्मैक पदार्थ का सेवन कर रहे हैं। जिसके बाद सदर डीएसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में डीआईओ और कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी साथ छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस के द्वारा पहले सत्यापन किया गया। उसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर स्मैक की बिक्री करने वाले और सेवन करने वाले को गिरफ्तार किया।

### डीआईजी ने दिया मामलों के निपटारे का निर्देश

**जमालपुर।** रेल डीआईजी तोहिद परवेज शुक्रवार को जमालपुर रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां वे एसआरपी रमण चौधरी के साथ सभी विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण कर पुराने मामलों का निष्पादन जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। साथ ही रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों के निर्वहन का निर्देश दिया। डीआईजी ने कहा ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा रेल पुलिस की पहली जिम्मेदारी है, इसमें लापरवाही हरगिज बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसआरपी कार्यालय में ऐसा पहली बार देखा गया कि डीआईजी निरीक्षण को पहुंचे, लेकिन गार्ड ऑफ ऑनर नहीं हुआ। एक पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि वे सिविल ड्रेस में हैं, इसलिए ऐसा हुआ।

### बिना आधार ई- शिक्षा कोष पर इंट्री नहीं, 20 हजार छात्र-छात्राएं संदेह के घेरे में



**भागलपुर।** ई-शिक्षा कोष पर आधार अपलोड नहीं किए जाने के कारण जिले के सरकारी स्कूलों के 20 हजार छात्र-छात्राएं संदेह के घेरे में हैं। इसके चलते ऐसे छात्र-छात्राएं सरकारी सुविधाओं से वंचित किए जा सकते हैं। जिले के 16 में से 12 प्रखंड के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर नामांकित छात्र-छात्राओं का आधार नंबर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। मार्च से अब तक इन विद्यार्थियों का आधार शिक्षा कोष में अपडेट नहीं किए गए है। इसको गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग ने प्रधानाध्यापक को चेताया है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा अभियान) जमाल मुस्तफा ने पत्र भेजा है। कहा है कि आपके स्कूलों के शेष बचे हुए बच्चों का ई शिक्षा कोष पोर्टल पर शत-प्रतिशत इंट्री नहीं है। बड़ी संख्या बच्चों के आधार कार्ड बने हैं यह मानने योग्य नही बात नहीं है। कार्यालय को भ्रमित करने के प्रयास न किए जाएं। निर्देश है कि पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अंदर सभी वर्ग शिक्षक शेष बचे हुए बच्चों का आधार कार्ड अभिभावक से लेकर उनका पोर्टल पर शत-प्रतिशत इंट्री कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर अभियान चलाया है। इसी के तहत बच्चों का प्रोफाइल ई-शिक्षा कोष पर इंट्री करने के निर्देश दिए गए है। इसमें आधार कार्ड होना अनिवार्य है। तभी उसकी प्रविष्टि ई शिक्षा कोष पर की जा सकती है। आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति बच्चों को पाठ्यपुस्तक, पोषाक किट आदि लाभ से वंचित रहना पड़ेगा। ई शिक्षाकोष पोर्टल पर इंट्री नहीं होने पर योजनाओं से वंचित हो जाएंगे। छात्र जो पोर्टल पर आधार अपडेट नहीं कराएगा। उसे किसी प्रकार की योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। अपडेट नही कराने वाले बच्चों का पता लगाया जाएगा। जिले के सरकारी स्कूल के बच्चों को बांटी जाएगी शैक्षिक किट जिले के सरकारी स्कूलों में चालू शैक्षिक सत्र 2024-25 में पहली से 12वीं कक्षा के बच्चों को शैक्षिक किट मिलेगी। जिले में प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 1952 है।

# बांग्लादेश में भागलपुर के कारोबारियों के फंसे करोड़ों रुपए

निज संवाददाता | भागलपुर



❐ वहां के व्यापारियों से नहीं हो रहा संपर्क, गोदाम में भारी मात्रा में पड़े हैं स्टॉक

बांग्लादेश में स्थिति ठीक नहीं है। जिसका असर भागलपुर के व्यापार पर पड़ रहा है। सिल्क का कारोबार मंदा हो गया है। भागलपुर के करीब 24 कारोबारियों के बांग्लादेश में 50 करोड़ रुपए फंसे हुए हैं। ये राशि एक माह की है। यहां के कारोबारी वहां के व्यापारी से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, पर उनसे संपर्क नहीं हो रहा है। बांग्लादेश में स्थिति कब सामान्य होगी ये अभी कहा नहीं जा सकता है। ऐसे में यहां के कारोबारी को नुकसान का डर है। दूसरी तरफ नाथनगर में कई कारोबारियों के गोदाम में स्टॉक भरा हुआ है। माल बांग्लादेश भेजना था। कारोबारी डर के मारे अपना माल वहां नहीं भेज रहे हैं।

**करोड़ों का नुकसान हो गया:** कारोबारी ओबैद उल्लाह ने कहा कि सिर्फ हमारे इलाके से सालाना दो-तीन करोड़ का माल बांग्लादेश जाता है। जिसमें सिल्क साड़ी (तसर कटिया, तसर मोंगा और तसर घिच्चा) है। अभी काम बंद है। बुनकरों की स्थित बदहाल है। गोदाम में स्टॉक भरा पड़ा है। करोड़ों का नुकसान हो गया है। ऊपर से पूरा काम ठप है।

**बुनकरों के पास अब काम नहीं:** बुनकर रागीब ने कहा कि पिछले 1 महीने में बुनकरों ने जो कपड़ा तैयार किया है। वह यहीं पड़ा हुआ है। नया ऑर्डर नहीं मिल रहा है। जिस वजह से हम खाली बैठे हैं, यहां से कॉटन का कुर्ता, कैलाश साड़ी और सिल्क के कपड़े बांग्लादेश भेजे जाते थे। हम लोग चाहते हैं कि वहां की गवर्नमेंट को जो भी निर्णय लेना है। वे जल्द से जल्द लें, स्थिति सामान्य हो। व्यापार फिर से अच्छा हो जाए। सिल्क नगरी के बुनकरों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है।

**100 कारोबारी करते बांग्लदेश में कारोबार:** भागलपुर के करीब 100 कारोबारियों का व्यापार बांग्लादेश में होता है। कोई कूरियर से तो कोई ऑनलाइन अपना कपड़ा भेजते हैं। पेमेंट भी ऑनलाइन हो जाता है। कारोबारियों का कहना है कि अगर रुपए नहीं मिला तो हम बर्बाद हो जाएंगे। बांग्लादेश के अलावे कोलकाता, दिल्ली समेत अन्य जगहों पर भी सप्लाई की जाती है।

**वहां के कारोबारियों से संपर्क का इंतजार:** बुनकर कमेटी के सदस्य रागिब ने बताया कि पिछले एक महीने में भागलपुर से दो दर्जन से अधिक कारोबारी ने करीब 5 करोड रुपए के सिल्क के कपड़े बांग्लादेश भेजा था। भागलपुर से बांग्लादेश भेजने में आठ दिन का वक्त लगता है। एक केजी पर 600 रुपए खर्च पड़ता है। अभी हमलोग इंतजार कर रहे है कि बांग्लादेश के कारोबारी से संपर्क हो जाए। हिंसा के बाद से वहां के कारोबारी से संपर्क नहीं हो पा रही है। जिसके कारण हम कारोबारी फिलहाल चिंतित है। वहीं, सिल्क कारोबारी चंदन कुमार ने बताया की देश समेत विदेश में भी भेजा जाता है। इन शहरों में यूएसए, बांग्लादेश, सिंगापुर, दुबई, लंदन समेत दर्जनों शहर में भेजा जाता है।

## स्कूल पर वज्रपात...छत में छेद से कमरे में भरा पानी



निज संवाददाता | भागलपुर

पुलिस जिला नवगछिया में शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे आकाशीय बिजली स्कूल पर गिर गई। इसके कारण छत में छेद हो गया। बारिश का पानी पूरे कमरे में भर गया। घटना के समय प्रिंसिपल अपने ऑफिस में काम कर रहे थे। छत में छेद होने से मलबा उनकी कुर्सी पर गिरा। स्कूल के प्रिंसिपल ब्रजेश कुमार विद्यार्थी बाल-बाल बच गए। घटना इस्माइलपुर प्रखंड के राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय कमलाकुंड की है।

**क्या बोले प्रिंसिपल:** प्रिंसिपल ने बताया कि वह ऑफिस में कुर्सी पर बैठकर काम कर रहे थे। पास में ही आदेशपाल बैठा था, तभी जोरदार आवाज हुआ और पूरा कमरा धुएं से भर गया। जब तक वह कुछ समझ पाते देखा कि छत में छेद हो गया है। बारिश का पानी गिर रहा है। इस घटना के बाद स्कूल के सभी कर्मी डरे-सहमे हैं। बिजली गिरने दीवार में दरार आ गया है। स्कूल के सभी बिजली उपकरण और वायरिंग जल गए। प्रिंसिपल ने कहा कि लगभग पौने दो बजे के करीब बारिश शुरू हुई, हम कार्यालय में बैठे हुए थे। हमारा आदेशपाल भी गेट के पास बैठा हुआ था। बारिश का समय था, कक्षाएं चल रही थी। इसके कारण शिक्षक भी नीचे कमरे में थे। तभी वज्रपात हुआ। छत में छेद हो गया। बारिश का पानी कमरे में गिरने लगा।

## बीपी, शुगर, मोटापा की जांच में भागलपुर राज्य में टॉप

निज संवाददाता | भागलपुर



दूसरे नंबर पर गोपालगंज व तीसरे नंबर पर कैमूर, प्रखंड में पीरपैंती नंबर-1 बीपी, शुगर, मोटापा की जांच करने में भागलपुर राज्य में नंबर वन बना है। शुक्रवार को पटना में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (गैर संचारी रोग) डॉ. एनके सिन्हा ने सभी जिलों के गैर संचारी रोग पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार मनस्वी भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2024 से जुलाई 2024 के बीच लक्ष्य की तुलना में भागलपुर ने सौ फीसदी कार्य किया। इसी आधार पर भागलपुर बिहार में नंबर वन बना। जबकि दूसरे नंबर पर गोपालगंज व तीसरे नंबर पर कैमूर रहा। मनस्वी ने बताया कि प्रखंड स्तरीय गैर संचारी जांच में सीएचसी जगदीशपुर ने लक्ष्य की तुलना में सिर्फ 33 प्रतिशत जांच की। जिससे वह सबसे फिसड्डी प्रखंड अस्पताल साबित हुआ। राज्य का प्रदर्शन (36 प्रतिशत) से भी नीचे है। वहीं पीरपैंती में लक्ष्य की तुलना में 198 प्रतिशत अधिक लोगों की जांच हुई। पीरपैंती बिहार के सभी प्रखंडों में टॉप पर है। इसकी प्रशंसा खुद एसपीओ (गैर संचारी रोग) डॉ. सिन्हा ने विशेष रूप से की। सुल्तानगंज (140 प्रतिशत), सबौर (147 प्रतिशत), सन्हौला (148 प्रतिशत), गोपालपुर (173 प्रतिशत), नारायणपुर (139 प्रतिशत) तक काम किया, जिसे सराहा गया।

## चलती ट्रेन पर चढ़ते समय प्लेटफॉर्म के बीच फंसा यात्री, मुंगेर में RPF ने बचाई जान

निज संवाददाता | मुंगेर



♦ CCTV में कैद हुई पूरी घटना

मुंगेर स्थित मालदा रेल मंडल के सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ते समय नीचे गिर गया। वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। यह देख ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के जवान ने उसे बाहर निकाला और चलती ट्रेन में ही उसे चढ़ा दिया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इसका वीडियो सामने आया है। यात्री की पहचान कटिहार निवासी मोहम्मद लालू (47) के रूप में हुई है। यह रांची-भागलपुर स्पेशल ट्रेन के एस 4 कोच में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। ट्रेन चल रही थी। इस दौरान वह कोच और प्लेटफार्म के बीच फंसने ही वाला था कि वहां मौजूद जवान आरके मीना और ज्योतिष कुमार की नजर पड़ी।

**जवानों ने यात्री को सकुशल निकाला:** जवानों ने त्वरित कार्रवाई के तहत यात्री को सकुशल बाहर निकाला और चलती ट्रेन में नहीं चढ़ने की चेतावनी देते हुए पुनः उसे ट्रेन पर चढ़ा दिया। मोहम्मद लालू ने आरपीएफ जवानों के प्रति आभार जताया। इधर, यह घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। रेल यात्री की जान बचाने वाले आरके मीणा ने बताया कि अभी सुल्तानगंज स्टेशन पर देश के विभिन्न राज्यों से कांवरिया आते हैं, जिस कारण सुरक्षा को लेकर हम लोग स्टेशन पर हमेशा अलग-अलग टाइम पर आरपीएफ की टीम ड्यूटी पर मौजूद रहते हैं।

**दुर्घटना में हो सकती थी मौत:** ट्रेन के आने के वक्त भी हम स्टेशन पर अपनी ड्यूटी में तैनात थे, तभी अचानक देखा कि एक यात्री, जो किसी तरह ट्रेन के डिब्बे के मुख्य दरवाजा से नीचे गिर गया और प्लेटफार्म और पटरी के बीच घसीटते हुए जा रहा था। तभी उसे किसी तरह उठाया गया और चलती ट्रेन में ही उसे ट्रेन के अंदर चढ़ा दिया गया। अन्यथा दुर्घटना में उनकी मौत हो सकती थी।

## फाटक में फंसी जिंदगी, 10 घंटे रोज गिर रहा फाटक, अप-डाउन में 90 ट्रेनें



निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर जंक्शन से सटे रेलवे क्रॉसिंग आमलोगों की समय की बर्बादी का कारण बन रहा। यहां रेल ओवर ब्रिज नहीं होने का खामियाजा इस कदर भुगतना पड़ रहा है कि 24 घंटे में प्रतिदिन औसतन करीब 10 घंटे तक रेल फाटक बंद ही रहता है। मुस्लिम कॉलेज के पीछे 1/A रेलवे क्रॉसिंग, नाथनगर रेलवे स्टेशन के पास गेट संख्या 1/C क्रासिंग में अक्सर फाटक बंद रहने के कारण वाहनों की लंबी कतार लगती है। रेल ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर भी विभाग की ओर से ठोस प्रयास नहीं हो रहा। नवंबर में रेलवे और पुल निर्माण निगम की टीम ने संयुक्त निरीक्षण कर आरओबी बनाने के लिए संभावना तलाशी थी। जिसकी जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग (जीएडी) बनाकर रेलवे को जमा कर दी गयी है। अबतक मंजूरी नहीं मिली, जिसका खामियाजा इस क्रॉसिंग से गुजरने वालों को भुगतना पड़ रहा है। इस क्रॉसिंग से अप और डाउन में तकरीबन 90 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। इन ट्रेनों को यहां से गुजारे जाने के दौरान औसतन 15 मिनट तक फाटक को बंद रखा जाता है। ऐसे में प्रतिदिन करीब 10 घंटे तक रेल फाटक गिरा ही रहता है।

**सिरदर्दी... जाम से छूट रहे जरूरी काम:** भागलपुर-जमालपुर रेलखंड में पंखा टोली मार्ग पर रेलवे क्रासिंग बंद होने से जाम की समस्या बनी रहती है। स्कूली बच्चों से लेकर रोजमर्रा के काम से निकले लोगों को अक्सर जाम का शिकार होना पड़ता है। कुछ को देर हो जाती है तो कइयों का काम ही छूट जाता है। मंगलवार की दोपहर 1.50 बजे भागलपुर स्टेशन प्रबंधक कार्यालय से यहां फाटक बंद करने का मेमो (अनुमति) मिला। जिसके बाद गेट बंद हुआ और अप और डाउन से एक मालगाड़ी, गरीबरथ, मुजफ्फरपुर इंटरसिटी गुजरने के बाद ही 2.22 बजे क्रॉसिंग गेट खुला। यानी लोगों को गेट खुलने के लिए करीब 32 मिनट का इंतजार करना पड़ा।

## 405 ग्राम ड्रग्स के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

**मुंगेर ।** कोतवाली थाना की पुलिस ने गुप्त सुचना पर कार्रवाई करते हुए लाल दरवाजा से 5 ग्राम स्मैक के साथ एक नाबालिग सहित चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र के लाल दरवाजा निवासी अमलेश कुमार, राजीव कुमार उर्फ बैरागी, गोलू कुमार और कासिम बाजार थाना क्षेत्र के मोकबीरा चांय टोला निवासी आनंद कुमार है। इसके अलावा कोतवाली थाना क्षेत्र से एक नाबालिग के खिलाफ जुवेनाइल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। जानकारी देते हुए एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी को सूचना मिली थी कि लाल दरवाजा में कुछ लोग एक जगहों पर जाम हुए है। वहां पर लोग स्मैक पदार्थ का सेवन कर रहे है। इसके बाद सदर डीएसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में डीआईओ और कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने छापेमारी की और सभी को गिरफ्तार कर लिया। बेगूसराय से स्मैक आ रहा मुंगेर: पुलिस को पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी लाल दरवाजा निवासी अमलेश कुमार ने बताया कि वह बेगूसराय से स्मैक को खरीदकर लाता था और यहां खुदरा भाव में बिक्री करता था। इसके साथ ही स्मैक की एक कमरा में स्मैक सेवन करने वालों के लिए सारी सुविधा उपलब्ध कराता था।

## शादीशुदा बीपीएससी शिक्षक प्रेमिका को लेकर फरार, मामला दर्ज

**मुंगेर ।** मुंगेर के टेटिया बंबर थाना क्षेत्र में शादीशुदा बीपीएससी शिक्षक अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार युवक रैनिया गांव निवासी बीपीएससी शिक्षक दीपक कुमार है। वहीं प्रेमिका महादेवा गांव निवासी बबलू सिंह की बेटी मौसम कुमारी है। मौसम ने शुक्रवार को वीडियो जारी कर कहा है कि वह जहां भी हैं सुरक्षित है और उसे कोई परेशानी नहीं है।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ......................

इच्छा की अभिवृति **Expression of Interest** (EOI) 10/2024–25

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत बड़ा तालाब (अम्बेडकर पार्क) में STP (1 MLD) योजना हेतु PMC विशेषज्ञ की जरूरत है। इच्छुक परामर्शी **दिनांक 20.08.2024 को 1:00 बजे अपराह्न** तक कोटेशन के साथ सभी कागजातों (ITR, GST, अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन (PMC के दर) जमा कर सकते है। कोटेशन उसी दिन **3:00 बजे अपराह्न** में नगर निगम कार्यालय के e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय तकनीकी विशेषज्ञ के साथ उपस्थित रहेगें। निविदा एवं शर्तें कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 332390 District (24-25)_D

## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

ई–अतिअल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 16/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 10.08.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/CHATRA/STPKG/17/2023-24 | PMGSY रोड भगवनियाँ से कोरचा तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–4.130 कि॰मी॰)। | 1077.933 | दस करोड़ सतहत्तर लाख तिरानबे हजार तीन सौ मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| 2 | | बेला से कोलटीकर तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰– 5.160 कि॰मी॰)। | | | | |
| 3 | | कमताखूर्द से तुराग तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–1.600 कि॰मी॰)। | | | | |
| 4 | | गंझुटोला से सरैया तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰– 2.800 कि॰मी॰)। | | | | |
| 5 | | मोक्तमा से डुमरी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰– 6.900 कि॰मी॰)। | | | | |
| 6 | | टटरा से तेलिया नावाडीह तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰– 1.500 कि॰मी॰)। | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.332450 Rural Work Department(24-25):D

# दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद पटना में कड़ाई, 138 संस्थानों लग सकता है ताला, 1 लाख तक जुर्माना भी



**पटना, एजेंसी।** दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद बिहार में इन संस्थानों पर सख्ती बढ़ा दी गयी है। राजधानी पटना में 138 कोचिंग संस्थानों के निबंधन के लिए आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी रद्द आवेदन वाले संस्थानों की जांच करेंगे। जांच में देखा जाएगा कि निबंधन के लिए अयोग्य पाए गए आवेदन वाले कोचिंग संस्थानों का अवैध ढंग से संचालन तो नहीं हो रहा है। यदि अवैध ढंग से संचालन हो रहा हो तो उनपर कार्रवाई होगी। मानक पुरा नहीं करने वाले कोचिंग संस्थानों पर ताला लग सकता है। उन पर 25 हजार से 1 लाख तक जुर्माना भी लगाया जा सकता है। डीएम चंद्रशेखर सिंह ने सभी एसडीएम को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कोचिंग निबंधन समिति की बैठक हुई। इसमें वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना शिक्षा) राजकमल एवं समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। बता दें कि जिलान्तर्गत कोचिंग के निबंधन के लिए कुल 936 आवेदन प्राप्त हुआ था। इसमें 413 कोचिंग का निबंधन पहले हो चुका है। शेष 523 आवेदनों में 138 की जांच की गई थी। आवेदनों की जांच के बाद इन 138 कोचिंग संस्थानों को निबंधन के लिए अयोग्य पाते हुए इन आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया था। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को इन 138 अस्वीकृत आवेदनों की सूची अनुमंडलवार अलगअलग कर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही निबंधन के लिए लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द निपटारा करने के लिए निर्देश दिया गया है।

**कोचिंग संस्थानों को भेजा जा रहा नोटिस :** पदाधिकारियों की टीम द्वारा जांच में जिन-जिन कोचिंग संस्थानों में कमियां पायी गई है उन के संचालकों और प्रबंधकों को इस आशय का नोटिस दिया जा रहा है कि अधिनियम के प्रावधानों के तहत क्यों नहीं उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। अगर स्थिति मे सुधार नहीं किया तो कई संस्थानों पर ताला लग जाएगा। नोटिस प्राप्ति के साथ उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए दो सप्ताह का समय दिया जा रहा है। अधिनियम के किसी प्रावधान का उल्लंघन करने पर प्रथम अपराध के लिए 25,000 रुपये और द्वितीय अपराध के लिए 1,00,000 रुपये के दंड का प्रावधान है। द्वितीय अपराध के बाद निबंधन रद्द किए जाने का भी प्रावधान है।

**बिना निबंधन के नहीं चलेंगे कोचिंग संस्थान :** कोई भी कोचिंग संस्थान बिना वैध निबंधन प्रमाण पत्र प्राप्त किए ना तो स्थापित किया जाएगा और ना चलाया जाएगा। कोचिंग संस्था की आधारभूत संरचना के अधीन प्रति क्लास रूम में प्रति छात्र न्यूनतम 1 वर्ग मीटर जगह होगा। क्लास रूम में प्रवेश एवं निकास अवरोधमुक्त होना चाहिए। बिल्डिंग बायलॉज और अग्नि सुरक्षश के मानकों का अनुपालन सुनिश्चित होना चाहिए। जिलाधिकारी डॉ.चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि उपर्युक्त तीनों मानकों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में हाईवे पर 1258 लीटर ब्रांडेड शराब पकड़ी गई



**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ में नेशनल हाईवे पर चेकिंग के दौरान आबकारी विभाग ने शराब की बड़ी खेप बरामद की है। इटौंजा से लखनऊ की तरफ आने वाले रास्ते पर इनपुट मिलने पर आबकारी विभाग ने नरेशन लॉन एंड बैंक्वेट हाल के पास बिहार नंबर की ट्रक को रोका, चेकिंग और पूछताछ करने पर डीसीएम में मशीनरी पार्ट्स के बॉक्स मिले। इस दौरान ड्राइवर ने मशीनरी पार्ट्स को मुजफ्फरपुर ले जाने की जानकारी दी, लेकिन इनपुट की सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने मशीनरी पार्ट्स को हटाकर डीसीएम की चेकिंग दोबारा की तो इसमें कई कार्टून दिखे, जिसके बाद इसे बाहर निकालकर जांच की गई। इनमें रॉयल स्टैग शराब की ब्रांडेड बोतलें बरामद हुईं।

### डीएसपी के घर के आगे से बाइक चोरी-पटना सिटी में शिक्षक की बाइक ले गए चोर, सीसीटीवी में दिखा आरोपी




**पटना, एजेंसी।** पटना सिटी में सविता सदन टीचर कॉलोनी में एक डीएसपी के घर के आगे लगी बाइक चोरी हो गई। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी युवक दिखा है। मामला बाईपास थाना इलाके की है। इसकी लिखित शिकायत की गई है। पीड़ित शिक्षक सुधीर कुमार चौधरी ने बताया कि मारवाड़ी हाई स्कूल पटना सिटी में शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि अग्निशमन विभाग के डीएसपी रवि रुद्र के घर में किराए पर रहते हैं। घटना 6 अगस्त की ही है। वह घर के नीचे बाइक लगाकर सो रहे थे। देर रात करीब 3~22 पर एक चोर बाइक में चाबी लगाकर लेकर चला गया। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत बाईपास थाने में की है। घटना के बाद पूरे मामले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। उन्होंने यह भी कहा कि आवेदन देने के बाद पुलिस की ओर से आश्वासन दिया गया है।

### रेलवे ट्रैक पर रील बनाया तो खैर नहीं, पकड़े जाने पर आरपीएफ करेगी यह कार्रवाई, टोल-फ्री नंबर जारी

**पटना, एजेंसी।** रील बनाकर फेमस होने और पैसे कमाने की चाहत और लत में आज करोड़ों लोग बुरी तरह से फंस गए हैं। गाड़ियों पर स्टंट, कभी भद्दे और अमानक गतिविधि, कभी उफनती नदी या पुल से वीडियो तो कभी चलती ट्रेन से लेकर पटरी तक खतरनाक रील बनाकर वायरल किए जा रहे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए प्रसाशन की ओर से कई कदम उठाए जा रहे हैं। फिर भी गलत तरीके से रील बनाने का सिलसिला थम नहीं रहा। इसे देखते हुए रेलवे ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिया है। यात्री सुरक्षा व संरक्षित रेल परिचालन के मद्देनजर आरपीएफ मुख्यालय ने ट्रैक पर रील बनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्ती करने का निर्देश आरपीएफ को दिया है। रेल लाइन की निगरानी बढ़ाने के साथ रील आदि बनाने के दौरान ट्रैक से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनको जेल भेजने को कहा है। कहा है कि सभी अधिकारी अपने अपने कार्यक्षेत्र में सुनिश्चित करें कि रेलवे ट्रैक पर रील बनाने की घटनाओं पर पूरी तरह से विराम लगे। बीते सप्ताह आरपीएफ ने रील्स बनाने के लिए रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ करने वाले यू-ट्यूबर को प्रयागराज से गिरफ्तार किया था। इसके बाद आरपीएफ मुख्यालय ने ऐसे मामलों की समीक्षा की। इसमें पाया गया कि इन दिनों ट्रेन, रेलवे ट्रैक, फूट ओवर ब्रिज , प्लेटफॉर्म, जंक्शन और स्टेशन पर रील्स बनाने का चलन बढ़ा है। यही नहीं, कई तरह की गैर कानूनी गतिविधियां और ट्रैक से छेड़छाड़ से संबंधित रील को चिह्नित भी किया गया। समीक्षा में बताया गया कि ऐसे लोगों की गतिविधियां यात्री सुरक्षा व संरक्षित रेल परिचालन दोनों के लिए एक बड़ा खतरा पैदा करती हैं।

# भोजपुर के रास्ते गुजरे दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें:रक्सौल और लोकमान्य तिलक आना-जाना होगा आसान

## यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा रक्सौल से लोकमान्य तिलक के मध्य 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेन 05557/05558 एवं 05585/05586 रक्सौल-लोकमान्य तिलक-रक्सौल सुपरफास्ट स्पेशल का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी सं. 05557/05558 रक्सौल-लोकमान्य तिलक-रक्सौल सुपरफास्ट स्पेशल सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर,आरा, बक्सर के रास्ते लोकमान्य तिलक को जायेगी ।जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी है।

1. गाड़ी सं. 05557/05558 रक्सौल-लोकमान्य तिलक-रक्सौल सुपरफास्ट स्पेशल (सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी सं. 05557 रक्सौल-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल 13.08.2024 से 27.08.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से 19.15 बजे खुलकर 20.05 बजे बैरगनिया, 20.50 बजे सीतामढ़ी, 22.45 बजे मुजफ्फरपुर, बुधवार को 00.01 बजे हाजीपुर, 01.05 बजे पाटलिपुत्र, 01.50 बजे आरा, 02.40 बजे बक्सर एवं 05.00 बजे डीडीयू रूकते हुए गुरूवार को 05.50 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी



सं. 05558 लोकमान्य तिलक-रक्सौल सुपरफास्ट स्पेशल 15.08.2024 से 29.08.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 07.55 बजे खुलकर शुक्रवार को 07.15 बजे डीडीयू, 08.28 बजे बक्सर, 09.18 बजे आरा, 10.00 बजे पाटलिपुत्र, 11.05 बजे हाजीपुर, 12.35 बजे मुजफ्फरपुर, 14.55 बजे सीतामढ़ी, 15.26 बजे बैरगनिया रूकते हुए 16.50 बजे रक्सौल पहुंचेगी । इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 03 एवं शयनयान श्रेणी का 15 कोच होंगे जिनमें शयनयान श्रेणी के 04 कोच साधारण श्रेणी के रूप चिन्हित होंगे । 2. गाड़ी सं. 05585/86 रक्सौल-लोकमान्य तिलक-रक्सौल सुपरफास्ट स्पेशल (सीतामढ़ी-दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-पटना-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी सं. 05585 रक्सौल-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल 09.08.2024 से 30.08.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को रक्सौल से 16.55 बजे खुलकर 17.44 बजे बैरगनिया, 18.25 बजे सीतामढ़ी, 18.52 बजे जनकपुर रोड, 19.16 बजे कमतौल, 19.58 बजे दरभंगा, 21.20 बजे समस्तीपुर, 22.25 बजे बरौनी रूकते हुए शनिवार को 00.40 बजे पटना एवं 05.00 बजे डीडीयू रूकते हुए रविवार को 05.30 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी ।

वापसी में, गाड़ी सं. 05586 लोकमान्य तिलक-रक्सौल सुपरफास्ट स्पेशल 11.08.2024 से 01.09.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 16.35 बजे खुलकर सोमवार को 19.38 बजे डीडीयू, 22.25 बजे पटना, मंगलवार को 01.25 बजे बरौनी, 03.10 बजे समस्तीपुर, 04.07 बजे दरभंगा, 04.32 बजे कमतौली, 04.50 बजे जनकपुर रोड, 05.20 बजे सीतामढ़ी एवं 05.56 बजे बैरगनिया रूकते हुए 07.45 बजे रक्सौल पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी का 14 कोच होंगे तथा साधारण श्रेणी 08 कोच होंगे।



## बिहार शरीफ में सिपाही भर्ती परीक्षा की तैयारियां पूरी

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार शरीफ में सिपाही भर्ती के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारियां पूरी हो गई हैं। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित यह परीक्षा आगामी 11 अगस्त, रविवार को बिहारशरीफ जिला मुख्यालय के 25 परीक्षा केंद्रों पर होगी। इस परीक्षा में कुल 18,390 उम्मीदवार भाग लेंगे। परीक्षा का आयोजन एक ही पाली में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। उम्मीदवारों को सुबह 9~30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए कड़े इंतजाम किए हैं।

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र प्रेक्षक, दो स्टैटिक दंडाधिकारी और दो पुलिस पदाधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, 12 गश्ती दल और 5 उड़नदस्ता दल भी परीक्षा के दौरान सतर्क रहेंगे। परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी।

### नियमों का पालन करें

जिला प्रशासन ने एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया है, जिसका फोन नंबर 06112-235288 है। परीक्षार्थियों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे मोबाइल फोन या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को परीक्षा हॉल में न लाएं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया की हमने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि परीक्षा पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन ने सभी उम्मीदवारों से अपील की है कि वे समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचें और नियमों का पालन करें।

# डाक विभाग की पहल से घर-घर पहुंचेगा राष्ट्रीय गौरव

## ऑनलाइन खरीदारी के लिए पोर्टल पर कर सकते हैं विजिट, 25 रुपए रखी गई है कीमत

**नालंदा, एजेंसी।** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी हर घर तिरंगा अभियान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने एक अभिनव पहल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत, देश के हर नागरिक को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का सुगम अवसर प्रदान किया जा रहा है। नालंदा के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की हमारा लक्ष्य है कि देश का हर घर तिरंगे से सजे। इसी उद्देश्य से हमने तिरंगे को मात्र 25 रुपए की किफायती कीमत पर उपलब्ध कराया है। उन्होंने आगे बताया कि लोग अपने नजदीकी डाकघर से या फिर घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से भी झंडे की खरीदारी कर सकते हैं। ऑनलाइन खरीदारी के लिएविभागीय पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। यह सुविधा उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है जो समय की कमी या अन्य कारणों से डाकघर तक नहीं पहुंच सकते। राष्ट्रीय ध्वज का आकार 20 इंच गुणा 30 इंच निर्धारित किया गया है, जो कि एक आम घर के लिए उपयुक्त है। महत्वपूर्ण बात यह है कि तिरंगे पर कोई अतिरिक्त कर (जीएसटी) नहीं लगाया गया है, जिससे यह हर वर्ग के लोगों की पहुंच में है।

### डिलीवरी पूरी तरह नि :शुल्क

डाक विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि



झंडे की डिलीवरी पूरी तरह निःशुल्क हो। श्री कुमार ने इस संबंध में कहा, हमारा मानना है कि राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक को घर-घर तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। इसलिए हमने किसी भी ऑर्डर पर डिलीवरी शुल्क नहीं रखा है।इस अभियान की सफलता में डाक विभाग के कर्मचारियों की भूमिका अहम है। डाकपाल श्री राजीव रंजन कुमार ने बताया, हम सभी इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक यह संदेश पहुंचे और वे इस अभियान में भाग लें। हर घर तिरंगा अभियान न केवल देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का भी प्रतीक है। डाक विभाग की यह पहल निश्चित रूप से इस अभियान को एक नई दिशा और गति प्रदान करेगी, जिससे देश के कोने-कोने में तिरंगे की गौरवशाली उपस्थिति सुनिश्चित होगी।

# बिहार के 38 जिलों में 20 सूत्री कमेटी गठित, नीतीश ने बीजेपी-जेडीयू-हम-एलजेपीआर के नेताओं को किया सेट



**पटना, एजेंसी।** नीतीश सरकार ने बिहार के सभी 38 जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन अर्थात 20 सूत्री समिति का गठन कर दिया है। शुक्रवार की देर रात इसकी जिलावार अधिसूचना जारी कर दी गई। गौर हो कि राज्य में जनवरी अंत में एनडीए सरकार के गठन के साथ ही महागठबंधन सरकार में बनी ये कमेटियां भंग कर दी गयी थीं। हर जिले में सत्ताधारी दलों से जुड़े राजनैतिक कार्यकर्ताओं को सेट किया गया है। शुक्रवार देर रात कैबिनेट विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सभी जिलों में प्रभारी मंत्री अध्यक्ष बनाये गये हैं। बीस सूत्री कमेट में एनडीए सरकार में शामिल भाजपा और जदयू समेत अन्य सहयोगी दलों हम और लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्षों को बतौर उपाध्यक्ष कमेट में शामिल किया गया है। हर जिला समिति में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष समेत कुल 25 सदस्य मनोनीत किये गये हैं। जिले के सभी लोकसभा और राज्यसभा सांसद, विधायक, विधान पार्षद, जिला परिषद के अध्यक्ष, नगर निगम के महापौर इसके पदेन सदस्य होंगे।

वहीं, डीएम सचिव होंगे। कैबिनेट विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सभी जिलों के प्रभारी मंत्री को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं एनडीए सरकार में शामिल बीजेपी और जदयू के साथ लोजपा रामविलास और जीतनराम मांझी की पार्टी हम के जिलाध्यक्षों को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिले के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित 20 सूत्री कमेटी में लोकसभा सांसद पदेन सदस्य, वैसे राज्यसभा के सदस्य जिनका गृह जिला उक्त जिले में अवस्थित है वे भी पदेन सदस्य होंगे। जिले के विधानसभा के सभी विधायक पदेन सदस्य, जिले के वैसे विधान परिषद के सदस्य जिनका गृह जिला उस जिले में स्थित है पदेन सदस्य के रूप में शामिल होंगे। जिला परिषद के अध्यक्ष, जिला नगर निगम के महापौर, नगर पर्षद, नगर पंचायत के अध्यक्ष पदेन सदस्य होंगे तो जिले के डीएम इस कमेटी के सदस्य सचिव होंगे। इसके अतिरिक्त डीडीसी, एसपी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं तकनीकी पदाधिकारी, जिला लीड बैंक प्रबंधक, जिले में स्थित विभिन्न बैंकों के समन्वयक तथा नाबार्ड के डीडीएम भी पदेन सदस्य के रूप में काम करेंगे। समिति के मनोनीत नामित सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से अगले आदेश तक मान्य होगा। राजनीति के जानकार बताते हैं कि नीतीश कुमार ने आगामी बिहार विधानसभा के चुनाव को देखते हुए बीस सूत्री कमेटी बनाई है। इसके माध्यम से सरकार जहां जिलों में विकास कार्यो को नियंत्रित कर पाएगी वहीं अपने कार्यकर्ताओं को संतुष्ट भी कर पाने में सफल होगी।



## पूर्व एमएलसी के सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट, सदर अस्पताल में पीड़ित भर्ती

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद के पूर्व एमएलसी राजन सिंह के सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट हुई। घायल को औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के लिए रात करीब 12~00 बजे के आसपास भर्ती करवाया गया। घायल की पहचान नगर थाना क्षेत्र के सत्येंद्र नगर कॉलोनी महाकाल मंदिर के समीप निवासी राकेश राय के रूप में की गई है। घायल ने बताया कि पूर्व एमएलसी राजन सिंह का भरथौली नहर के समीप स्थित राजन ममता डिग्री कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत हूं। घायल ने बताया कि 5 से 6 की संख्या में कुछ लोग आए और कॉलेज कैंपस से बाहर ले जाकर मारपीट करने लगे। जिससे मैं घायल हो गया। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह किसी बात को लेकर रत्ना भारथौली के पास घायल की अमूल सिंह नाम के व्यक्ति के साथ बहस हुई थी। जिसके बाद मारपीट की घटना घटी। फिलहाल घायल का इलाज औरंगाबाद से अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरे राज्यों से आनेवाली गाड़ियां झारखंड में नहीं लेती है ईंधन, इसलिए वैट कम करे सरकार

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर राज्यभर के 1600 पेट्रोल पंप मालिकों का जुटान 16 अगस्त को रांची में होगा. सात सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलेंगे. इस बाबत शुक्रवार को कोलफील्ड पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन ने ग्रीन व्यू पेट्रोलपंप में पोस्टर का अनावरण किया. मौके पर झारखंड पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के महासचिव शरत दुदानी ने कहा कि वैट सहित अन्य मांगों को लेकर 16 अगस्त को मुख्यमंत्री से मुलाकात की जायेगी. मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा. पेट्रोलियम पर झारखंड में 22 प्रतिशत वैट है, जबकि पड़ोसी राज्यों में इससे कम है. इस कारण बाहर की गाड़ियां यहां ईंधन नहीं लेती हैं. इसके अलावा सिंगल प्वाइंट पर पेट्रोलियम पर टैक्स है. फिर भी हमलोगों को रिटर्न भरना पड़ता है. बिहार की तरह यहां भी रिटर्न भरने का प्रावधान खत्म किया जाये और वैट 22 से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाये. पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल केंद्र के लिए एनुअल मेंटेनेंस चार्ज के प्रावधान को खत्म किया जाये. सरकारी कार्यालय पर पेट्रोलपंपों का करोड़ों रुपया बकाया है, इसको क्लियर करने, पेट्रोल पंपों का मार्जिन मनी पांच प्रतिशत करने, पेट्रोलियम प्रोडक्ट समय पर उपलब्ध कराने, जबरन लुब्रिकेंट की बिलिंग नहीं करने आदि मांगों को रखा जायेगा. प्रदर्शन के दौरान माधव सिंह, संजीव राणा, गोपाल साव, रितेश सिंह, प्राण सिंह, राकेश कुमार, प्रकाश साव, अमित मंडल आदि उपस्थित थे.

### एसएसपी ने धनबाद थाना का किया औचक निरीक्षण

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दनन ने शुक्रवार को धनबाद थाना का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्था का जायजा लिया. वहीं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर थाना में दर्ज मुकदमों की समीक्षा करते हुए लंबित मुकदमों के जल्द निष्पादन का निर्देश दिया. एसएसपी ने पूरे थाना परिसर का भ्रमण कर साफ–सफाई कराने का आदेश दिया.एसएसपी श्री जनार्दनन ने यहां थाना प्रभारी आरएन ठाकुर और थाना के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर केस की जानकारी ली. पता चला कि लगभग आठ सौ केस पेंडिंग हैं और हर माह 70–80 केस दर्ज होते हैं. उन्होंने सभी केस को सभी पदाधिकारियों में बांटने और गंभीर मामलों को अच्छे पदाधिकारी को देने की बात कही. कहा कि इससे केस का अनुसंधान अच्छा होगा और केस डिस्पोजल में तेजी आयेगी. उन्होंने पिछले छह माह में कार्यों की जानकारी ली और अगले छह माह की कार्ययोजना का टार्गेट दिया. वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष कार्ययोजना के तहत सभी पेशेवर अपराधियों की सूची बनाकर विशेष निगरानी रखने, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, गश्त बढ़ाने, मतदान केंद्रों का सत्यापन करने का निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना परिसर में रखे कबाड़ को हटाने, जब्त वाहनों की नीलामी करने, सफाई कराने व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा. उन्होंने बेहतर कार्य के लिए एसआई तुलाराम मुंडा को सम्मानित भी किया. इसके बाद एसएसपी महिला थाना पहुंचे और वहां व्यवस्था का जायजा लिया. यहां भवन के रख–रखाव व सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिये.

### महारत्न कंपनी की तर्ज पर कोयला अधिकारियों के वेतन बढ़ाने की मांग

**धनबाद, एजेंसी।** कोयला अधिकारियों की वेतन विसंगति व वेतन उन्नयन (पे–अपग्रेडेशन) तथा कोलफील्ड्स अलाउंस की बहाली जैसे लंबे समय से लंबित प्रमुख मुद्दों के समाधान की मांगों को लेकर बीसीसीएल समेत अन्य कोल कंपनियों के एमओएआइ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी व कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में मिला. कोयला अधिकारियों के लंबित पांच सूत्री मांग पत्र सौंपकर प्रतिनिधिमंडल ने महारत्न कंपनी के दर्ज पर वेतन देने की मांग की. साथ ही कोल इंडिया बोर्ड द्वारा भेजे गये अधिकारियों पे अग्रेडेशन (वेतन उन्नयन) की स्वीकृति देने की आग्रह किया. सीएमओएआइ ने कोलफील्ड अलाउंस व चार्ज अलाउंस का भुगतान शुरू करने, अधिकारियों की फिक्स पेंशन को केंद्र की दूसरे विभागों की पेंशन के समान करते हुए डीए से भी जोड़ने, गंभीर बीमारियों के मामले में अधिकारियों को छह माह तक ही विशेष अवकाश की सीमा को समाप्त करने, कर्मचारियों के बच्चों के समान ही अधिकारियों के बच्चों को भी सरकारी संस्थानों से तकनीकी एवं पेशेवर डिग्री कोर्स करने पर उनकी ट्यूशन फीस का भुगतान कंपनी द्वारा करने की मांग की है.

# तीन दिनों की बारिश में सुधरे हालात आधे से अधिक खेतों में हुई धानरोपनी

**रांची, एजेंसी।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने चालू खरीफ मौसम में जितना धान लगाने का लक्ष्य रखा था, उसके आधे से अधिक में धान लग चुका है. शुरुआत में मॉनसून के कमजोर होने के कारण धान लगाने की रफ्तार बहुत धीमी थी. वहीं, एक से तीन अगस्त तक करीब-करीब पूरे राज्य में जबरदस्त बारिश हुई. इस कारण खेतों में पानी जमा हो गया था. इसके बाद किसानों ने धानरोपनी का काम तेज कर दिया. अब तक राज्य में करीब 9.25 लाख हेक्टेयर में धान की रोपाई की जा चुकी है.



राज्य सरकार ने इस साल 18 लाख हेक्टेयर में धान लगाने का लक्ष्य रखा है. 31 जुलाई तक राज्य में लक्ष्य का सिर्फ आठ-नौ फीसदी खेतों में ही रोपा हो पाया था. विभागीय अधिकारियों ने कहा कि मॉनसून के देर से आने के कारण यहां के किसान अब अगस्त के अंत तक रोपा करेंगे. इस कारण अभी की स्थिति में और सुधार की गुंजाइश है. अभी अच्छी बारिश भी हो रही है.

बीते साल राज्य में सूखे की स्थिति थी. बारिश देर से हुई थी. इस कारण अगस्त के पहले सप्ताह तक राज्य में करीब पांच लाख हेक्टेयर में ही धान लग पाया था. इस बार स्थिति बीते साल से अच्छी है. धान को छोड़ दें, तो अन्य फसलों में राज्य बीते साल से पीछे है. बीते साल करीब 30 हजार हेक्टेयर में मोटा अनाज लगाया गया था. इस साल करीब 23 हजार हेक्टेयर में ही लग पाया है. बीते साल इस समय तक करीब 25 हजार हेक्टेयर में दलहन लगाया गया था. इस साल करीब 24 हजार हेक्टेयर में लग पाया है. यही स्थिति तेलहन की भी है. इसमें भी झारखंड बीते साल से पीछे चल रहा है.

झारखंड में पिछले दो साल से धान का उत्पादन घट रहा है. पिछले दो साल से राज्य में सूखा पड़ रहा है. 2021-22 में करीब 54 लाख टन धान का उत्पादन हुआ था. इसके बाद 2022-23 में 19 लाख और 2023-24 में करीब 29 लाख टन धान का उत्पादन हुआ है. 2022-23 में 7.37 लाख हेक्टेयर में ही धान लग पाया था. वहीं, 2023-24 में करीब 12 लाख हेक्टेयर में धान लग पाया था. इस कारण उत्पादन पर असर पड़ा था.

झारखंड में मॉनसून की गतिविधि शुक्रवार को सामान्य रही. राज्य के कोल्हान वाले हिस्से में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई. पिछले 24 घंटे में जमशेदपुर में करीब 52 मिमी के आसपास बारिश हुई. मौसम विज्ञान केंद्र का पूर्वानुमान है कि अगले तीन दिनों तक राजधानी को छोड़ राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है. इसको लेकर मौसम केंद्र ने अलर्ट भी किया है. मौसम विज्ञान केंद्र का पूर्वानुमान है कि 11 अगस्त को संताल परगना में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हो सकती है. 13 अगस्त को पलामू और उत्तरी छोटानागपुर वाले इलाके में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है. राजधानी और अन्य हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है.

## हेमंत सोरेन ने जन्मदिन पर दिखाया अपने हाथ पर लगे कैदी का निशान, लिया ये संकल्प

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपना 49वां जन्मदिन मना रहे हैं. इस मौके पर झामुमो कार्यकर्ता सीएम आवास में 49 पौंड का केंक काटेंगे. कार्यक्रम का आयोजन 1.30 बजे होगा. लेकिन इससे पहले सीएम हेमंत ने अपने जेल के दिनों को याद कर हाथ पर लगे कैदी के निशान को दिखाया है. साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक पर आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ों और दलितों के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया.

हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अपने हाथ पर लगे निशान को दिखाते हुए लिखा कि जन्मदिन के मौके पर बीते एक साल की स्मृति मेरे मन में अंकित है. ये वो कैदी का निशान है जो मुझे जेल से रिहा होते समय लगाया गया था. उन्होंने आगे लिखा कि ये निशान केवल मेरा नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की वर्तमान चुनौतियों का प्रतीक है. जब एक चुने हुए मुख्यमंत्री को बिना किसी सबूत, शिकायत और अपराध में 250 दिनों तक जेल में डाल सकते हैं तो फिर ये आम आदिवासियों/दलितों/शोषितों के



साथ क्या करेंगे. यह मुझे कहने की जरूरत नहीं है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी आगे की पोस्ट पर लिखा कि आज मैं कृतसंकल्पित हूं कि हर शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ा, आदिवासी, मूलवासी के पक्ष में लड़ूंगा. मैं हर उस व्यक्ति/समुदाय के लिए आवाज उठाऊंगा जिसे दबाया और न्याय से वंचित रखा गया है. जिसे उसके रंग, समुदाय, ख़ान पान, पहनावे के आधार पर सताया जा रहा है. हमें एकजुट होकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहां कानून सभी के लिए समान हो, जहां सत्ता का दुरुपयोग न हो. उन्होंने लिखा कि हां, यह रास्ता आसान नहीं होगा. हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा. लेकिन मुझे विश्वास है कि हम मिलकर इन चुनौतियों को पार कर सकते हैं. क्योंकि हमारे देश की एकता, विविधता में ही हमारी शक्ति है.

## मॉडरेटर मंडलियों की देखरेख करनेवाला रक्षक होता है : बिशप जोहन डांग



**रांची, एजेंसी।** जीइएल चर्च के नये मॉडरेटर बिशप मार्शल केरकेट्टा और डिप्टी मॉडरेटर बिशप मुरेल बिलुंग का पदस्थापन शुक्रवार को क्राइस्ट चर्च में हुआ. मुख्य अनुष्ठाता सेवानिवृत मॉडरेटर बिशप जोहन डांग थे. सेवानिवृत मॉडरेटर जोहन डांग ने कहा कि यह ऐतिहासिक और गौरव का दिन है. कलीसिया के नये मॉडरेटर का चयन हुआ है और आज उनका पदस्थापन हो रहा है. उन्होंने बाइबल के पाठ वचन को उद्धृत करते हुए कहा कि यह समय हम सभी को सजग रहने का है.

उन्होंने बताया कि एक मॉडरेटर को कैसा होना चाहिए. कहा कि बिशप या मॉडरेटर एक उपदेशक, मंडलियों की देखरेख करनेवाला चरवाहा और रक्षक होता है. उससे एक आदर्श जीवन जीने की उम्मीद की जाती है. यह आदर्श जीवन तभी होता है, जब हम परमेश्वर के वचन में आगे बढ़ते जाते हैं. जोहन डांग ने कहा कि जब हम परमेश्वर के वचन में आगे बढ़ते हैं, तभी प्रेम और विश्वास में आदर्श बने रह सकते हैं. एक चरवाहा को मंडली के सभी लोगों के लिए उपदेशक बनना पड़ता है, ताकि वह बच्चे, जवान बुजुर्ग सभी को उपदेश दे सके. उनको सलाह दे सके और काउंसेलिंग कर सके. इसके बाद नये मॉडरेटर के चुने जाने का घोषणापत्र पढ़ा गया. सभी बिशपों व सेवानिवृत मॉडरेटर ने नये मॉडरेटर के सिर पर हाथ रखकर आशीष दी और फिर धर्मविधि पूरी की गयी. इस अवसर पर बिशप सीमांत तिर्की, पूर्व बिशप जोनसन लकड़ा, महासचिव ईश्वर दत्त कंडुलना सहित अन्य पुरोहित व आम विश्वासी उपस्थित थे.

# युवाओं ने दिखायी आदिवासी संस्कृति व परंपरा की झलक, निकाली गयी शोभायात्रा

**धनबाद, एजेंसी।** विश्व की स्वदेशी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए मनाये जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस पर धनबाद में कई कार्यक्रम हुए. इसमें युवाओं ने आदिवासी संस्कृति व परंपरा की झलक दिखायी. धनबाद के न्यू टाउन हॉल में शुक्रवार को बाबा तिलक मांझी स्मारक समिति की ओर से आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा मौजूद थे. उन्होंने कार्यक्रम के उद्घाटन के पश्चात कहा कि आदिवासी जल जंगल जमीन को संरक्षित रखते हैं. विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज टुडू मौजूद थे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राय मुनि देवी ने की. जिले भर से आये आदिवासी युवाओं ने आदिवासी परंपरा एवं संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. युवतियों ने झारखंडी गीत प्रस्तुत किये. मंच संचालन मन्तू मुर्मू ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में परेश मुर्मू, प्रमोद, डॉ बीपी सोरेन, लौर सिंह मुंडा, संजय, मन्तू, सुमश मुर्मू, रंजीत सोरेन, राजू मुर्मू, लक्ष्मण सोरेन आदि ने योगदान दिया.

सोनोत संथाल समाज केंद्रीय समिति धनबाद की और से ÷विश्व आदिवासी दिवस ÷




जिला परिषद मैदान में धूम-धाम से मनाया गया. जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अपने पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर- नगाड़े के साथ आये लोगों ने सांस्कृतिक दल के साथ हटिया मोड़ होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंचे. यहां पर आदिवासी गीत-नृत्य का प्रदर्शन किया. ढोल, नगाड़ा, मांदर की थाप से पूरा इलाका गूंज उठा. मौके पर सोनोत संथाल समाज केंद्रीय सचिव अनिल कुमार टुडू ने कहा ÷ यूएनओ द्वारा घोषित कई दिवस को साधारण तरीके से मनाया जाता है, लेकिन विश्व आदिवासी दिवस को एक त्योहार के रूप में मनाया जाता है. केंद्रीय संयोजक रमेश टुडू ने कहा कि आज का दिन हम आदिवासियों के लिए गर्व का दिन है. हमें अपने अधिकार, हक को लेने के लिए जागरूक होकर आगे आने की जरूरत है. मौके पर अनिल कुमार टुडू, रमेश टुडू, कालीचरण हेंब्रम, लखीन्द्र हांसदा, महालाल सोरेन, राजेन्द्र किस्कू, गुरुचरण बास्के, प्रशांत हेंब्रम, अंजय हांसदा, गोपीन टुडू, हाराधन मरांडी, सहदेव टुडू, संदीप हांसदा,हेमंत कुमार सोरेन, लपसा किस्कू, नरेश हेंब्रम, दिलीप हेंब्रम,जीवन टुडू, छुटूलाल टुडू, ओपीन मुर्मू, टारजन हेंब्रम, मनोज बास्की, ध्रुव मरांडी आदि मौजूद थे.

## जिला चेंबर चुनाव : अध्यक्ष व महासचिव पद पर सीधा तो कोषाध्यक्ष पर त्रिकोणीय मुकाबला

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिला चेंबर का चुनावी पारा चढ़ने लगा है. नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को मोटर डीलर एसोसिएशन के सचिव प्रेम गंगेसरिया की दावेदारी से चुनाव का समीकरण बदल गया है. अब अध्यक्ष पद पर चेतन गोयनका व राजीव शर्मा के बीच सीधा मुकाबला होगा. महासचिव पद पर अजय नारायण लाल व राजेश गुप्ता आमने-सामने होंगे. कोषाध्यक्ष पद पर श्याम गुप्ता, संजीव चौरसिया व प्रेम गंगेसरिया की दावेदारी से इस पद पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा. चुनाव पदाधिकारी प्रदीप सिंह, राजेश दुदानी व ललित जगनानी ने बताया कि फॉर्म जमा करने का अंतिम तिथि 11 अगस्त है. 12 अगस्त को फॉर्म की जांच, 13 अगस्त को नाम वापसी व 17 अगस्त को वोटर लिस्ट जारी किया जायेगा. इधर, लंबे समय के बाद चुनाव होने के कारण यह चुनाव काफी रोचक हो गया है. सभी उम्मीदवार चुनाव प्रचार में जुट गये हैं. कोई डोर टू डोर तो कोई टेलीफोनिक कैंपेनिंग कर रहे हैं. वहीं पार्टियों का दौर भी शुरू होगा. जिला चेंबर चुनाव में कई नामचीन भी दिलचस्पी ले रहे हैं.

# जमशेदपुर की सुनीता हेम्ब्रम की बांधनी पेंटिंग और सिलाई के कद्रदानों में टाटा स्टील भी शामिल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के बिरसानगर की रहने वाली आदिवासी युवती सुनीता हेम्ब्रम ने आदिवासी कला को एक नई पहचान दी है. उनकी मेहनत का ही नतीजा है कि उनकी बांधनी पेंटिंग और सिलाई के कद्रदानों में टाटा स्टील जैसी कंपनी भी शामिल है.

सुनीता ने अपने अंदर के हुनर को पहचाना. इसके बाद उस हुनर को और बेहतर किया. फिर अपनी बांधनी पेंटिंग और सिलाई के जरिये खुद संबल बनीं और अपने साथ 6 महिलाओं को भी स्वरोजगार का साधन उपलब्ध कराया.

सुनीता हेम्ब्रम एक आम आदिवासी युवती हैं, जिनके सपने छोटे हैं. चूंकि उन्होंने ज्यादा पढ़ाई नहीं की है, इसलिए वह घर पर ही रहती हैं और घर के कामों से अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं. उनको कढ़ाई और रंग-रोगन का बहुत शौक है.



उन्होंने अपने बड़े भाई के मोबाइल से यू-ट्यूब से कुछ हुनर सीखे और बांधनी आर्ट और पेंटिंग करना शुरू की. उन्होंने इसको अपने लिए शुरू किया. सबसे पहले उन्होंने अपना सफेद स्टोल पेंट किया, फिर उनके भाई ने अपनी सफेद टी-शर्ट दी और इस तरह उनका सफर बढ़ने लगा.

उनके आस-पास के लोगों और उनको जानने वालों से ऑर्डर मिलने लगा. वह बिरसानगर के सामुदायिक केंद्र में महिलाओं के एक समूह से जुड़ी और फिर उनके साथ मिलकर सिलाई और पेंटिंग के अलग-अलग तरीके सीखने लगीं. अब उनके साथ 6 महिलाओं का एक समूह है, जो कढ़ाई और बांधनी पेंटिंग (कपड़ों को रंगने का एक तरीका) करता है.

अप्रैल 2023 में वह टाटा स्टील फाउंडेशन के जोहार हाट गयी थीं और तब से हाट में एक स्टॉल लगाना चाहती थीं. इसलिए उन्होंने लोगों के लिए ऐसे उत्पाद बनाना शुरू किया, जिन्हें वे रोजाना इस्तेमाल कर सकें. बेडशीट, कुशन कवर, पिलो कवर, स्टोल और बहुत कुछ बनाना शुरू किया और फिर दिसंबर के महीने में जोहार हाट में भाग लेने का मौका मिला.

वहां उन्होंने कारीगरों और आगंतुकों से सीखा कि सिर्फ उत्पाद बनाना ही काफी नहीं है, उन्हें बाजार में बेचना होगा और अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए उनका प्रचार भी करना होगा.

फिर उन्होंने स्थानीय दुकानों से संपर्क करना शुरू किया और कपड़ा दुकानों में अपने हाथ से बने सामान को बढ़ावा देने के लिए सहमत हो गयीं. वर्तमान में वह जुगसलाई, बारीडीह और साकची की तीन दुकानों को अपने उत्पाद की सप्लाई कर रही हैं. साथ ही उन्हें टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन टीएसएएफ से भी ऑर्डर मिला है.

# 13 लाख का इनामी माओवादी जोनल कमांडर सीताराम रजवार गिरफ्तार

**मेदिनीनगर, एजेंसी।** पलामू पुलिस ने 13 लाख के इनामी माओवादी जोनल कमांडर सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार को गिरफ्तार कर लिया है. उसकी गिरफ्तारी गुरुवार देर रात हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगड़ा गांव स्थित झपियां पहाड़ के जंगल से की गयी है. सीताराम पर झारखंड और बिहार के विभिन्न थानों में कुल 51 केस दर्ज हैं. पलामू में उसके खिलाफ 28, बिहार के औरंगाबाद में 18 और गया में पांच केस दर्ज हैं. झारखंड सरकार ने उस पर 10 लाख रुपये, जबकि बिहार सरकार ने तीन लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था. उक्त जानकारी एसपी रीष्मा रमेशन शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी.

एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली




थी कि माओवादी नितेश यादव अपने दस्ते के सीताराम रजवार, संजय यादव और अन्य सदस्यों के साथ झपिया पहाड़ के जंगल में रुका हुआ है. इसके बाद एसडीपीओ हुसैनाबाद मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में छापेमारी के लिए एक टीम गठित की गयी. छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम को देख कर जंगल से चार-पांच व्यक्ति पहाड़ और जंगल की ओर भागने लगे. उनमें से एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया. बाद में उसकी पहचान माओवादी जोनल कमांडर सीताराम रजवार के रूप में की गयी. एसपी ने बताया कि सीताराम रजवार हमेशा अपने पास एके-56 राइफल रखता था. हालांकि, गिरफ्तारी के समय उसके पास वह हथियार नहीं था. संभावना जतायी जा रही है कि उसके साथी हथियार लेकर फरार हो गये. छापामारी टीम में एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के साथ हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, लठैयां पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव, सहायक अवर निरीक्षक बुद्धदेव उरांव, हवलदार दिनेश राम, उपेंद्र पासवान, आरक्षी रंजन टूटी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

# पीडीएस दुकानों में 18 माह से केरोसिन का उठाव नहीं

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिला के जन वितरण प्रणाली दुकानों (पीडीएस) में डेढ़ वर्ष से भी अधिक समय से केरोसिन का उठाव एवं वितरण बंद है. मांग नहीं रहने से अब डीलर केरोसिन के लिए ड्रॉफ्ट नहीं लगा रहे हैं. मिली जानकारी के अनुसार जब से केरोसिन की कीमत बाजार दर पर तय हुई है, पीडीएस में केरोसिन की बिक्री कम होने लगी है. अभी पीडीएस दुकानों में केरोसिन 70 से 80 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है. शहर के साथ गांवों का भी विद्युतीकरण लगभग हो चुका है. ऐसे में ग्रामीण भी लालटेन की जगह बिजली के बल्ब जला रहे हैं. इंवर्टर या बैट्री वाली इमरजेंसी लाइट का उपयोग कर रहे हैं. ऐसे में केरोसिन की मांग व खपत कम होने से पीडीएस डीलरों को केरोसिन के उठाव से घाटा होने लगा है. ऐसे में डीलरों ने इसके लिए ड्राफ्ट लगाना बंद कर दिया है. विभागीय सूत्रों के अनुसार डेढ़ वर्ष से यहां किसी भी डीलर द्वारा ड्रॉफ्ट नहीं लगाने से धनबाद में पीडीएस के जरिये केरोसिन का उठाव एवं वितरण बंद है. धनबाद जिला का कोटा हर माह लैप्स हो रहा है.इधर पिछले कुछ दिनों से धनबाद में सफेद राशन कार्ड बनाने के लिए भीड़ बढ़ने लगी है. मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत आवेदकों के लिए राशन कार्ड जरूरी है. धनबाद में लाल, पीला, हरा राशन कार्ड बनना बंद है. इन कार्डों का कोटा फुल है. वहीं 25 हजार से अधिक आवेदन पेंडिंग हैं. ऐसे में अनेक लोग सफेद राशन कार्ड बनवा रहे हैं.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# पड़ोस से सबक

बांग्लादेश के घटनाक्रम पर भारत की सतर्कता और समझदारी की सराहना करनी चाहिए। सरकार ने संसद में कोई बयान देने से पहले बांग्लादेश के विषय पर जिस तरह सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया है, वह अनुकरणीय है। विपक्ष के लगभग सभी महत्वपूर्ण नेताओं की भी प्रशंसा करनी चाहिए कि सभी ने बैठक में भाग लिया और अपनी-अपनी बात रखी। किसी भी विवादित विषय पर कोई निर्णय लेने से पहले सर्वसम्मति बनाने की चेष्टा सजीव लोकतंत्र का वही गुण है, जिसका अभाव बांग्लादेश में अक्सर उभरता रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक देश को ऐसी स्थिति में कतई नहीं फंसना चाहिए, जहां सियासी पार्टियों के बीच दूरियां इस कदर बढ़ जाएं कि फौज दखल देने को मजबूर हो जाए। वाकई अगर बांग्लादेश में सत्ता पक्ष और विपक्ष को अपनी-अपनी सीमाओं का अंदाजा होता, तो यह नौबत नहीं आती। अब ऐसी नौबत आ ही गई है, तो कोशिश होनी चाहिए कि कम से कम खूनखराबा न हो। बहुत अफसोस की बात है कि शेख हसीना के देश से पलायन के बावजूद वहां हिंसा थमी नहीं है और कथित रूप से 100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यह एक बड़ा सवाल है कि वहां छात्रों को अब क्या नाराजगी है? क्या बांग्लादेश में छात्रों के नाम पर असामाजिक तत्वों ने फिर फन फैला लिया है? भारत ने ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र ने भी स्पष्ट कहा है कि हिंसा तत्काल रुकनी चाहिए और जल्द से जल्द अंतरिम सरकार का गठन होना चाहिए। सरकार का एक व्यवस्थित ढांचा जब सामने आएगा, तभी उपद्रवियों पर लगाम लगेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में बताया है कि कई जगहों पर अल्पसंख्यकों के व्यवसायों और मंदिरों पर हमले की रिपोर्ट के बाद भारत सरकार बांग्लादेश के अल्पसंख्यक समुदायों की स्थिति को लेकर बहुत चिंतित है। हालांकि, अफवाहों से भी सावधान रहने की जरूरत है। ऐसे अनेक तत्व होंगे, जो इस प्रकरण को सांप्रदायिक रूप देना चाहेंगे। जैसे, एक अफवाह उड़ी थी कि वहां की क्रिकेट टीम के सदस्य लिटन दास के घर पर उपद्रवियों ने हमला बोल दिया है। वास्तव में, बांग्लादेश से आ रही खबरों को दो-तीन बार परख लेने की जरूरत है।

## भारत की चुनौतियां बढ़ीं

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुआ छात्र आंदोलन सत्ता परिवर्तन तक जा पहुंचा। अतीत यही बताता है कि बांग्लादेश का संकट केवल उसका नहीं होता। जब-जब वह मुसीबत में घिरा है, तो उसकी परछाई भारत तक भी आई है। सवाल है कि इस बार वह परछाई कैसी और कितनी बड़ी होगी? बांग्लादेश में ऐसे समय बदलाव हो रहा है, जब एक और करीबी पड़ोसी मालदीव के साथ भारत के रिश्तों में ठंडापन आया है। शेख हसीना की नीतियों में संतुलन था। घरेलू मोर्चे पर उनकी कार्यशैली को लेकर जो भी आलोचना रही हो, लेकिन विदेश मामलों में उन्होंने भारत, चीन और पश्चिम के बीच बैलेंस बनाए रखा था। बांग्लादेश के साथ भारत के करीबी व्यापारिक रिश्ते हैं। दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है बांग्लादेश। कोविड के बाद से दोनों के बीच ट्रेड में लगातार बढ़ोतरी हुई है। दोनों मिलकर कई प्रॉजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। इनमें भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन सबसे अहम है, जिसके जरिये हिंदुस्तान से रिफाइंड डीजल की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही, अपने इस पड़ोसी देश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारत ने बहुत निवेश किया है। हालात अधिक वक्त तक काबू से बाहर रहे तो इन सब पर असर पड़ सकता है। शेख हसीना का भारत के साथ कूटनीतिक और राजनीतिक ही नहीं, भावनात्मक नाता भी है। इसी वजह से वह आतंकवाद और चीन से जुड़ी भारत की चिंताओं को बेहतर ढंग से समझती थीं। उन्होंने अलगाववादी और कट्टरपंथी ताकतों पर काफी हद तक लगाम लगाकर रखी थी। भारत को सतर्क रहना होगा कि ये ताकतें कहीं फिर से सिर न उठाने लगें। दोनों देश एक लंबी सीमा रेखा साझा करते हैं। बांग्लादेश में हालात बिगड़ते ही जिस तरह भारत में बॉर्डर पर मुस्तैदी बढ़ा दी गई, उससे ही समझा जा सकता है कि वहां की घटनाएं हम पर किस तरह का असर डाल सकती हैं। भारत यह बिल्कुल नहीं चाहेगा कि पाकिस्तान और चीन के साथ अब एक और पड़ोसी से लगती सीमा पर उसके ज्यादा संसाधन खर्च हों। छात्र आंदोलन जिस तरह से हिंसक होकर सत्ता परिवर्तन कराने वाली शक्ति में तब्दील हुआ, उससे कई संदेह पैदा होते हैं। इससे जुड़ा सवाल उठ रहा है कि क्या इसके पीछे पाकिस्तान और चीन का हाथ है।

# बांग्लादेश में बजा बदलाव का बिगुल

(संजय के भारद्वाज, प्रोफेसर, जेएनयू)

बांग्लादेश पर फिर सबकी नजर जा टिकी है। बीते दिनों से वहां जो आंदोलन चल रहा है, उसमें सामाजिक और आर्थिक मसले शामिल हैं। आंदोलनकारियों में ज्यादातर विश्वविद्यालयों के छात्र हैं, उनकी यह मांग थी कि मुक्तियोद्धाओं को जो 30 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, उसे खत्म किया जाए, उससे बेरोजगारी बढ़ रही है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। ध्यान रहे, साल 1972 में मुक्तियोद्धाओं को आरक्षण दिया गया था, उसके बाद मुक्तियोद्धाओं के बच्चों को आरक्षण दिया गया और अब यह व्यवस्था कर दी गई थी कि मुक्तियोद्धाओं के पोते-पोतियों को भी आरक्षण दिया जाएगा। इसका वहां खूब विरोध हो रहा था। युवा सड़कों पर उतर आए थे। वैसे इस विरोध के भड़कने की एक वजह सियासी भी थी। चूंकि मुक्तियोद्धा ज्यादातर आवामी लीग समर्थक हैं, तो राजनीतिक विरोधियों द्वारा यह बार-बार कहा जाता था कि ये आवामी लीग के वोट बैंक हैं, इसलिए अवामी लीग उनको आरक्षण दे रही है। साल 2018 में भी जब विरोध हुआ था, तब अवामी लीग ने आरक्षण खत्म कर दिया था, पर अभी जून 2024 में अदालत से एक फैसला आया और आरक्षण को फिर लागू कर दिया गया। ऐसे में, छात्र फिर से भड़क उठे। हालांकि, अवामी लीग की सरकार ने यह कहा था कि हम अदालत में जाएंगे, इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे और इसे खत्म कराने की कोशिश करेंगे। यह बात कहनी ही चाहिए कि सरकार ने इस पूरे मामले को गलत ढंग से संभाला। पुलिस ने हिंसा के माध्यम से आंदोलन को दबाने की कोशिश की। दूसरी गलती यह हुई कि शेख हसीना ने एक गैर-जिम्मेदाराना बयान दे दिया कि जो प्रदर्शनकारी हैं, वे रजाकार हैं। ध्यान रहे, रजाकार वे लोग थे, जो बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय पाकिस्तानी सेना के साथ थे। इसके बाद तो विरोध कर रहे छात्र और भड़क गए। छात्रों को यह लगा कि हम शांति की बात करते हैं, पर हमें अपराधी करार दिया गया। इसके बाद ढाका में हिंसा बढ़ती गई और

> *सवाल यह भी उठता है कि भारत को अभी क्या करना चाहिए? वैसे जिस नेता या समूह को पश्चिमी देशों का समर्थन होगा, उसके पक्ष में भारत खड़ा हो जाएगा। भारत चाहता है कि बांग्लादेश में शांति रहे, स्थिर सरकार रहे, ताकि तेज विकास हो। भारत को किसी पार्टी विशेष के साथ संबंध न रखते हुए बांग्लादेश के विकास के पक्ष में खड़े रहना चाहिए।*

दो सौ से ज्यादा लोग मारे गए। सरकार ने आरक्षण को घटाकर पांच प्रतिशत तक कर दिया था, इसके बावजूद प्रदर्शनकारी संतुष्ट नहीं थे। छात्रों ने शेख हसीना से मांग कर दी कि वह छात्रों की हत्या के लिए माफी मांगें। मुक्तियोद्धाओं के नाम पर दिए जा रहे आरक्षण को सांविधानिक रूप से पूरी तरह खत्म करने के उपाय करें। चूंकि बांग्लादेश की सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया, इसलिए छात्रों का आक्रोश बढ़ा और बाहर से भी कुछ ताकतों ने उनका समर्थन किया। अब दुनिया देख रही है, आंदोलन बढ़ते-बढ़ते ऐसे मुकाम पर पहुंच गया है, जहां प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हाथ धोना पड़ा है। अब सेना प्रमुख ने एलान किया है कि अंतरिम सरकार बनाएंगे। वैसे, बांग्लादेश में यह विरोध अचानक प्रकट नहीं हुआ है, शेख हसीना ने कुछ और भी गड़बड़ियां की थीं या कुछ बड़ी कमियों पर लगाम लगाने में नाकाम रही थीं। अव्वल तो लोकतंत्र को इन्होंने प्रभावित किया था। पिछले दो चुनावों से लोगों की भागीदारी बहुत कम थी। साल 2024 के चुनाव में बमुश्किल 40 प्रतिशत लोगों ने हिस्सा लिया, इसमें भी विपक्षियों ने आरोप लगाया था कि आंकड़ों को मैनेज किया गया। इसके अलावा स्थानीय निकायों के चुनाव में भी गड़बड़ियों को अंजाम दिया गया। लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव होने के बजाय परिवारवाद का बोलबाला रहा। निकायों में ज्यादातर पद रेवड़ियों की तरह रिश्तेदारों में बंटने लगे थे। बांग्लादेश में भ्रष्टाचार भी बढ़ गया था। भाई-भतीजावाद बढ़ने की शिकायत आम लोग करने लगे थे। यह बात सरकार के पक्ष में नहीं थी। सरकार कहीं न कहीं निचले स्तर पर लोकतांत्रिक राष्ट्र की भावना को कायम नहीं रख पा रही थी। इसके अलावा, भ्रष्टाचार भी बढ़ गया था। रोजगार या शिक्षण संस्थानों में भ्रष्टाचार बढ़ गया था। इन तमाम समस्याओं ने मिलकर बांग्लादेश में एक बड़ी घटना को अंजाम दे दिया। तोड़फोड़ और हिंसा बढ़ने लगी, नौबत ऐसी आ गई कि प्रधानमंत्री को हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रधानमंत्री आवास खाली करके जाना पड़ा। यह ध्यान देने की बात है कि मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थक भी लगातार नाराज चल रहे थे। वैसे, बीएनपी के नेता कमोबेश अपनी विश्वसनीयता गंवा चुके थे। साल 2014 के चुनाव का भी इसने बहिष्कार किया था और साल 2024 के चुनाव का भी। चुनावों के बहिष्कार की वजह से निचले स्तर पर बीएनपी का समर्थन घट गया था। अब इसमें कोई दोराय नहीं कि छात्रों में फैली नाराजगी का फायदा बीएनपी के नेताओं ने भी उठाया है। ऐसे हालात पैदा हो गए कि हसीना सरकार का नियंत्रण कमजोर पड़ गया। यहां श्रीलंका की भी याद आ रही है। जिस प्रकार से राजधानी कोलंबो में लोगों ने सड़क पर निकलकर राजपक्षे की सरकार को पलट दिया था, ठीक उसी प्रकार के दृश्य ढाका में भी दिखे हैं और राजपक्षे की तरह शेख हसीना को भी देश छोड़ जाना पड़ा है। बहरहाल, अब बांग्लादेश में क्या होगा? सेना निष्पक्ष अंतरिम सरकार की बात कर रही है, क्या उसमें सभी पार्टियों के सदस्य शामिल होंगे? सरकार चलाने की जिम्मेदारी नेताओं को दी जाएगी या जन-सेवकों को? खैर, अब बांग्लादेश में सेना चाहती है कि जनता सहयोग करे,तो देश में माहौल को सुधारा जा सके। अब पहला सवाल तो यह पूछा जा रहा है कि बांग्लादेश में जो विकास परियोजनाएं चल रही हैं, उनका क्या होगा? ऐसा लगता है कि वहां कोई भी सरकार यह नहीं चाहेगी कि देश की तरक्की रुके। भारत, चीन और जापान के साथ मिलकर बांग्लादेश अपनी विकास परियोजनाएं चला रहा है। सवाल यह भी उठता है कि भारत को अभी क्या करना चाहिए? वैसे जिस नेता या समूह को पश्चिमी देशों का समर्थन होगा, उसके पक्ष में भारत खड़ा हो जाएगा। भारत चाहता है कि बांग्लादेश में शांति रहे, स्थिर सरकार रहे, ताकि तेज विकास हो। भारत को किसी पार्टी विशेष के साथ संबंध न रखते हुए बांग्लादेश के विकास के पक्ष में खड़े रहना चाहिए। ध्यान रहे, पहले भी अंतरिम सरकार के साथ भारत के संबंध अच्छे रहे हैं। जो भी सरकार बनेगी, वह भारत के साथ अच्छे संबंध ही रखना चाहेगी। भारत यही उम्मीद करेगा कि बांग्लादेश में जल्दी शांति और स्थिरता स्थापित हो। बेशक, वहां आम जनता के अनुकूल समाधान का इंतजार रहेगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# भारत को धार्मिक स्वतंत्रता का उपदेश न दे अमेरिका

**(फैजान मुस्तफा, कुलपति, सीएनएलयू, पटना)**

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने 2023 की अपनी रिपोर्ट में धार्मिक आजादी में गिरावट के लिए एक बार फिर भारत की आलोचना की है। इस रिपोर्ट को जारी करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने कहा, भारत में हम धर्मांतरण-विरोधी कानूनों, नफरती तकरीरों और अल्पसंख्यक समुदायों के घरों व ईबादतगाहों को तोड़ने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देख रहे हैं। इसे भारत सरकार ने पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर किस नैतिक अधिकार से अमेरिका हमें धार्मिक स्वतंत्रता पर उपदेश देता है? क्या 'धर्मनिरपेक्ष' अमेरिका की हाल-फिलहाल की घटनाएं इसकी तस्दीक नहीं करतीं कि इसे ईसाई राष्ट्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है? जून की 28 तारीख को ओक्लाहोमा राज्य के सुपरिटेंडेंट रयान वाल्टर्स ने बाकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बाइबिल एक अपरिहार्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पैमाना है। उनके मुताबिक, बाइबिल की बुनियादी जानकारी के बिना ओक्लाहोमा के छात्र अपने राष्ट्र की बुनियाद को ठीक से नहीं समझ सकते। इसी कारण, पांचवीं से लेकर बारहवीं कक्षाओं तक में अनिवार्य रूप से बाइबिल की एक प्रति होनी चाहिए, जिसके आधार पर शिक्षकों को अब पढ़ाना होगा। 19 जून को लुइसियाना ने भी इसी तरह का एक कानून बनाया, जिसमें राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बाइबिल की दस आज्ञाएं प्रदर्शित करने की अनिवार्यता की गई है। साल 1791 में हुए पहले संशोधन का एक प्रावधान कहता है कि अमेरिकी कांग्रेस किसी धर्म की स्थापना का सम्मान करने या उसके सार्वजनिक अभ्यास को प्रतिबंधित करने वाला कोई कानून नहीं बनाएगी। यह प्रावधान मूल रूप से संघीय सरकार पर ही लागू था, लेकिन 14वें संशोधन (1868) में इसे सभी राज्यों पर आयद कर दिया गया। मगर साल 1949 तक अमेरिका के 37 राज्यों में सरकारी स्कूलों में किसी न किसी तरह से बाइबिल पढ़ाई जाती थी, जबकि 12 राज्यों ने कानूनी प्रावधानों के माध्यम से इसे अनिवार्य बना रखा था। 1955 में न्यूयॉर्क ने एक प्रार्थना की सिफारिश (स्वैच्छिक) की, हे सर्वशक्तिमान ईश्वर, हम आप पर अपनी निर्भरता को स्वीकार करते हैं और हम आपसे खुद पर, अपने माता-पिता पर, शिक्षकों पर और देश पर आशीर्वाद बरसाने की याचना करते हैं। इसके उलट, साल 2015 में भारत के केंद्रीय विद्यालयों में समान प्रार्थना वाली व्यवस्था अनिवार्य की गई थी, जिसे चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के लिए स्वतंत्रता और धर्म से भी आजादी की वकालत करती है। माना जाता है कि अमेरिका एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में हमसे काफी आगे है, पर उसकी न्यायपालिका से परेशान करने वाली टिप्पणियां आती रही हैं। अमेरिकी संविधान में भले चर्च और राज्य को अलग-अलग रखा गया है, पर जोराच बनाम क्लॉसन मामले (1952) में न्यायमूर्ति विलियम ओ डगलस ने कहा, हम धार्मिक लोग हैं, जिनकी संस्थाएं सर्वोच्च सत्ता को मानती हैं। इतना ही नहीं, अमेरिकी सीनेट में एक पादरी है, और वहां की सशस्त्र सेनाओं में नाश्ते से पहले प्रार्थना अनिवार्य है। सबसे दिलचस्प तो यह है कि इस 'धर्मनिरपेक्ष' देश की शीर्ष अदालत में, पब्लिक सेशन की शुरुआत इस पंक्ति के साथ होती है कि ईश्वर इस माननीय न्यायालय की रक्षा करे। साल 1864 में इसे ईसाई राष्ट्र बनाने का एक संशोधन प्रस्ताव भी पेश किया गया था, जिसे एक दशक बाद हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी ने खारिज कर दिया। मगर आज भी चर्चों को संपत्तियों के लिए करों में छूट दी जाती है, धार्मिक स्कूलों की किताबों में भी सब्सिडी दी जाती है, अमेरिका में जहां विभिन्न मौकों पर शीर्ष अदालत ही नहीं, शीर्ष नेताओं ने भी अमेरिका के ईसाई चरित्र को स्वीकार किया है, वहीं भारत में किसी भी अदालत या उच्च सांविधानिक पद पर आसीन शख्स ने देश को हिंदू राष्ट्र नहीं बताया। हमारे सुप्रीम कोर्ट ने तो यही माना कि हिंदुत्व के नाम पर अपील धर्म नहीं है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5458

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5457

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली 5458

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | | ■ | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | | ■ | |
| 14 | ■ | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | 18 | | 19 | ■ | 20 | | ■ |
| 21 | | ■ | | ■ | 22 | | ■ |
| ■ | 23 | | ■ | 24 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. इस द्वीप समूह की राजधानी माले है (4)
4. सर्वाधिक लंबी तटीय सीमा इस महाद्वीप की है (3)
6. दुलारा लड़का, प्यारा बालक (3)
7. पश्चिमी अफ्रीका देश घाना की यह राजधानी है (3)
8. वाक्य का अपभ्रंश, बोलने की इंद्रिय (2)
9. झापड़, थप्पड़ (3)
11. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
13. नदी का पुल्लिंग (2)
15. लालायित होना, वांछित वस्तु का प्राप्त न होना (4)
17. इस देश का भी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त है (1971)(4)
20. शरीर, वस्त्र आदि पर जमी गर्द, धूल आदि (2)
21. फौज का दस्ता (2)
22. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट स्थित पेरू देश की यह राजधानी है (2)
23. निशाना, अनुमान योग्य वस्तु (2)
24. खूबसूरत, प्रियदर्शन, रूपवान (3)

**ऊपर से नीचे**
1. लता मंगेशकर की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
2. प्रबल अभिलाषित होना (4)
3. दयनीय दशा वाला, गरीब, दरिद्र (2)
4. राजेंद्र सिंह बेदी का इस कृति पर फिल्म निर्माण हो चुका है (8)
5. रक्तवाहिनी, नलिका, नस (2)
7. धरोहर, थाती (4)
10. मध्य यूरोप के देश ऑस्ट्रिया की यह राजधानी है (3)
12. उत्तरप्रदेश के कुछक्षेत्रों में खिचड़ी को यह भी कहते है (3)
14. जाकिर हुसैन का नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा (3)
16. इस सुपर स्टार की जन्म स्थली इंदौर है (4)
18. भेड़ या बकरी का बच्चा, मेष राशि (3)
19. लाभ, मुनाफा (2)

### वर्ग पहेली 5457 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | ना | ■ | क | पि | ल | दे | व |
| म | ह | ल | ■ | टा | ट | ■ | च |
| ■ | क | क | ह | रा | ■ | स | न |
| ली | ■ | वा | र | ■ | न | ■ | ■ |
| मा | घ | ■ | ता | र | के | श्व | र |
| ■ | मा | त | लि | ■ | ल | ■ | ह |
| प्या | सा | ■ | का | शी | ■ | या | म |
| र | न | वे | ■ | ला | य | क | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन शुभ है और कारोबार में जोखिम लेने से आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। अगर आप निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो कर सकते हैं। आपको लाभ मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। जमीन जायदाद का सौदा करने से पहले हर मामले में जांच परख कर लें। मन में प्रसन्नता रहेगी। जोखिम में आपको लाभ और हानि दोनों हो सकते हैं।

### वृष
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपका दिन काफी मेहनत से भरा होगा और आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आपको सेहत के मामले में लाभ होगा। मानसिक धरातल में बहुत सुधार हो रहा है। आप बस इन पर फोकस करें। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं पूर्ण होंगी। आपका दिन कारोबार में मुनाफे से भरपूर होगा और आप परिवार के साथ खुशियां मनाएंगे।

### मिथुन
आज दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा और आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आजीविका के क्षेत्र में आपका अनुभव काम आएगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। मेहनत करने पर आपको कुछ नया हासिल होगा।

### तुला
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपके लिए ऑफिस का माहौल भी खुशनुमा रहेगा। आपके ऑफिस का माहौल अच्छा रहेगा और आपके काम में सुधार होने से बॉस की तरफ से तारीफ के बोल सुनने को मिलेंगे। आपका काम करने का मन करेगा और सफलता प्राप्त होगी। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा। आपका धन किसी योजना या सही इन्वेस्टमेन्ट पर खर्च हो रहा है।

### वृश्चिक
आज दिन शुभ है। नौकरी में बेहतर प्रस्ताव मिलेंगे और कारोबार में आपको अच्छा मुनाफा होगा। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी आ सकता है। सावधान रहें और बाहरी लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। कामधंधे को निवेश बढ़ाना पड़ सकता है। कुछ और पैसा निवेश करने से आपको लाभ और मुनाफा अधिक होगा।

### धनु
आज थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है, वरना आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। करियर के मामले में कोई फैसला न करें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। कोई रिस्क न लें, वरना आपकी हानि हो सकती है। आपको आज रूटीन काम पूरे करने पर फोकस करना चाहिए। यदि आप किसी करियर के नए प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं तो उसके हर पहलू के बारे में सोच लें।

### कर्क
आज लाभ होगा और आपका दिन मानसिक परेशानी और थकान वाला हो सकता है। बुरे लोगों की संगत से बचें तो आप फायदे में रहेंगे। मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि एक बार जैसी धारणा आपके पीछे बन जाती है वही रहती है। आपको पैसों के मामले में किसी प्रकार का रिस्क लेने की जरूरत नहीं है। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### सिंह
आज करियर को लेकर काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। काम में अरुचि रहेगी। आवागमन में दिक्कत हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है। इस मामले में सावधान रहें और किसी की बात पर यकीन न करें। अपने को संतुलित करने में देर न करें। कोई जरूरी मीटिंग्स या सेमिनार भी आ सकता है।

### कन्या
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपको कहीं से रुके धन की प्राप्ति होने से खुशी होगी। यदि आपके पास समय की कमी है तो आपके अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे और भाग्य में वृद्धि होगी। आप पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने काम करें।

### मकर
आज का दिन करियर के मामले में लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको सभी कार्य में सकारात्मक मिलने से मन में काफी प्रसन्नता रहेगी। किसी निर्णय के परिणाम आपके हित में आ सकते हैं। दूसरों के द्वारा परोपकार करना आपके लिए लाभदायक रहेगा। घर से बाहर जाएं तो कुछ सावधानी जरूरी है। महत्वपूर्ण सामान की रक्षा करनी चाहिए।

### कुंभ
आज दिन भाग्य में वृद्धि का है और आपका दिन सफलता में बीतेगा। कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने के शुभ योग बन रहे हैं। किसी विवाह योग्य परिवार के सदस्य की रिश्ते की बात आज हो सकती है। घर में आदर सत्कार से आपको लाभ होगा। घर की साफ सफाई का भी ध्यान रखें तो आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलेगा।

### मीन
आज दिन लाभ से भरा होगा। मित्रों के साथ किसी कारण से तनाव हो सकता है। आपको जहां राहत मिलेगी वहां एक उपयोगी व्यक्ति भी आपको लाभ देगा। आपके जीवन में शुभ समाचार आएंगे और आपके पूरे घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। करियर के मामले में आपको लाभ होगा और आपको शुभ अवसर आ सकते हैं। आपके सुख में वृद्धि होगी और कार्य पूर्ण होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### बीजापुर में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, दो पर घोषित था कुल 16 लाख रुपए का इनाम

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में तीन नक्सलियों ने शुक्रवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन तीन में से दो नक्सलियों के सिर पर कुल 16 लाख रुपए का इनाम घोषित था। अधिकारियों ने बताया कि तीन नक्सलियों रमेश फरसा (24), महिला नक्सली मनकी माड़वी (22) और लक्ष्मण पोटाम (22) ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि नक्सली रमेश फरसा और मनकी माड़वी के सिर पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने माओवादियों की विकास विरोधी भेदभाव पूर्ण नीति, उपेक्षा और जीवन शैली से नाराज होकर आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला और अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत 25-25 रुपये हजार प्रदान किए गए। साथ ही उन्हें अन्य सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में अब तक 145 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल 326 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

### गरीब और वंचितों को मिलनी चाहिए आरक्षण, बोले- किरोड़ी लाल

**जयपुर, एजेंसी।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता किरोड़ी लाल मीणा ने आऱक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि अब गरीब और वंचितों को आरक्षण की मलाई मिलनी चाहिए। दौसा के नांगल प्यारीवास में आदिवासी दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के बीच स्पष्ट शब्दों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की व्याख्या की। मंत्री मीणा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला यदि लागू होता है तो यह समाज के गरीब तबके के लोगों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि वो खुद विधायक हैं और मंत्री बन चुके हैं। यहां तक कि सांसद भी रह चुके हैं और तो और पहले डॉक्टर भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका भाई भी अफसर रह चुका है और भतीजा विधायक है। फिर भी वो गरीबों को इसका लाभ नहीं मिलने दें तो ये अच्छा नहीं होगा।उन्होंने कहा कि नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है। एससी-एसटी के नेता समाज को भ्रमित और गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय समाज के हित में नहीं होगा, लेकिन उन्होंने मन से कहा कि वो हनुमान जी की तरह सीना चीर कर तो नहीं दिखा सकते हैं। वहीं, उन्होंने पपलाज माता और अपनी मां की कसम खा कर कहा कि आरक्षण से कभी छेड़छाड़ नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला समाज के गरीब लोगों के हित में होगा। किरोड़ीलाल मीणा ने साफ शब्दों में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को समाज के गरीबों के हित में बताया।

### झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को झटका, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम को झटका देते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया। पीएमएलएके विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आलम की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए कहा कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति होने के कारण सबूतों को छिपा सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध राष्ट्रीय हित के लिए आर्थिक खतरा है और यह अपराधियों द्वारा उचित साजिश, जानबूझकर डिजाइन और व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से किया जाता है, भले ही समाज और अर्थव्यवस्था पर इसका कोई असर न पड़े। आलमगीर आलम ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त बड़ी रकम की मनी लांड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद है। उन्होंने नियमित जमानत के लिए अदालत का रुख किया था और कहा था कि वह बिल्कुल निर्दोष हैं और उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है, जैसा कि आरोप लगाया गया है और उन्हें संदेह के आधार पर इस मामले में झूठा फंसाया गया है, जबकि उनके खिलाफ कोई कानूनी सबूत नहीं है।

# विपक्षी गठबंधन के सर्वे ने चौंकाया- महाराष्ट्र में 165 सीटें जीत सकता है एमवीए




**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी), और एनसीपी (शरद पवार) के गठबंधन को 165 सीटें जीतने का अनुमान है। विपक्षी गठबंधन सहयोगियों द्वारा यह सर्वेक्षण राज्य विधानसभा चुनाव से लगभग तीन महीने पहले किया गया है। सर्वेक्षण से पता चला है कि एमवीए को राज्य में लगभग 165 सीटें मिलेंगी। हालांकि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के सहयोगियों को मुंबई, कोंकण और उत्तर महाराष्ट्र में अच्छा खासा लाभ मिलने का अनुमान है।

एक अखबार ने एक सीनियर कांग्रेस सदस्य के हवाले से लिखा, हमने लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में 48 में से 31 सीटें जीतीं। यह कुल 48 सीटों का लगभग 65 प्रतिशत है। हम विधानसभा चुनावों में भी यही औसत बनाए रखना चाहेंगे, जिससे हमें लगभग 188 सीटें मिलेंगी। हमारा प्रारंभिक आकलन बताता है कि हम लगभग 165 सीटें जीतेंगे। यह एक अच्छी संख्या है, लेकिन फिर भी हम इस साल के अंत में होने वाले वास्तविक चुनावों में अपनी संख्या में सुधार करना चाहेंगे। महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए कम से कम 144 विधानसभा सीटों की आवश्यकता है।

लोकसभा चुनावों में मिली सफलता से उत्साहित कांग्रेस, एनसीपी (एससीपी) और शिवसेना (यूबीटी) का गठबंधन अब विधानसभा चुनावों में भी यही प्रदर्शन दोहराने की कोशिश कर रहा है। राज्य में दिवाली के आसपास चुनाव होने की उम्मीद है। रणनीति तय करते समय एमवीए भागीदारों की सामूहिक बैठक में गठबंधन सहयोगियों ने आकलन के लिए राज्य को सात क्षेत्रों में बांटा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एमवीए सदस्यों के अनुसार, नागपुर, अमरावती, मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्रों में गठबंधन का पलड़ा भारी है। एनसीपी (एससीपी) के एक पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा, गठबंधन सहयोगियों में कांग्रेस नागपुर और अमरावती क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। मराठवाड़ा भी गठबंधन के लिए अनुकूल दिख रहा है, जहां कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) का अच्छा समर्थन है। पश्चिमी महाराष्ट्र में गठबंधन एनसीपी (एससीपी) पर निर्भर है।

जहां चार क्षेत्र एमवीए के लिए अनुकूल दिख रहे हैं, तो वहीं आकलन से पता चलता है कि लोकसभा चुनावों में औसत से कम नतीजों के बावजूद महायुति मुंबई, कोंकण और उत्तर महाराष्ट्र के क्षेत्रों में हावी है। एमवीए के आकलन से पता चलता है कि भाजपा, शिवसेना और एनसीपी का गठबंधन अभी भी इन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए हुए है। एक अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी ने कहा, कोंकण में एमवीए गठबंधन का प्रदर्शन खराब रहा। इस क्षेत्र में विधानसभा के नतीजों को फिर से संगठित करना और सुधारना एक कठिन काम होगा। मुंबई में भी, भाजपा और शिवसेना एक बड़ी चुनौती पेश करेंगे, जिसका हमारे गठबंधन को सामना करना होगा। जहां तक ??उत्तर महाराष्ट्र का सवाल है, कांग्रेस अभी भी वहां कमजोर दिखती है, हालांकि हमने लोकसभा चुनावों में उस क्षेत्र में कुछ सीटें जीती थीं। हमारे पास अपनी कमजोरियों पर काम करने के लिए ज्यादा समय नहीं है, लेकिन हम उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां हम पिछड़ रहे हैं।

## घर में बुजुर्ग पिता की मौत, साथ रह रहे बेटी और दामाद को 4 दिन बाद चला पता

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-12 के एच ब्लॉक स्थित एक मकान में शुक्रवार को 82 वर्षीय बुजुर्ग का शव सड़ी गली अवस्था में मिला। शव करीब चार दिन पुराना बताया जा रहा है। बुजुर्ग की पहचान हरिलाल के रूप में हुई है। घर से दुर्गंध आने पर बुजुर्ग की बेटी और दामाद को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। चार दिन तक एक ही घर में रहने वाली बुजुर्ग की बेटी और दामाद को मौत की जानकारी नहीं हो पाई। सेक्टर-24 थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि एच ब्लॉक स्थित एक तीन मंजिला मकान के अंदर से काफी दुर्गंध आ रही है। पुलिस ने मौके पर जाकर जब देखा तो बीच वाली मंजिल का दरवाजा अंदर से बंद था और दुर्गंध आने का सिलसिला जारी था। दरवाजा तोड़कर जब पुलिस अंदर पहुंची तो 82 वर्षीय हरिलाल चारपाई पर मृत अवस्था में पड़े मिले। कमरे के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। कई दिन तक चारपाई पर पड़े रहने से शव सड़ने लगा था और उसमें कीड़े पड़ गए थे।

चारपाई पर लेटे होने के कारण बुजुर्ग की पीठ भी पूरी तरह से छिल गई थी। मौत के कारणों को जानने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि हरिलाल बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को जब कमरे से दुर्गंध ज्यादा आने लगी तो बुजुर्ग की बेटी और दामाद ने पुलिस को कॉल की। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की वजह पता चलेगी। पुलिस के मुताबिक, तीन मंजिला मकान के ग्राउंड और सेकेंड फ्लोर पर हरिलाल के बेटी और दामाद रहते हैं। दोनों की बुजुर्ग से बोलचाल बंद थी। बेटा बी ब्लॉक में रहता है और उसने धर्म परिवर्तन किया हुआ है। बुजुर्ग होने के बावजूद हरिलाल खुद ही अपना खाना बनाते थे। करीब चार दिन पहले हरिलाल की मौत हो गई थी।

## ग्रेटर नोएडा से मथुरा तक चलेगी रोजगार की बयार, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में राया-बाजना औद्योगिक नगरी बनाने का प्लान




**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) मथुरा को नई औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित करेगा। वहां के राया और बाजना में निवेश की संभावना को तलाशते हुए औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इसके लिए 15 दिनों में खाका तैयार किया जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर यह औद्योगिक कलस्टर विकसित करने की तैयारी है।

मथुरा में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार की देर शाम यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह के साथ बैठक की। उन्होंने राया में प्रस्तावित हेरिटेज सिटी के बारे में जाना और अधिकारियों से मथुरा के अधिसूचित क्षेत्र बाजना में नई औद्योगिक नगरी बसाने पर बल दिया। सांसद ने कहा कि मथुरा के लोग रोजगार के लिए अलीगढ़ और आगरा समेत अन्य विभिन्न इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में मथुरा का औद्योगीकरण जरूरी है। बैठक में नई औद्योगिक नगरी को बसाने के लिए प्लानिंग कर 15 दिनों में कागजात संग्रह (डोजियर) तैयार करने पर निर्णय हुआ, ताकि पता लगाया जा सके कि मथुरा में कौन-कौन सी औद्योगिक इकाई शुरू की जा सकती हैं। साथ ही, औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए 12 सेक्टर चयनित किए गए, जिनमें डेयरी प्रोसेसिंग, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी), इलेक्ट्रॉनिक, एआई एवं टूरिजम एंड हॉस्पिटैलिटी, हेल्थ केयर सर्विस, नवीकरणीय ऊर्जा आदि शामिल हैं। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने यमुना सिटी के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के पास थीम पार्क बनाने का भी प्रस्ताव रखा।

## शिमला हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट से छोड़ा जाएगा पानी, प्रशासन ने डेट बता जारी किया अलर्ट

**शिमला, एजेंसी।**
शिमला के रामपुर स्थित नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन से 11 अगस्त यानी रविवार को भारी मात्रा में पानी छोड़ा जाएगा। इससे पहले से उफान पर चल रही सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ जाएगा। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतलुज नदी से दूरी बनाए रखने की अपील की है।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा ने शुक्रवार को बताया कि नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन रामपुर के उत्तरी क्षेत्र लोड डिस्पैच सेंटर (एनआरएलडीसी) द्वारा अपस्ट्रीम पावर स्टेशन 1000 मेगावाट करछम वांगटू एचपीएस और 300 मेगावाट बसपा की निर्धारित फ्लशिंग 11 अगस्त को की जाएगी। रात्रि 12 बजे से सायं 04 बजे तक नाथपा बांध से 1000 क्यूमेक से 1500 क्यूमेक तक पानी छोड़ा जाएगा।

जलाशय के फ्लशिंग की अहम योजनाबद्ध गतिविधि के चलते लोगों से 11 अगस्त को नदी के किनारों के पास न जाने की अपील की गई है। इसके साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को नदी किनारे वाले क्षेत्र में जनता की पर्याप्त सुरक्षा के उपाय और जागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सतलुज नदी से निर्धारित दूरी बनाने के लिए सभी ग्रामीण प्रयास करें। इसके अलावा किसी भी प्रकार की



सहायता के लिए 94180-11368, 94180-27568 और 94180-02520 पर संपर्क करने कर सकते है। प्रदेश में भारी वर्षा से नदी-नाले उफान पर हैं। पिछले दिनों कुल्लू जिला के निरमंड उमण्डल स्थित श्रीखंड की चोटी पर बादल फटने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। बादल फटने से आए सैलाब ने शिमला और कुल्लू जिलों में तबाही मचा दी थी। सबसे ज्यादा नुकसान रामपुर के समेज में हुआ। समेज में आये सैलाब में लापता लोगों की तलाश जारी है। बचाव दलों ने शुक्रवार को तलाशी अभियान के नौवें दिन पांच शव बरामद किये हैं। इनमें चार शव सुन्नी डैम के समीप डोगरी क्षेत्र और एक शव रामपुर के नोगली से बरामद हुआ है। इनमें एक शव की ही शिनाख्त हो पाई है, वहीं अन्य शवों की क्षत-विक्षत अवस्था में होने की वजह से शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे के बाद अब तक 15 शव बरामद हुए हैं और 21 लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

## रायपुर महापौर का भाई और आईटीएस अधिकारी गिरफ्तार, शराब घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई

**रायपुर , एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में रायपुर के महापौर व कांग्रेस के नेता एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर और भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के एक निलंबित अधिकारी को दोबारा गिरफ्तार किया है।

केंद्रीय एजेंसी ने पिछले साल इस मामले में अनवर ढेबर और नौकरशाह अरुणपति त्रिपाठी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित ईडी की आईसीआईआर (प्राथमिकी) रद्द कर दी थी। इसके बाद एजेंसी ने नया मामला दर्ज किया था।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि दोनों को इस मामले में गुरुवार को दोबारा गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद रायपुर की एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम अदालत ने उन्हें 14 अगस्त तक




के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी के अनुसार, छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ था, जब राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार थी।

एजेंसी ने कहा है, छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के कारण राज्य के राजस्व को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट ने 2,100 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध धनराशि अर्जित की। एजेंसी के मुताबिक अनवर ढेबर वह दबंग व्यक्ति था जो राज्य के शीर्ष नौकरशाह व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा के साथ मिलकर शराब सिंडिकेट चलाता था।

ईडी ने दावा किया है कि इन दोनों ने ही पूरे घोटाले की योजना बनाई और अनिल टुटेजा के प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए अनवर ढेबर ने आबकारी विभाग में अपनी पसंद के अधिकारियों को नियुक्त किया और इस तरह वह वास्तविक आबकारी मंत्री बन गया। टुटेजा को भी इस मामले में संघीय एजेंसी ने इस साल की शुरुआत में गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि अनवर ढेबर ने रिश्वत-संग्रह का पूरा रैकेट चलाया और सरकारी दुकानों से बेहिसाब अवैध शराब बेचने के अभूतपूर्व घोटाले के लिए भी वही जिम्मेदार था।

## कांग्रेस नेत्री के बेटे को जिम में पकड़कर हिस्ट्रीशीटर ने छीनी कार, मांगी थी रंगदारी

**आगरा, एजेंसी।** आवास विकास कालोनी सेक्टर चार (जगदीशपुरा) निवासी कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश सचिव स्नेहलता का परिवार एक हिस्ट्रीशीटर की वजह से दहशत में है। हिस्ट्रीशीटर ने 50 हजार की रंगदारी मांगी थी। रुपये न देने पर उनके बेटे को जिम में पकड़ लिया। उससे चाभी छीनी और कार लेकर भाग गया। घटना का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जानकारी पर पुलिस ने मुकदमा लिखा है। पुलिस को कार मिल गई है। हिस्ट्रीशीटर की तलाश है।

घटना गुरुवार की शाम की है। स्नेहलता का छोटा बेटा अनंत आवास विकास कालोनी में ही जिम गया था। आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर कपाला उर्फ शिवम पटेल ने 50 हजार की रंगदारी मांगी थी। उन्होंने नहीं दी। हिस्ट्रीशीटर ने जिम में अनंत को पकड़ लिया। उसे धमकाया। कार की चाभी छीन ली। कार लेकर भाग गया। हिस्ट्रीशीटर के जिम में आने और कार लेकर जाने की घटना सीसीटीवी में कैद है। फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इंस्पेक्टर जगदीशपुर आनंदवीर सिंह ने बताया कि तहरीर पर छिनैती की धारा के तहत मुकदमा लिखा गया है। कपाला उर्फ शिवम जगदीशपुरा थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

## असम के कुछ जिले मिनी बांग्लादेश बन गए, तेजी से घट रही हिंदू आबादी: हिमंत बिस्वा सरमा

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने असम और बांग्लादेश के हिंदुओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि असम और बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी तेजी से घट रही है और जनसांख्यिकीय आक्रमण हो रहा है। सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में इसे लेकर जनगणना के आंकड़ों का हवाला दिया। उन्होंने आशंका जताई कि पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी स्थिति ऐसी ही होने की उम्मीद है। असम को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य के कुछ जिले मिनी बांग्लादेश में बदल गए हैं। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, असम और बांग्लादेश दोनों में हिंदू आबादी तेजी से घट रही है। 2021 की जनगणना के आंकड़े संभवतः अधिक विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। दोनों स्थानों की 2011 तक की आधिकारिक जनगणना के आंकड़े स्पष्ट रूप से जनसांख्यिकीय बदलाव को दर्शाते हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट के साथ एक ग्राफिक को भी शामिल किया। इसमें दिखाया गया कि असम में हिंदू आबादी घटकर 2011 में 61.47 प्रतिशत रह गई है, जो 1951 में 70.78 प्रतिशत थी।

## तकनीकी मदद के बहाने US के लोगों से ठगी; नोएडा से मास्टरमाइंड सहित 15 गिरफ्तार

**नोएडा एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-58 पुलिस ने शुक्रवार को तकनीकी मदद के नाम पर अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें तीन महिलाएं भी हैं। गिरोह के तीन अन्य सदस्य फरार हैं। एक साल में गिरोह ने 1200 से अधिक अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी की है। आरोपियों से 25 लैपटॉप और 16 मोबाइल समेत अन्य उपकरण बरामद हुए।

डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि गुरुवार रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर-59 के ए ब्लॉक स्थित एक मकान में ठगी का एक कॉल सेंटर चल रहा है। यहां से अमेरिकी नागरिकों से ठगी हो रही है। नोएडा में एक माह पहले ही यह कॉल सेंटर खोला गया था। इसके बाद कॉल सेंटर का पर्दाफाश करने के लिए टीम गठित की गई। पुलिस की टीम ने छापा मारकर मुंबई निवासी मास्टरमाइंड निखिल राणा, मुंबई निवासी मैनेजर वीरेंद्र रावत, ठाणे निवासी समीर, सेकंत शाह, मोहम्मद अली, शाहरूख खान, खान मोहम्मद दानिश, रीश, नुमेर, सुल्तानपुर निवासी शिवम यादव, गाजीपुर दिल्ली निवासी अरबाज, नागालैंड निवासी उबैद, मणिपुर की रहने वाली अमांडा, कविनय और नागालैंड निवासी वेनसोन को गिरफ्तार कर लिया। सरगना निखिल पूर्व में भी मुंबई समेत अन्य शहरों में कॉल सेंटर संचालित कर चुका है। उसका आपराधिक इतिहास भी है। गिरोह के तीन अन्य सरगना सामी, वसीम उर्फ वाहिद और मोंटू फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि गिरोह का सरगना फर्जी दस्तावेज के सहारे कागजों पर कुछ फर्म और कंपनी बनाता है। इन्हीं कंपनियों की आड़ में कॉल सेंटर खोलकर ठगी की जाती है। सेक्टर-59 में संचालित कॉल सेंटर भी ऐसा ही था। यहां से अमेरिकी नागरिकों से संपर्क किया जाता था और उनके कंप्यूटर और लैपटॉप पर पॉप अप वायरस डालकर तकनीकी सहायता का झांसा दिया जाता था। तकनीकी सहायता के नाम पर ये लोग अलग-अलग सॉफ्टवेयर के माध्यम से उनके लैपटॉप कंप्यूटर को हैक कर लेते थे और विदेशी नागरिकों के ऑनलाइन



खाते या क्रेडिट कार्ड का डिटेल लेकर रुपये की ट्रांजेक्शन किराये पर लिए गए विदेशी अकाउंट में कर लेते थे। जिन तीन युवतियों अमांडा, वेनसोन और कविनय को गिरफ्तार किया गया है, वे इतनी अच्छी अंग्रेजी बोलती है कि अमेरिकी नागरिक शक तक नहीं कर पाते कि उनसे कोई भारतीय युवती बात कर रही है। इसके लिए युवतियों को बाकायदा प्रशिक्षण दिलाया जाता था। गिरोह का सरगना और उसके फरार साथी महज दसवीं पास हैं। मोंटू और वसीम किराये पर अमेरिकी लोगों का डाटा खरीदता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


# जेंडर विवाद के बीच ईमान खलीफा ने जीता गोल्ड

## बायोलॉजिकल मेल होने लगा था आरोप



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अल्जीरिया की महिला बॉक्सर ईमान खलीफा ने पेरिस ओलंपिक 2024 में गोल्ड मेडल जीत लिया है. बीते शुक्रवार को ईमान खलीफा ने वुमेंस 66 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड अपने नाम किया. अल्जीरिया की महिला बॉक्सर जेंडर विवाद को लेकर खूब चर्चाओं में रहीं. ईमान खलीफा पर यहां तक बायोलॉजिकल मेल होने का भी आरोप लगाया गया. ईमान ने चीन की यांग लियू के खिलाफ फाइनल मुकाबले में गोल्ड मेडल जीता. हालांकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी का मानना था कि वह उनके मानकों पर खरी उतरती हैं, जिसके चलते उन्हें प्रतियोगिता में हिस्सा लेने दिया गया. ईमान ने अंतत÷गोल्ड मेडल जीता. लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि ईमान के खिलाफ अलग-अलग मैचों में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग देशों की महिला बॉक्सर ने आवाज़ उठाई थी.

ईमान खलीफा ने 16वें राउंड का मैच इटली की बॉक्सर एंजेला कैरिनी के खिलाफ खेला था. ईमान खलीफा के सामने इटली बॉक्सर ने कुछ सेकेंड में ही मुकाबला छोड़ दिया था और वह रिंग से बाहर चली गई थीं. इसक बाद ईमान खलीफा ने फाइनल तक अपने सभी मैच एक तरफा जीते. क्वार्टर फाइनल में ईमान खलीफा का भिड़ंत हंगरी की ल्यूका अन्ना हामारी से हुई थी. इस मैच में ईमान खलीफा ने 5-0 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी. फिर सेमीफाइनल में अल्जीरिया की बॉक्सर ने थाईलैंड की जंजेम सुवानाफेंग को 5-0 से दी शिकस्त दी थी.

### फाइनल में भी एकतरफा हासिल की जीत

सेमीफाइनल में शानदार जीत दर्ज करने वाली ईमान खलीफा ने फाइनल में भी एकतरफा जीत हासिल की. गोल्ड मेडल के लिए खेले गए फाइनल में ईमान ने चीन की यांग लियू को 5-0 से हराया. इस तरह उन्होंने विवादों के बीच पेरिस ओलंपिक में गोल्ड जीता. गौरतलब है कि ईमान खलीफा को 2023 में हुई वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया था. एलिजिबिलिटी मानदंडो को पूरा करने में नाकाम साबित हुई थीं, जिसके चलते उन्हें बाहर होना पड़ा था.

पेरिस ओलंपपिक

## पेरिस ओलंपिक में ट्रैक साइक्लिंग महिला स्प्रिंट में बना नया विश्व रिकॉर्ड



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में ट्रैक साइकिलिंग में महिलाओं के स्प्रिंट इवेंट में जर्मनी की ली फ्रेडरिक ने शुक्रवार को नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। फ्रेडरिक ने क्वालीफिकेशन राउंड में 200 मीटर की दूरी सिर्फ 10.029 सेकंड में पूरी की। इससे पहले न्यूजीलैंड की एलेस एंड्रयूज ने पांच मिनट पहले ही 10.117 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन फ्रेडरिक ने इसे तोड़ दिया। ब्रिटेन की विश्व चैंपियन एम्मा फिनुकेन भी एंड्रयूज से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10.067 सेकंड में दूरी तय की और क्वालीफिकेशन में दूसरा सबसे तेज समय दर्ज किया।

इसके अलावा, चीन की बाओ शानजू 10.744 सेकंड के समय के साथ हेड-टू-हेड रेस के पहले राउंड के लिए क्वालीफाई किया।पेरिस ओलंपिक में रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इससे पहले 9 अगस्त को ही पाकिस्तान के अरशद नदीम ने भी भाला फेंक प्रतियोगिता में सबसे लंबी थ्रो फेंकने का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया था। अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक पुरुष भाला फेंक प्रतियोगिता में 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

नदीम ने अपने अंतिम प्रयास में 91.79 मीटर के एक और शानदार थ्रो के साथ इस इवेंट का समापन किया। इससे पहले यह ओलंपिक रिकॉर्ड डेनमार्क के एंड्रियास थोर्किल्डसेन के नाम था, जिन्होंने 2008 बीजिंग में 90.57 मीटर का थ्रो किया था। पुरुष भाला फेंक प्रतियोगिता में ओवरऑल विश्व रिकॉर्ड जान जेलेजनी के नाम है, जिन्होंने 98.48 मीटर के थ्रो के साथ कमाल किया था।

# कांस्य पदक जीतकर स्वदेश लौटी भारतीय हॉकी टीम

### ढोल-नगाड़ों से दिल्ली एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को स्वदेश लौट आई। दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों से भव्य स्वागत हुआ। भारतीय खिलाड़ियों के इंतजार में फैंस सुबह से ही एयरपोर्ट के बाहर जमा हो गए थे।

भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने वापसी के बाद दिल्ली एयरपोर्ट के बाहर जमकर जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों की थापों पर सब जमकर थिरके और पदक जीतने की खुशी मनाई। इस दौरान हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने पीआर श्रीजेश के समापन समारोह में ध्वजवाहक चुने जाने पर बात की।

उन्होंने कहा, ÷वह (पीआर श्रीजेश) इसके हकदार थे (ओलंपिक के समापन समारोह में ध्वजवाहक बनने के लिए)। अगर भारत सरकार और भारतीय ओलंपिक समिति ने उन्हें यह अवसर दिया है, तो हॉकी इंडिया उनका शुक्रिया अदा करता है... यह एक शानदार जीत थी, लगातार दो पदक जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन, हमारा लक्ष्य फाइनल खेलना था, लेकिन रेफरी की गलती से अमित रोहिदास को बाहर बैठाने की वजह से हमें हार का सामना करना पड़ा और इसलिए हम कांस्य पदक के साथ यहां हैं, अन्यथा पदक का रंग बदल दिया जाता। भारतीय हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल का पदक का सूखा समाप्त किया था और मनप्रीत सिंह की अगुआई में कांस्य पदक जीता था। पेरिस में भारत ने अपने पदक को बरकरार रखा। भारत ने कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन को 2-1 से हरा दिया। इससे पहले सेमीफाइनल में भारत को जर्मनी के हाथों 3-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने 1980 में मॉस्को ओलंपिक के बाद से इन खेलों में अब तक स्वर्ण नहीं जीता है। ओलंपिक में जिस खेल में भारत को सबसे ज्यादा सफलता मिली है वो हॉकी ही है। भारत अब तक हॉकी में कुल 13 पदक जीत चुका है जिसमें आठ स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।



## राजस्थान के कोच बन सकते हैं राहुल द्रविड़, श्रीलंकाई दिग्गज को कर सकते हैं रिप्लेस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जिताने के बाद राहुल द्रविड़ हेड कोच की जिम्मेदारी से मुक्त हो चुके हैं। द्रविड़ की जगह गौतम गंभीर टीम इंडिया के नए कोच की भूमिका संभाल रहे हैं। ऐसे में राहुल द्रविड़ के IPL में वापसी के संकेत मिल रहे हैं। दरअसल, इंग्लैंड के व्हाइट बॉल टीम के कोच के लिए राजस्थान रॉयल्स के मौजूदा कोच कुमार संगकारा का नाम खबरों में चल रहा है। अगर संगकारा इंग्लैंड टीम से जुड़ते हैं तो द्रविड़ राजस्थान टीम के कोच के लिए प्रबल दावेदार हो सकते हैं। द्रविड़ इससे पहले भी राजस्थान रॉयल्स के कोच रह चुके हैं।

संगकारा से हाल ही में इंग्लैंड मीडिया ने इंग्लैंड टीम से जुड़ने को लेकर सवाल किया था और उन्होंने इस बात को पूरी तरह से खारिज भी नहीं किया, हालांकि उन्होंने कहा कि वह रॉयल्स के साथ सहज हैं। उन्होंने कहा, ठीक है, मुझे पता है कि मेरा नाम चल रहा है, लेकिन मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड के कोच के लिए किसी के लिए भी एक रोमांचक संभावना है, लेकिन वहां बहुत सारे अच्छे उम्मीदवार हैं। मैं इस समय बहुत खुश हूं। राजस्थान रॉयल्स का अनुभव बहुत संतोषजनक रहा है और यह एक ऐसी नौकरी है जिसका मैंने पिछले चार वर्षों में वास्तव में आनंद लिया है। संगकारा को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मैनेजिंग डॉयरेक्टर रॉब की का करीबी माना जाता है। इसके अलावा, रॉयल्स में संगकारा और इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर के बीच काफी अच्छे रिश्ते हैं। यही वजह है कि संगकारा अगर भविष्य में इंग्लैंड की लिमिटेड ओवर टीम के कोच बनते हैं तो किसी को कोई हैरानी नहीं होगी। ईसीबी ने कहा कि पिछले कोच मैथ्यू मॉट के हाल ही में पद छोड़ने के बाद चयन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।

# नदीम को अपने लोगों ने ही परेशान कर दिया, पाकिस्तानी एम्बेसी में गजब हो गया !

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर अरशद नदीम इस वक्त पाकिस्तान के हीरो बन चुके हैं. हर कोई उनसे मिलना चाह रहा है. उनके साथ सेल्फी लेना चा रहा है, उनका इंटरव्यू करना चाह रहा है. रातों रात वो एक बड़े स्टार हो गए हैं. इसके बावजूद पेरिस में वो बेबस नजर आए. उनके अपने लोगों ने ही इतना परेशान कर दिया कि वो कुछ नहीं कर पाए और घंटों इंतजार करना पड़ा. पेरिस में मौजूद पाकिस्तानी एम्बेसी में उनके साथ जो कुछ भी हुआ वो हैरान कर देने वाला है. अपने स्टार एथलीट के साथ ऐसा सलूक शायद सिर्फ पाकिस्तान ही कर सकता है. आप सोच रहे होंगे कि आखिर ऐसा क्या हो गया. तो आइये आपको बताते हैं कि पूरा मामला क्या है.

### पेरिस में मजबूर नजर आए अरशद

पाकिस्तान को ओलंपिक में मेडल जीते हुए 32 साल हो गए थे. वहीं गोल्ड मेडल को 40 साल बीत चुके थे. इससे पहले 1992 के बार्सिलोना ओलंपिक में पाकिस्तान ने ब्रॉन्ज और 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में गोल्ड जीता था. इस सूखे को अब अरशद नदीम ने खत्म किया है. उन्होंने ना सिर्फ गोल्ड मेडल जीता बल्कि जैवलिन थ्रो के फाइनल में 92.97 मीटर के साथ ओलंपिक रिकॉर्ड भी बनाया. इसके बाद से ही पूरे पाकिस्तान में उनके नाम की गूंज है. हालांकि, इसके बावजूद उन्हें पेरिस में परेशान होना पड़ा है. पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अरशद नदीम को पेरिस में मौजूद पाकिस्तानी एम्बेसी में घंटों तक बैठाकर रखा गया. वो पूरी तरह से थक चुके थे और उन्हें जरा भी रुकने का मन नहीं था. फिर भी पाकिस्तान की एम्बेसी ने उन्हें वहां से निकालने के बजाय सेल्फी और तस्वीरों के लिए घंटों इंतजार करवाया.



### अरशद के गांव में सड़क तक नहीं

अरशद नदीम पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मियां चुन्नू में रहते हैं. उनके गांव में ना तो पक्की सड़क है और ना ही कोई सुविधाएं हैं. वहीं उनके पिता मिस्त्री हैं और लोगों के घरों की मरम्मत करते हैं. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान की सरकार अपने स्टार खिलाड़ी को किस तरह की सुविधा दे रही थी. इतना ही नहीं ओलंपिक से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें तैयारी के लिए केवल 10 लाख रुपए की मदद की थी. और, मेडल जीतने के साथ इस तस्वीर को शेयर भी कर दिया, जिसके बाद वो जमकर ट्रोल हुए.

## मिस्र पहलवान अलसायेद यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

**पेरिस, एजेंसी।** कार्यालय ने पहलवान का नाम नहीं बताया लेकिन कहा कि वह मिस्र में पैदा हुआ था और ओलंपिक में भाग लेने के लिए पेरिस में था। मिस्र कुश्ती महासंघ ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने आए मिस्र के एक पहलवान को यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया। फ्रांस के अभियोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पेरिस अभियोजक के कार्यालय के एक बयान के अनुसार एक 26 वर्षीय एथलीट को पेरिस कैफे के बाहर एक महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के कारण शुक्रवार सुबह हिरासत में लिया गया था। कार्यालय ने पहलवान का नाम नहीं बताया था, लेकिन यह कहा गया कि वह मिस्र में पैदा हुआ था और ओलंपिक में भाग लेने के लिए पेरिस में था। मिस्र कुश्ती महासंघ ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई कि उस पहलवान का नाम अलसायेद है और मिस्र ओलंपिक समिति ने भी इसकी पुष्टि की।



## एक नजर

### पृथ्वी दिवस पर धरती को बचाने का लिया संकल्प, किया पौधारोपन

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर मध्य विद्यालय बेला के प्रांगण मे 'जल-जीवन-हरियाली अभियान' के तहत धरती को बचाने के संकल्प के तहत पौधारोपण का अभियान चलाया गया। इसमे बिद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार के नेतृत्व मे सभी शिक्षक भी शामिल हुए। इस दौरान दर्जनों फलदार बृक्ष लगाए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने स्कूल में अर्थ डे मनाते हुए बच्चों को पृथ्वी दिवस के बारे में बताया और बच्चों से भी पौधारोपण भी करवाया गया। बच्चे काफी खुश नजर आए। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में पौधों के महत्व की जानकारी दी।

### क्षतिग्रस्त तटबंधों की शीघ्र मरम्मत कराएं सिंचाई सृजन के मुख्य अभियंता : विधायक

**कुटुम्बा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** कुटुम्बा के विधायक राजेश कुमार ने जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता(सिंचाई सृजन) को पत्र लिखकर बटाने राईट कैनाल में देव के दुलारे और आसपास क्षतिग्रस्त तटबंध की शीघ्र मरम्मत कराने को कहा है। विधायक ने पत्र में कहा है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसानों ने उन्हे अवगत कराया कि हड़ियाही सिंचाई परियोजना के मुख्य नहर से बटाने राईट कैनाल से वर्षा का पानी लंगुराही तक निर्बाध रूप से पहुंच रहा है और वहां के कृषकों की भूमि सिंचित हो रही है। वही लंगुराही से थोड़ी ही दूरी पर दुलारे के आसपास नहर का तटबंध कई जगहों पर क्षतिग्रस्त है। क्षतिग्रस्त तटबंधों को कुछ ही राशि खर्च कर मरम्मत करा देने से दुलारे, गोल्हा, कर्मा एवं भलुआही समेत दर्जनों गांवों के खेत सिर्फ वर्षा के पानी से पूर्णतः सिंचित हो सकेंगे। किसानों के हित में इस नहर से हर खेत में पानी पहुंचाने के लिए मरम्मत का कार्य शीघ्र कराएं ताकि धान की खेती हो सके।

### औरंगाबाद में जिला बीस सूत्री कमिटी गठित

**औरंगाबाद (का.सं.)।** बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने औरंगाबाद जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक सूचना प्रौवैधिकी, लघु जल संसाधन एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सुमन समिति के अध्यक्ष बनाए गए है। वही जदयू के जिलाध्यक्ष व रफीगंज के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा को समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

# हर घर सजेगा तिरंगा, डीएम ने मुहिम को सफल बनाने को लेकर की बैठक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के 'हर घर तिरंगा-2024' कार्यक्रम' को सफल बनाने के निर्देश के आलोक में औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शनिवार को एक बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि संस्कृति मंत्रालय दिशा निर्देश के आलोक में हम लोगों को मुख्यतः चार गतिविधियां आयोजित करनी है। इसमें सर्वप्रथम जिला मुख्यालय में तिरंगा यात्रा निकाला जाना है। तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को प्रातः 8:00 बजे गेट स्कूल से गांधी मैदान तक जाएगी जिसमें बृहद रूप से सभी जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, एनसीसी, स्काउट-गाइड्स एवं पदाधिकारी हाथ में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा के गांधी मैदान पहुंचने के बाद तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे, जहां लोग किसी भी भारतीय भाषा में हर घर तिरंगा और जय हिंद लिख सकेंगे। कैनवास का डिजाइन राष्ट्रीय ध्वज के समान 3 : 2 में होगा। इसके अतिरिक्त हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी घरों में तिरंगा झंडा फहराया जाना है। इसके लिए नगर परिषद एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा सभी घरों में तिरंगा उपलब्ध कराया जाएगा। तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले सभी लोगों को ध्वज फहराने और तिरंगा के साथ सेल्फी लेने के बाद हर घर डॉट कॉम वेबसाइट पर अपलोड किया जा सकेगा। साथ में सोशल मीडिया पर हैश टैग हर घर तिरुंगा और हैश टैग एचजीटी 2024 के साथ साझा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता ललित रंजन भूषण, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर एसडीपीओ, वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी, श्वेता प्रियदर्शी, डीपीएम स्वास्थ्य अनवर आलम, डीपीएम जीविका सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने की सभी विभागों के प्रधान सहायकों के साथ मासिक बैठक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सभी विभागों के प्रधान सहायकों के साथ मासिक बैठक की। बैठक में डीएम ने उनके कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सबसे पहले जिलाधिकारी ने बैठक से अनुपस्थित प्रधान सहायकों से स्पष्टीकरण मांगा एवं एक दिन का वेतन बंद करने का निर्देश दिया। पिछले महीने की बैठक में अनुपस्थित प्रधान सहायकों द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने पर डीएम काफी गंभीर दिखे और उनका अगले आदेश तक वेतन बंद करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी प्रधान सहायकों को कार्य करने की शैली को बेहद सरलतापूर्वक समझाया तथा अपने कार्यालय के कर्मचारियों के द्वारा किए गए कार्यों को समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सीडबल्यूजेसी, एमजेसी, डीसी विपत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र, लोकायुक्त से संबंधित मामलों, जिला आपदा प्रबंधन से संबंधित मामलों, लोक शिकायत, लोकसभा एवं विधानसभा से संबंधित प्रश्न, पेंशन, सेवांत लाभ, सामाजिक सुरक्षा एवं आरटीपीएस सहित अन्य मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिस कार्यलय में सीडबल्यूजेसी, एमजेसी से संबंधित लंबित मामले की संख्या अधिक पाई गई, उस पर जिलाधिकारी ने खेद प्रकट करते हुए इसके निष्पादन हेतु एसओएफ तैयार कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त कार्यालय के सभी पंजी यथा क्रम पुस्तिका, इंडेक्स रजिस्टर, प्राप्त पत्र पंजी आदि को संघारित करने एवं लंबित पत्रों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में स्थापना और उप समाहर्ता सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद एवं सभी विभाग के प्रधान सहायक मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर विधिक संघ ने की बैठक



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला विधिक संघ, औरंगाबाद की शनिवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की जबकि संचालन महासचिव जगनारायण सिंह ने किया। बैठक में अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर महासचिव जगनारायण सिंह झंडोत्तोलन करेंगे। बैठक में झंडोत्तोलन कार्यक्रम और प्रसाद वितरण कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करने पर चर्चा की गई। बैठक में महासचिव ने बताया कि विगत कई वर्षों से लंबित बिजली बिल जून 2024 तक 868949 भुगतान कर दिया गया है। पहले का बाकी अब शेष नहीं है। इसमें काफी ब्याज लगता था। उन्होंने बताया कि संघ में लायर्स भवन का निर्माण शीघ्र ही शुरू होगा। इसके लिए संघ की आमसभा में सर्वसम्मति से निर्णय लें लिया गया है। बैठक में कार्यसमिति सदस्यों ने व्यवहार न्यायालय में सबजज और प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारियों की कम संख्या पर चिंता जताई। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, सुर्दशन यादव, यमुना प्रसाद सिंह, सतीश कुमार स्नेही, पवन कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह एवं घनश्याम ठाकुर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा का सम्मान समारोह

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शनिवार को सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन एवं विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों ने शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के शिक्षा संकाय के डीन बनाए जाने के उपलक्ष्य में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्राचार्य को अंगवस्त्र, बुके और मोमेंटो भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगणों और कर्मचारियों ने प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में संतोष तिवारी, कौशल किशोर, डॉ. अभय, छोटेलाल यादव, डॉ. भूषण कुमार, किरण कुमारी, सुनीता कुमारी, संतोष कुमार, शक्ति कुमार, संतोष गुप्ता, प्रवीण दुबे, अशोक कुमार सिंह, एहसान अख्तर, शशि कांत कुमार, मनोज कुमार सिंह (लेखपाल), और बादल कुमार शामिल थे।

सम्मान समारोह के उपरांत, डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में महाविद्यालय के भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आयोजन किया गया, जिसमें 9 से 15 अगस्त 2024 तक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के माननीय कुलाधिपति के निर्देशों का पालन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने महाविद्यालय के छत पर ध्वजारोहण कर सेल्फी ली और फोटो अपलोड किया। इस कार्यक्रम में कमलेश कुमार सिंह, एम. एम. अंसारी, डॉ. योगेन्द्र कुमार सिंह, बहादुर भीम कुमार सिंह, मनजीत कुमार, सौरभ सुमन, शक्ति कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, राजेश मिश्रा, रमाकांत कुमार, हीरालाल यादव, जयप्रकाश कुमार, नंदलाल कुमार समेत कई शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

# केवाईपी में एडमिशन के लिए हुआ ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन



निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के महुली स्थित उच्च विद्यालय में बिहार सरकार द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम में नामांकन हेतु प्रचार अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मैट्रिक पास छात्र-छात्राओं के साथ एक बैठक का आयोजन स्कूल के प्रधानाध्यापक शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर हसपुरा केवाईपी सेंटर के शम्भू शरण सत्यार्थी, कृष्णा सिंह, सुशील कुमार और ज्ञान रंजन ने केवाईपी में नामांकन हेतु प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाध्यापक शशि रंजन ने छात्र-छात्राओं को बताया कि जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने पत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि मैट्रिक का प्रमाण पत्र तभी मिलेगा, ज़ब केवाईपी रजिस्ट्रेशन का रसीद विद्यालय में दिखाया जाएगा। इस अवसर पर ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया गया। जिनका रजिस्ट्रेशन हो गया है, उनका वेरिफिकेशन डीआरसीसी औरंगाबाद में किया जाएगा, जिसमें केवाईपी के स्टाफ सहयोग प्रदान करेंगे।

# पूर्व सांसद ने हर घर तिरंगा मुहिम के तहत अवाम से की अपने घरों में राष्ट्रध्वज लगाने की अपील

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** पूर्व सांसद सह भाजपा नेता सुशील कुमार सिंह ने औरंगाबादवासियों से 10 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा' मुहिम को मजबूत करने की अपील की है। पूर्व सांसद ने कहा कि इस अभियान का मकसद हर भारतीय को तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित कर सभी लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को पैदा करना है। कहा कि 22 जुलाई 1947 को ही तिरंगे को राष्ट्रध्वज के रूप में अपनाया गया था। हम उन सभी लोगों को याद करें जिन्होंने हमारे देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आज हम उन सभी लोगों के साहस और प्रयासों को याद करते हैं जिन्होंने उस समय स्वतंत्र भारत के लिए एक ध्वज का स्वप्न देखा था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' मुहिम अभियान की शुरूआत की गई हैं। आज से 15 अगस्त के बीच लोगों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तिरंगे का इस्तेमाल 'प्रोफाइल' तस्वीर के तौर पर करने के लिए प्रेरित करना है अभियान की शुरूआत हो गई है। लोगों से अपील है कि देश के गौरव और सम्मान का प्रतीक तिरंगा फहराए और हर घर तिरंगा अभियान में भाग ले। हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा, हर मन तिरंगा, हर मकसद तिरंगा, हर सपना तिरंगा होना चाहिए। इस अभियान के तहत सभी घरों पर तिरंगे फहराए जाएंगे। सभी लोगों से 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा आंदोलन में शामिल होने और भारतीय तिरंगा फहराने का भी उन्होने आग्रह किया।

# जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की भौतिक बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शनिवार को जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति, औरंगाबाद की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की भौतिक बैठक आयोजित की गई, बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन औरंगाबाद, पुलिस उपाधीक्षक यातायात औरंगाबाद, परियोजना निदेशक एनएचएआई सासाराम के सदस्य, एनएच-139 के सदस्य, एनएच-120 के सदस्य, एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े का विश्लेषण के क्रम में औरंगाबाद जिला अन्तर्गत माह जुलाई-2024 तक कुल मृतक की संख्या-173 तथा घायल की संख्या-104 है, जो अत्यंत ही चिंता का विषय है। इस संबंध में सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों के पास साईनेज/बोर्ड एवं रम्बल स्ट्रीप आदि लगाना सुनिश्चित करेंगे। यातायात नियमों के उल्लंघन के दौरान अप्रैल-2024 से अब तक जिला परिवहन पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा 830000 रूपया लक्ष्य के विरूद्ध 44212193 रूपया की शमन की राशि वसूल की गई है तथा मोटरयान निरीक्षक एवं प्रर्वतन अवर निरीक्षक, औरंगाबाद द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध कम वसूली हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा खेद प्रकट किया।

हिट एंड रन से संबंधित मामले में औरंगाबाद जिला अन्तर्गत 01.04.2022 से प्राप्त कुल आवेदन-215 में से जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा 203 मामले को स्वीकृत कराकर जीआईसी, मुमाई को भेजा गया है, जिसमें से 190 लाभुकों को उनके खाते में भुगतान कर दिया गया है। नन हिट एंड रन से संबंधित मामले में औरंगाबाद जिला से मामले का निष्पादन हेतु कुल 94 (चौरानबे) मूल संचिका को ट्रिब्यूनल कोर्ट, गया में भेजा गया है।

### शिवपूजन सहाय के 131वीं जयंती पर साहित्य संवाद का आयोजन

**जम्होर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में संस्था के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर भारत के महान साहित्यकार आचार्य शिवपूजन सहाय की 131 वीं जयंती के मौके पर साहित्य संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने संवाद करते हुए कहा कि आचार्य शिवपूजन सहाय ने बिहार की धरती से साहित्य सृजन की शुरुआत करते हुए कोलकाता में पत्रकारिता की शुरुआत की। लखनऊ से निकलने वाली विभिन्न पत्रिकाओं का संपादन किया।

# पटरी पार करने में ट्रेन से कटकर युवक की हुई मौत

निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर के वार्ड संख्या तीन मुंशी मुहल्ला निवासी 70 वर्षीय अशरफ अंसारी का शनिवार की सुबह अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर नगर पर्षद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गणेश प्रसाद समेत अन्य वार्ड पार्षदों ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया। बताया जाता है कि अशरफ अंसारी कोलकाता में होटल चलाते थे और वह कहीं घूमने के लिए गए थे। घूम कर वापस दाउदनगर लौट रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी और बच्चे भी थे ।उन्होंने पत्नी और बच्चों को सामान के साथ प्लेटफार्म से स्टेशन पार करने के लिए कहा। सीढ़ीयों पर चढ़ने में असमर्थ रहने के कारण प्लेटफार्म के नीचे से ही पटरी पार करने लगे।

उन्होंने नीचे उतर कर पटरी को पार करना चाहा। तभी विपरीत दिशा से आने वाले एक ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। स्टेशन पर ही उनकी पत्नी और बच्चों ने यह हादसा देखा तो वे बेहोश हो गए। किसी प्रकार स्थानीय लोगों ने पत्नी को होश में लाया ।उन्होंने अपने घर से एक चार पहिया वाहन को भी बुलाया था। रेल जीआरपी ने कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए उनके शव का पोस्टमार्टम कराया।

# हसपुरा में श्री गणपति उत्सव कमिटी का गठन

निज संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा के श्रीराम जानकी धर्मशाला के प्रांगण में शुक्रवार की रात श्री भास्कर नगर सेवा समिति की एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता गया प्रसाद ने की। बैठक में 11वीं श्री गणपति पूजा उत्सव को सफल व भव्य बनाने और कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने को लेकर नई कमिटी का गठन किया गया। कमिटी में सर्वसम्मति से पिंटू चौधरी को पुनः अध्यक्ष चुना गया जबकि मुरारी केशरी को उपाध्यक्ष, सौरभ ज्वाला को सचिव, रंजन कुमार को उप सचिव, जयप्रकाश को कोषाध्यक्ष एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य बैजू कुमार को पूजा व्यवस्थापक सह पूजा मंत्री, बैजनाथ प्रसाद, जयप्रकाश साव, महेश कुमार, मनोज प्रसाद को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। बैठक में दस दिवसीय कार्यक्रम को सफल व पहले की अपेक्षा भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिये श्री भास्कर नगर सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तत्पर रहने का भरोसा दिलाया। बैठक में बिटन मेहता, अनिल कुमार, गांधी कुमार, राजेश गुप्ता, गोलू सत्या, अविनाश कुमार, गोविन्द केशरी सहित अन्य लोग शामिल थें। गौरतलब है कि हसपुरा में दस दिवसीय श्री गणपति पूजा उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। प्रत्येक दिन शाम को महाआरती व प्रसाद का वितरण किया जाता है। महिला श्रद्धालुओं के भीड़ बहुत ज्यादा होती है। क्षेत्र के दूरदराज के लोग यहां पूजा करने आते हैं।

# पर्यावरण संरक्षण की ली गयी शपथ

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शुक्रवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर औरंगाबाद के मध्य विद्यालय बसडीहा कला में ग्यारह सूत्री संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ने किया। जल जीवन हरियाली योजना के तहत, शिक्षकों और बाल संसद के सदस्यों ने वृक्षारोपण किया और गमलों में नए सुंदर पौधे लगाए। इस अवसर पर आयोजित चेतना सत्र में शिक्षक और बच्चों ने ग्यारह सूत्री संकल्प के माध्यम से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता फैलाने की शपथ ली। इनमें वृक्षारोपण और उनके संरक्षण, जल का समुचित उपयोग और प्रबंधन, बिजली का आवश्यकता अनुसार उपयोग, स्वच्छता के प्रति जागरूकता, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार, जीव-जंतुओं के प्रति सहिष्णुता, और खुले में शौच से बचने के लिए शौचालय के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। इस संकल्प के माध्यम से विद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

**प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय की प्रगति को मिल रहीं नई ऊंचाइयां, राष्ट्रीय फलक पर रौशन होता महाविद्यालय**

# सिन्हा कॉलेज में इस माह छात्र-उन्मुख कार्यक्रमों का आयोजन, आईआईटी कॉलेज से हुआ एमओयू

विशेष संवाददाता | औरंगाबाद

मगध के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में अगस्त 2024 का महीना विशेष उपलब्धियों और कार्यक्रमों से भरा रहेगा। महाविद्यालय में प्रस्तावित विभिन्न छात्र-उन्मुख कार्यक्रमों की श्रृंखला इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान देगें जो इस माह आयोजित होने वाले हैं। इस सारे आयोजन के पीछे प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा का कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता है, जिनके अथक प्रयासों से महाविद्यालय को नया रूप मिला है और यह आज राष्ट्रीय फलक पर अपनी चमक बिखेर रहा है।

**IIT मुंबई के साथ फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम :** हाल ही में IIT मुंबई के साथ हुए महत्वपूर्ण एमओयू के तहत, सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के शिक्षकों को नए और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना है, ताकि वे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। डॉ. मिश्रा के नेतृत्व में महाविद्यालय ने शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया है, जो उनके समर्पण और दूरदर्शिता का प्रमाण है।

**IIT खड़गपुर के विद्वान शिक्षकों से लाभ :** भौतिकी विभाग में IIT खड़गपुर के विद्वान शिक्षकों द्वारा ऑफलाइन कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। यह पहल छात्रों को उत्कृष्ट संस्थानों के विचारों से अवगत कराने और उन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम से छात्रों को श्रेष्ठ शैक्षिक अनुभव मिलेगा और वे भविष्य में उच्च उपलब्धियों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

**बिहार हेरिटेज कॉनक्लेव 2024 :** बीते 18 अप्रैल 2024 को आयोजित बिहार हेरिटेज कॉनक्लेव 2024 के रिपोर्ट कार्ड को प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा और हेरीटेज सोसायटी पटना के महानिदेशक डॉ. आशुतोष आनंद ने संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. कमलेश कुमार सिंह, डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह, आदित्य कुमार, और राजेंद्र कुमार सहित अन्य प्रमुख सदस्य भी इस आयोजन में सम्मिलित थे।

### डिजिटल लाइब्रेरी और आउटरीच कार्यक्रम

महाविद्यालय में जल्द ही डिजिटल लाइब्रेरी का संचालन प्रारंभ होगा, जिससे छात्रों को अत्याधुनिक शैक्षिक सामग्री उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त, आउटरीच प्रोग्राम के तहत, सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय और हेरीटेज सोसायटी पटना के संयुक्त तत्वावधान में 27 दिसंबर 2024 को पटना के सरदार पटेल भवन में वर्ल्ड हेरिटेज डे 2024 का आयोजन होगा। इन सभी कार्यक्रमों की रुपरेखा प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष बहादुर भीम कुमार सिंह तैयार कर रहे हैं।

### स्टूडेंट डेवलपमेंट सेशनः स्टार्टअप और वित्तीय साक्षरता पर जोर

स्टूडेंट डेवलपमेंट सेशन के अंतर्गत महाविद्यालय में स्टार्टअप कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राएं भाग लेंगें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। इसके साथ ही, फाइनेंशियल लिटरेसी प्रोग्राम के तहत इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्रों को वित्तीय जानकारी मिलेगी और वे आर्थिक रूप से जागरूक बन सकेंगे।

### प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा का अमूल्य योगदान



डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं। उनके कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय ने न केवल शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार किया है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए भी कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया है। उनके प्रयासों से महाविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। प्लेसमेंट ड्राइव, वेबिनार, और अन्य शैक्षिक गतिविधियों का नियमित आयोजन, जो छात्रों के विकास में सहायक है, उनके नेतृत्व की प्रमुख विशेषताएं हैं। डॉ. मिश्रा के योगदान से महाविद्यालय आज राष्ट्रीय फलक पर चमक रहा है और इसे एक आदर्श शैक्षणिक संस्थान के रूप में स्थापित कर रहा है।